ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आषाढ़ कृष्ण पक्ष 03 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 07 जून 2023 • वर्ष-29 • अंक-231 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

ऑस्ट्रेलिया अब भारत को हल्के में नहीं ... पेज 12 पर



## राजधानी में युवक की गोली मारकर हत्या, गैंगवार की आशंका



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के एदलहातु में बिट्टू खान नाम के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार बिट्टू खान एदलहातु के टोंटे चौक के पास स्थित सरना स्थल के पास खड़ा था। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने उस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, बिट्टू खान को 4 से ज्यादा गोलियां लगी इसके बाद अन्य लोगों ने उसे आनन-फानन में अस्पताल भेजा लेकिन वहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। गोलीबारी की सूचना पाकर बरियातू पुलिस मौके पर पहुंच मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है शहर से बाहर जाने वाले रास्तों को सील कर पुलिस चेकिंग अभियान चला रही है। मिली जानकारी के अनुसार बिट्टू खान हाल में ही जेल से बाहर आया था। आशंका है कि गैंगवार को लेकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है।

**छह महीने पहले ही जेल से निकला था बिट्टू :** बिट्टू खान पर कुख्यात गैंगस्टर कालू लामा की रेकी कर हत्या कराने का आरोप लगा था। उस दौरान बिट्टू खान को गिरफ्तार कर लिया गया था। छह महीना पहले ही वह जेल से बाहर आया था। बिट्टू खान कालू लामा गिरोह के निशाने पर था। मंगलवार को जैसे ही कालू लामा गिरोह के गुर्गों को मौका मिला उन्होंने बिट्टू खान के घर से कुछ ही दूरी पर उसे गोलियो से भून डाला।

**मोराबादी मैदान में हुई थी कालू लामा की हत्या :** गौरतलब है कि दो साल पहले रांची के मोराबादी मैदान में कालू लामा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। लव कुश शर्मा गिरोह के द्वारा कालू लामा की हत्या करवाई गई थी। बिट्टू खान पर आरोप था कि उसी ने रेकी कर अपराधियों को यह बताया था कि कालू लामा मोराबादी स्थित शिबू सोरेन के आवास के पास बैठा हुआ है जिसके बाद उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### महाराजगंज में व्यवसाई को गोली मारने का प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज से सटे सीमावर्ती बिहार के कुटुंबा थाना क्षेत्र के महाराजगंज में मंगलवार को अपराधियों ने एक व्यवसाई श्याम बिहारी प्रसाद को गोली मारने का असफल प्रयास किया। मिस फायर के चलते व्यवसायी की जान बाल-बाल बच गयी। घटना दोपहर तकरीबन 2:30 बजे की है। जानकारी के अनुसार बिना नंबर के अपाची बाइक से तीन अपराधी गली में पहुंच। वे मास्क लगाए थ। उनमें से दो उतरकर श्याम बिहारी प्रसाद के मेसर्स बजरंग ट्रेडर्स नामक दुकान में घुस। श्री प्रसाद अपने गद्दी में बैठे थे। इसी क्रम में उनमें से एक ने उनपर पिस्टल तान दिया और फायर करने का प्रयास किया पर मिस फायर हो गया। मिस फायर की स्थिति में उसने दो-तीन बार स्ट्राइकर दबाया पर कोई लाभ नहीं हुआ। अंततोगत्वा अपराधी वहां से भागने लगे। इस बीच शोर मचाया गया। लोगों ने पीछा करने का प्रयास भी किया, पर अपराधी लोगों को चकमा देते हुए निकल पाने में सफल रहे। घटना की सूचना तत्काल कुटुंबा पुलिस को दी गयी। सूचना प्राप्ति के बाद भी पुलिस के विलंब से आने को लेकर लोगों में आक्रोश देखा गया। मौके पर पहुंचे पुलिस पदाधिकारी कुंदन कुमार ने घटना की विस्तृत जानकारी ली। व्यवसायी ने पुलिस पदाधिकारी को सीसीटीवी फुटेज की रिकॉर्डिंग दिखाई। थानाध्यक्ष बलवंत कुमार ने कहा कि इस मामले में गहन जांच-पड़ताल की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में जो लोग दिखाई दे रहे हैं, उनकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है। इधर दिनदहाड़े इस तरह की घटना से दूसरे व्यवसायी भी सहमे हैं। उन्होंने अपराधियों के त्वरित गिरफ्तारी की मांग की है।

## प्रिंस खान के गिरोह ने फिर एक कारोबारी को मारी गोली

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** खाड़ी के देश में रहकर धनबाद में गैंग ऑपरेट करने वाले वासेपुर के प्रिंस खान के आतंक राज के आगे पुलिस बेबस है। अब एक और कारोबारी इस गैंग का निशाना बना है। धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में ठाकुर मोटर्स नामक प्रतिष्ठान के मालिक सच्चिदानंद ठाकुर को प्रिंस खान के गुर्गे ने गोली मारी है। सोमवार रात हुए इस हमले के बाद उन्हें इलाज के लिए दुगार्पुर रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। ठाकुर धनबाद के बरवाअड्डा के ही रहने वाले हैं। नया बाजार स्थित अपनी दुकान बंद कर जब वह भाई के साथ बाइक पर घर जा रहे थे, इसी बीच रानी बांध धईया के पास अपराधियों ने उन्हें पीठ में गोली मार दी। ठाकुर की धनबाद में तीन दुकानें हैं। उनके पास प्रिंस खान का नाम लेकर धमकी भरे फोन पहले से आ रहे थे। इस संबंध में उन्होंने बैंक मोड़ थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी। ठाकुर को गोली मारे जाने के कुछ ही देर बाद प्रिंस खान के गुर्गे और शूटर मेजर ने पर्चा जारी कर इसकी जिम्मेदारी ली। उसने लिखा कि ठाकुर मोटर्स के मालिक को हमने खुद ठोका है, क्योंकि वह हमारे कॉल को नजरअंदाज कर रहा था और पुलिस के पास केस कर यह साबित करने की कोशिश कर रहा था कि मेजर की गोली से बच जाएगा। पर्चे में लिखा गया है कि जिस किसी के भी पास मेजर का कॉल जा रहा है, वह छोटे सरकार से मैनेज कर ले।

### NEWS इन ब्रीफ

#### पीएलएफआई सुप्रीमो गोप की रिमांड अवधि खत्म, भेजा गया जेल

**रांची।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच एनआईए के विशेष न्यायाधीश मधुरेश प्रसाद वर्मा के कोर्ट में पेश किया गया। एनआईए के आग्रह को देखते हुए कोर्ट ने दिनेश गोप को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेजने का आदेश दिया। एनआईए आवश्यकता पड़ने पर फिर से बाद में दिनेश गोप को रिमांड पर ले सकती है। इससे पूर्व सोमवार को एनआईए ने दिनेश गोप को एक दिन के लिए पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया था। उल्लेखनीय है कि पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को एनआईए ने 21 मई को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इसके बाद ट्रांजिट रिमांड पर विमान से रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लाया गया था। दिनेश गोप के खिलाफ झारखंड, बिहार और ओडिशा में हत्या, अपहरण, धमकी, जबरन वसूली और पीएलएफआई के लिए धन जुटाने से संबंधित 102 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। झारखंड पुलिस ने दिनेश गोप पर 25 लाख और एनआईए ने पांच लाख का इनाम घोषित किया था।

#### एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर 14 वर्षीय किशोरी की मौत

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सुदना रेलवे क्रॉसिंग के पास मंगलवार की सुबह 9:00 बजे अजमेर संतरागाछी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर 14 वर्षीय चंचल कुमारी की घटनास्थल पर मौत हो गई। इस घटना के बाद शव को देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा और एसआई प्रकाश कुमार, राजेश कुमार लोहरा अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों से घटना के बारे में पूछताछ की। पूछताछ के क्रम में स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि सुदना निवासी मंटू प्रसाद के घर में किराए के मकान में पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम भुडवा निवासी पूनम देवी नामक महिला अपने एक बच्ची चंचल कुमारी उम्र 14 वर्ष के साथ रहती है। मंगलवार की सुबह पूनम अपने बच्चे को घर में छोड़कर झाड़ू पोछा का काम करने के लिए एक निजी क्लिनिक में चली गई। इसी बीच चंचल रेलवे क्रॉसिंग पार करके दुकान में समान लेने जा रही थी। तभी वह एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई। जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

### लातेहार पुलिस की बड़ी सफलता से माओवादियों को लगा बड़ा झटका

# 22 पुलिस जवानों को शहीद करने वाला कुख्यात नागेंद्र गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए भाकपा माओवादी के कुख्यात जोनल कमांडर नागेंद्र उरांव उर्फ डॉक्टर तथा दस्ता सदस्य गोदन कोरवा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार जोनल कमांडर नागेंद्र उरांव पलामू के पाकी का रहने वाला है, जबकि दस्ता सदस्य गोदन कोरबा गढ़वा भंडरिया का रहने वाला है। जोनल कमांडर नागेंद्र कई विध्वंसक घटनाओं को अंजाम दिया था, जिसमें तीन अलग-अलग घटनाओं में कुल 22 पुलिस के जवान शहीद हो गए थे। इसकी गिरफ्तारी से माओवादियों को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, लातेहार एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि बूढ़ा पहाड़ के एरिया में नक्सली किसी घटना को अंजाम देने के लिए एक बार फिर से सक्रिय होने का प्रयास कर रहे हैं। इस सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। दल ने चिन्हित स्थान की घेराबंदी कर छापामारी आरंभ की। इसी दौरान पुलिस ने जंगल में दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में देखा। पुलिस को देखते ही दोनों संदिग्ध व्यक्ति जंगल की ओर भागने लगे, परंतु पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। दोनों को हिरासत में लेकर जब पूछताछ की गई और उनकी शिनाख्त की गई तो पता चला कि गिरफ्तार लोगों में एक भाकपा माओवादी का दुर्दांत जोनल कमांडर नागेंद्र उरांव है, जबकि दूसरा दस्ता सदस्य है।

**माओवादियों के गुरिल्ला दस्ते का कमांडर था नागेंद्र :** एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गिरफ्तार जोनल कमांडर नागेंद्र माओवादियों के गुरिल्ला दस्ते का कमांडर था। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से माओवादियों के मारक दस्ते का प्रमुख था। एसपी ने बताया कि वर्ष 2013 कटिया में जिस माओवादी हमले में 12 जवानों की मौत हुई थी उसमें यह शामिल था। हमले के बाद शहीद हुए पुलिस के जवानों के शरीर में आईडी फिट किया गया था। इसके अलावा वर्ष 2018 में माओवादी दस्ते ने खपरी महुआ में पुलिस की टीम पर हमला किया था जिसमें 6 जवान शहीद हुए थे। इस हमले में नागेंद्र मुख्य भूमिका में था। इसके अलावा चंदवा थाना क्षेत्र में वर्ष 2019 में माओवादियों ने हमला कर 4 जवानों को शहीद कर दिया था। इस हमले में भी नागेंद्र मुख्य भूमिका निभा रहा था। इसके अलावा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## गांव विकसित होंगे तो होगा सभी का विकास : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**


झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को सदर प्रखंड में भक्सो ग्राम में आयोजित ग्रामीणों के संवाद कार्यक्रम में कहा कि लोहरदगा जिले में बेहतर कार्य हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर बेहतर कर रही हैं और आय का सृजन कर रही हैं। जब गांव विकसित होंगे तो निश्चित रूप से हम सभी का विकास होगा। हम सभी के पंथ व समुदाय है बेशक अलग है, लेकिन आपसी संघर्ष से बेहतर है कि सभी मिलजुल कर कार्य करें और गांव में खुशहाली लाएं। राज्यपाल ने कहा कि तमिलनाडु के त्रिसुर से आज लोहरदगा जिला आने से अपार खुशी मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के रहन-सहन में काफी सुधार हुआ है। लोहरदगा उन जिलों में अग्रणी है जहां लाभुकों को उनका अधिकार समय से मिल रहा है। कार्यक्रम से पूर्व महामहिम को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। महामहिम द्वारा रामपुर पंचायत में कार्यक्रम स्थल पर लगाये गये विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया गया।

## व्यवसायी के घर 33 घंटे चली ईडी की छापेमारी

**हजारीबाग।** प्रखंड के बालू व्यवसायी संजय सिंह के मिशन रोड स्थित आवास पर 33 घंटे तक ईडी की छापेमारी चली । ईडी के अधिकारी मंगलवार की शाम करीब 4.45 बजे रांची के लिए निकल गये । ईडी छापेमारी में पांच सीलबंद पीले रंग के लिफाफे में दस्तावेज भी अपने साथ ले गई । तीन गाड़ी से ईडी की टीम संजय सिंह के आवास पर सोमवार की सुबह 7:00 बजे दस्तक दी थी। उसके बाद से लगातार छापेमारी का दौर चल रहा था। महिला सुरक्षा बल की उपस्थिति में छापेमारी की गई सील बंद लिफाफा में ले जानेवाले दस्तावेज के बारे में ईडी ने किसी भी तरह की जानकारी नहीं दी। 33 घंटे की छापेमारी के दौरान किसी भी व्यक्ति को घर के अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई थी । वहीं उनके आवास के गार्ड भी 33 घंटे अंदर ही रहे। साथ ही किसी को बाहर भी निकलने नहीं दिया गया।

## फैक्ट्री विस्तार के लिए पेड़ों की कटाई की योजना पर उबले लोग

### महिलाओं का ऐलान- जान देंगे पर पेड़ न कटने देंगे



**रांची।** पांच जून को पर्यावरण दिवस पर जहां एक तरफ पेड़-पौधों और जंगलों को बचाने के नारों के साथ जुलूस-जलसों का जोर रहा, वहीं दूसरी तरफ झारखंड के रामगढ़ में इसके अगले ही दिन वन विभाग की टीम एक प्राइवेट फैक्ट्री के विस्तार के लिए 'पेड़ों के बलिदान' का प्रस्ताव लेकर गांव पहुंच गई। ग्रामीणों को इसकी खबर मिली, तो वे उबल पड़े। इलाके के सैकड़ों स्त्री-पुरुष मौके पर इकट्ठा हो गए। महिलाएं पेड़ों से चिपक गईं और ऐलान कर दिया कि एक भी पेड़ को काटने की कोशिश हुई तो पहले उनकी जान लेनी पड़ेगी। बताया गया कि रामगढ़ के कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ाखाप में आलोक स्टील इंडस्ट्रीज नामक एक फैक्ट्री है। फैक्ट्री के पास वन भूमि और ग्रामीणों की जमीन है। फैक्ट्री प्रबंधन ने प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र की स्थापना वन भूमि में करने की योजना बनाई है और इसके लिए वन विभाग को प्रस्ताव सौंपा है। विभाग ने इस प्रस्ताव के अनुरूप पेड़ों की गिनती के लिए मंगलवार को टीम भेजी। जैसे ही पेड़ों की गिनती शुरू हुई, पूरे इलाके में इसकी खबर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मौसम — तापमान बढ़ेगा व राज्य के कई हिस्सों में लू चलेगी

# झारखंड में 10 जून तक लू का अलर्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अभी मौसम का मिजाज और गर्म होगा। धूप तेज होगी, तापमान बढ़ेगा और राज्य के कई हिस्सों में लू चलेगी। थोड़ी बारिश से भले ही कुछ जिलों के तापमान में गिरावट दर्ज की गई हो लेकिन मौसम विभाग लू को लेकर लगातार अलर्ट जारी कर रहा है। इस मौसम में सावधान रहने, बेवजह धूप में बाहर ना निकलने और बढ़ते तापमान में खुद को सुरक्षित रहने की अपील की है। झारखंड के जिन इलाकों में तापमान बढ़ रहा है उनमें उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज जैसे इलाके हैं, जहां तापमान में वृद्धि हो रही है। इन इलाकों में लू चल रही देवघर में अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री के आंकड़े को पार कर रहा है। गढ़वा में 40.7, गिरिडीह में 40.2, गोड्डा में 43.4, पाकुड़ में 41.7, साहिबगंज में 40.3, पूर्वी सिंहभूम में 41.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अभी स्पष्ट तौर पर चेतावनी दी है कि तापमान के बढ़ने से गर्म हवा और लू का खतरा बढ़ रहा है। राज्य के उत्तर-पूर्व तथा दक्षिण-पूर्व इलाकों के लिए लू की चेतावनी है। अगले चार दिनों तक राज्य में मौसम शुष्क रहने की संभावना जाहिर की गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को बताया कि झारखंड के कुछ हिस्सों में आठ जून तक लू की स्थिति रहेगी। मौसम विभाग ने 10 जून तक के लिए अलर्ट जारी की है। भीषण गर्मी के बीच सोमवार को कुछ जिले में बारिश हुई थी। रांची से सटे खूंटी जिले में 6.5 मिलीमीटर वर्षा के बाद तापमान में 0.4 डिग्री कि गिरावट दर्ज की गयी। खूंटी का तापमान आज 39.1 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया।

## आईपीएस में प्रोन्नत होंगे डीएसपी रैंक के अफसर

**एसपी से डीआईजी प्रमोशन छह माह से लंबित**

**यूपीएससी में 19 जून को होगी सलेक्शन कमेटी की बैठक**

**रांची, मुख्य संवाददाता।** झारखंड पुलिस में डीएसपी रैंक के अफसरों एसपी रैंक में प्रोन्नति मिलेगी। यूपीएससी ने प्रमोशन के लिए सलेक्शन कमेटी की बैठक 19 जून को रखी है। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को उपस्थित होना है। जेपीएससी के दूसरे व तीसरे बैच के वरीय अफसरों को एसपी रैंक में प्रोन्नति मिलेगी। झारखंड पुलिस में 2017, 2018, 2019 और 2020 बैच की रिक्तियों को लेकर बैठक होगी। वर्तमान में राज्य पुलिस में प्रोन्नति से भरे जाने वाले 45 पदों में 24 पद रिक्त हैं। इन रिक्तियों को ही इस बार के प्रोन्नति से भरा जाना है। यूपीएससी के सलेक्शन कमेटी की बैठक के बाद प्रोन्नति से भरे जाने वाले आईपीएस के सभी पद भर जाएंगे। राज्य सरकार के गृह विभाग ने डीएसपी रैंक के अफसरों की वरीयता सूची व एसीआर भी यूपीएससी को भेज दिया है।

**दूसरी तरफ एसपी रैंक के अफसरों को नहीं मिल पायी डीआईजी में प्रोन्नति :** एक तरफ जहां डीएसपी से एसपी रैंक में अफसरों की प्रोन्नति होनी है, वहीं दूसरी तरफ 2009 बैच के आईपीएस अधिकारियों को राज्य सरकार ने अबतक डीआईजी रैंक में प्रोन्नति नहीं दी है। देशभर में 2009 बैच के आईपीएस अफसरों की प्रोन्नति दे दी है। झारखंड एकमात्र राज्य है, जहां प्रोन्नति छह माह की देरी के बाद भी नहीं मिल पायी है। वर्तमान में 2009 बैच में तीन अधिकारी जैप 2 कमांडेंट इंद्रजीत महथा, धनबाद एसएसपी संजीव कुमार व मुसाबनी एसपी संजय रंजन सिंह कार्यरत हैं। संजय रंजन सिंह की सेवा भी महज कुछ माह बची है, ऐसे में ससमय प्रोन्नति नहीं मिलने से उन्हें वित्तिय हानि होगी।

# विहंगम योग के गुरुभाईयों ने किया सत्संग का आयोजन

**हुसैनाबाद।** ब्रह्मविद्या विहंगम योग हैदरनगर प्रखंड इकाई के संत समाज की ओर से राम मंदिर हैदरनगर में सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें सेवा प्रभारी सुचित कुमार ने गुरुभाई व बहना को बताया कि सदगुरु सदाफल देव जी महाराज प्रत्यक्ष प्रकट होकर नित्य अनादि संत कबीर की ज्ञान धारा से समाज को ओतप्रोत कराकर सदगुरु के पद पर आसीन कराये गये थे। उन्होंने जीवों को तर तारण करने का संकल्प लिया। इस सत्संग में शामिल गुरुभाई व बहनों ने सदगुरु सदाफल देव जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके अध्यात्मिक वचनों को आत्मसात करने को प्रेरित किया। इसमें उपदेष्ठा श्रीमति प्रेमशीला देवी, संगीता देवी, सुलोचनी गुप्ता, सुशीला मेहता, लक्ष्मण प्रजापति, राजकुमारी देवी, रामाशीष सिंह, संतोष यादव, अखिलेश यादव, मालती देवी सहित कई अन्य अनुयायी शामिल थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### बाइक दुर्घटना में मां-बेटा घायल

**हुसैनाबाद ।** जपला हैदरनगर मुख्य पथ के सिमरसोत गांव के समीप मंगलवार की सुबह बाइक दुर्घटना मे मां बेटे घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने बेटे की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया। जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दरुआ गांव निवासी इसराईल अंसारी का पुत्र आबिद हुसैन, उसकी मां सैरुन बीबी मंगलवार की सुबह हैदरनगर से एक शादी समारोह से अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में सिमरसोत गांव के समीप सड़क पर बनी ब्रेकर के पास बाइक असंतुलित हो गई। जिसके कारण दोनों गिरकर घायल हो गये।

### पेड़ से लटका मिला शव

**सतबरवा ।** थाना क्षेत्र के रांकी खुर्द निवासी अर्जुन मांझी 55 वर्ष पिता स्वर्गीय बिनेशवर मांझी का शव मंगलवार को नावाडीह ,गडात में चिलबिल के पेड़ से लटका हुआ मिला। सतबरवा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एम एम सी एच से पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। सतबरवा पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। 4 माह पूर्व उसकी पत्नी कैंसर से चल बसी थी।परिजनों के अनुसार सोमवार की रात में शौच करने लोटा में पानी लेकर निकले थे।
सुबह में पेड में फंदे से लटके हुए मिले।

## मां स्टोन वर्क्स के प्रोपराइटर से रंगदारी की मांग

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हैदरनगर थाना के अधौरा गांव निवासी मां स्टोन वर्क्स दमदमी के प्रोपराइटर सुशील कुमार सिंह ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर रामजी मेहता पर पांच लाख रुपए की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि रामजी मेहता ने धमकी दी है कि रंगदारी नहीं देने पर मां स्टोन वर्क्स को बंद करा देंगे। आवेदन में कहा गया है कि खाता-53, प्लॉट 177 में उन्हे खनन पट्टा मिला है। जबरजस्ती खनन कार्य करने के दौरान रामाजी मेहता पिता स्व-मुनेश्वर महतो ने पाँच लाख रुपये रंगदारी के रूप में मांगे थे। खनन परिसर में पहुंच कर पूर्व में भी पैसा के लिए उन्होंने कई बार दबाव एवं धमकी दी है। रामजी मेहता कहते हैं कि खनन कार्य करना है, तो पांच लाख रुपये देना होगा। रामजी मेहता ने कई बार फोन से भी पैसे की मांग की है। पैसा नही देने पर सोमवार को दोपहर 11 बजे ग्राम दमदमी के रामजी मेहता, रामकेश्वर मेहता,संढा गांव निवासी बबलू सिंह एवं 30 से 20 अज्ञात लोग उनके साथ आये एवं रंगदारी पूर्वक कार्य को बंद करा दिया। साथ ही उन्होंने धमकी व गाली गलौज करते हुए कहा कि अगर माइंस चालू कर दिये, तो अंजाम भुगतने को तैयार रहो। जिससे खनन कार्य करने वाले कर्मचारी एवं संचालक में भय व्याप्त है। भय की वजह से संचालक ने खनन कार्य बंद कर दिया है। उन्होंने हुसैनाबाद इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने उचित कार्रवाई करने और सुरक्षा की गुहार लगाया है। थाना प्रभारी ने आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू दी है।

## युवक की अचानक मौत से विधायक की समीक्षा बैठक बीच में ही स्थगित

**हरिहरगंज।** प्रखण्ड सभागार में मंगलवार को हरिहरगंज- हुसैनाबाद विस क्षेत्र के एनसीपी विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ विभागवार समीक्षा बैठक की। बैठक में विधायक श्री सिंह ने सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने बिजली और पीएचईडी विभाग के कोई भी प्रतिनिधि को बैठक में भाग नही लेने पर गहरी नाराजगी जताते हुए कार्यशैली सुधारने की चेतावनी दी। जबकि संबन्धित कोई भी आंकड़ा प्रस्तुत नहीं करने के कारण स्वच्छता अभियान के एसबीएम जयप्रकाश सिंह को बैठक से बाहर कर दिया। वहीं अंचल निरीक्षक प्रगति प्रकाश को कार्य में लापरवाही बरतने कि शिकायत मिलने पर विधायक ने सीओ को प्रभारी टीआई को हटाने का निर्देश दिया।

# प्रखंड कार्यालय परिसर में हुई समीक्षा बैठक

### लंबित पड़े सभी कार्यों को यथा शीघ्र निष्पादन करने पर बल दिया गया

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** मंगलवार को बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत कि गई। जिसमे लंबित पड़े सभी कार्यों को यथा शीघ्र निष्पादन करने पर बल दिया गया। बीडीओ श्री हेंब्रम ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड अन्तर्गत आने वाले सभी सभी पंचायतों में मनरेगा, शेड निर्माण, कुप निर्माण,आवास निर्माण सहित तमाम जन हित कार्यों को समय से पूरा कराने पर जोर दिया गया। इसके अलावा बैठक में मतदाता सूची में नाम जोड़ने सहित पुनरीक्षण पर भी विशेष चर्चा हुई। मौके पर अंचल प्रधान सहायक अनूप प्रसाद साहू, सतेन्द्र कुमार पांडेय, कुनिल कुमार, अशोक कुमार, राजेंद कुमार राम,सतेन्द्र कुमार, विजय कुमार रवी, सतेन्द्र पासवान सहित कई कर्मी मौजूद थे।



## जान से मारने की साजिश का आरोप

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी मुकेश कुमार पटेल ने जान मारने की साजिश और वाहन को तोडफोड कर पैसा निकालने की लिखित शिकायत हुसैनाबाद थाना मे की है। लिखित शिकायत में मुकेश पटेल ने बताया की मै और मेरा चचेरा भाई अपने कार से दंगवार जा रहा था जैसे ही हम लोग दंगवार हाई स्कूल के पास पहुंचे तो दंगवार तरफ से तेजी से आ रही ट्रैकटर चालक नावाडीह गांव निवासी बृजेश कुमार सिंह, राजेंद्र सिंह मेरे कार मे धक्का मार दीए। जब हम दोनों भाई कार से नीचे उतरे तो उक्त दोनों लोग भी ट्रैकटर उतर कर हमलोगों को मारपीट करने लगे । इसी दौरान राजेंद्र सिंह का पुत्र राकेश कुमार सिंह अपने बाइक से वहां पहुंचकर पिस्टल तान दिया, तीनों लोगों ने मिलकर टंगी से मेरे कार को तोड़फोड़ किया और कार में रखे 2000 हजार रुपये,कागजात, व कार की चाभी निकली ली। इसके बाद सभी लोग मेरे घर पर पहुंचकर गाली गलौज करने लगे, इस घटना के बाद मेरा पुरा परिवार दहशत में है। इस संबंध मे हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया की लिखित शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर घटना की छानबीन की शुरू कर दी गई है।

## विधायक ने किया योजनाओं का शिलान्यास

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के बालिका उच्च विद्यालय के समीप मंगलवार को नगर विकास आवास विभाग की ओर से अमृत योजना 2 के अंतर्गत तालाब का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास तथा शहर के एनएच 98 मेन रोड़ से खादी ग्राम उद्योग बोर्ड तक विधायक मद से पीसीसी पथ निर्माण कार्य का क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मंगलवार को नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा सहित अन्य विकास को लेकर वे संकल्प बद्ध है। क्षेत्र में लोगों के पास विकास पहुंच सके, इस प्रयास के साथ काम किया जा रहा है। इस मौके पर बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण,विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, सरोज प्रसाद कुशवाहा, संदीप पासवान, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, मो० असलम, उदय सिंह, परशुराम सिंह, गोलू सिंह, आबिद हुसैन, उदय कुमार सिंह, राजेश्वर सिंह, रामनाथ सिंह, रविन्द्र मेहता, कामता शर्मा, मनोज विश्वकर्मा, रामू यादव, शशि गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## भूमि अपर समाहर्ता पदाधिकारी ने किया अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण



**नावा बाजार।** अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण पलामू भूमि अपर समाहर्ता पदाधिकारी सुजीत कुमार सिंह के द्वारा सोमवार को किया गया। निरीक्षण के दौरान नावा बाजार अंचलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव से भूमि संबंधित वातार्लाप कीया। उन्होंने वातार्लाप के दौरान ऑनलाइन म्यूटेशन, लगान रसीद से संबंधित जानकारी ली तथा निर्देश दिये। उक्त मौके पर सीआई निक्सन कुमार, राजस्व कर्मचारी श्रीकांत दास, अंचल बड़ा बाबू राजकिशोर सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर धर्मेंद्र कुमार, आमीन सुधीर कुमार सहित अंचल कर्मी मौजूद थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हुये कई कार्यक्रम

### ग्रासिम इंड्रस्टीज प्रबंधन ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रेहला ग्रासिम इंड्रस्टीज केमिकल डिवीजन में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कारखाना परिसर में पौधरोपण-संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया।साथ ही पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णतः प्रतिबंधित करने हेतु जनचेतना फैलाया गया।इसके अलावे निबंध लेखन,नारा लेखन,चित्रांकन व वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कारों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता ने पौधरोपण के साथ किया। कारखाना परिसर में कई औषिधीय,इमारती व फलदार पौधे लागये गये। संस्थान प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण के बिगड़ते संतुलन व फैलते प्रदूषण का जिम्मेवार हम स्वयं है। इससे बचने के रास्ते भी हमे ही तलाशने होंगे। प्रकृति ने हमे बहुत सारे संसाधन दिये। जिसका हमने उपयोग से ज्यादा दोहन किया। जिसके चलते जलवायु परिवर्तन का खतरा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण व उसका संरक्षण कर के ही हम प्रकृति के कहर से बच सकते है। मानव संसाधन एवं सीएसआर प्रमुख अजित तिवारी ने कहा कि पूर्वजों ने पर्यावरण को संरक्षित कर के रखा था। लेकिन हम पूर्वजों के सबक को समझ नही पाये।अंधाधुंध पेड़ो की कटाई कर हमने पर्यावरण संतुलन को बिगड़ दिया है।अब इसकी रक्षा करना भी हम सब का दायित्व है। कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण व उसके संरक्षण हेतु संस्थान के पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने शपथ ली। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

**वहीं कॉलेज में एनएसएस का पर्यावरण सुरक्षा सप्ताह मना**

**हुसैनाबाद।** पर्यावरण सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत ए.के. सिंह कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के मार्गदर्शन में भूगोल विभाग तथा प्राणी विज्ञान विभाग की सहभागिता से पर्यावरण सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन पर स्लोगन लेखन तथा विचार गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य सूर्यमणि सिंह,एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह, प्रो. जयशंकर प्रसाद सिंह ,प्रो. मुकेश कुमार, प्रो. राहुल कुमार सिंह तथा डॉ. आलोक रंजन कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। स्लोगन लेखन में सुप्रिया कुमारी, रिंकी कुमारी, दिव्या कुमारी, किरण कुमारी तथा नैंसी कुमारी ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह ने कहा कि अनियमित जलवायु परिवर्तन से काफी नुकसान हो रहा है। आज पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग से परेशान है तो कहीं बाढ़ का प्रकोप होता है इन सब के पीछे का कारण पर्यावरण के प्रति मानवीय दुष्कर्म है। इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. डा. आलोक रंजन कुमार ने बताया कि आज प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति सजगता आवश्यक है। इसके लिए हमें नदियों तथा सड़कों के किनारे नए पौधों का रोपण करना आवश्यक है। उक्त अवसर पर भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. मुकेश कुमार ने अपने संभाषण में पर्यावरण की सुरक्षा हेतु विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए, उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के पीछे वृक्षों का कटना महत्वपूर्ण कारण बनता है। कार्यक्रम का संचालन प्रो राजेश कुमार सिंह ने किया तथा प्रो. राहुल कुमार सिंह ने असामायिक जलवायु परिवर्तन होने के कारण तथा निवारण पर प्रकाश डाला तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो. अयूब, प्रो. हरेंद्र नारायण सिंह, प्रो. जयशंकर प्रसाद सिंह, प्रो. उपेन्द्र कुमार सिंह, प्रो. अरूण कुमार सिंह, तथा प्रो. सुनील कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीमा कुमारी, रेणु कुमारी, अंशु कुमारी, विंटेश कुमार, नीरज कुमार, निधि पटेल, खुशी कुमारी, शुभम प्रकाश, आलोक कुमार, अतुल कुमार सिंह, आनंद कुमार, गोलू कुमार, विशाल कुमार , शक्ति कुमार ठाकुर , पल्लवी कुमारी, नीतू पटेल आदि स्वयंसेवकों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

## विधायक कमलेश सिंह चुने गये शासी निकाय के अध्यक्ष

**हरिहरगंज।** प्रखंड कार्यालय स्थित विधायक कक्ष में मंगलवार को शासी निकाय की बैठक हुयी। वहीं शासी निकाय के पुनर्गठन का प्रस्ताव लाया गया। जिसमे विधायक कमलेश कुमार सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए चुना गया।


**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water and Sanitation Division, Latehar**

**E-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. DWSD/LTR/SVS-06/2022-23 (3rd Call) Date – 06.06.2023**

01. Name of Department ;- Drinking Water & Sanitation Department. Jharkhand
02. Date & Time of Tender uploading in Web site ;- 08.06.2023 at 04.00 P.M
03. Last date of Receipt of Bid ;-15.06.2023 05.00 P.M
04. Last date of Submission Cost of BoQ and Earnest Money;-16.06.2023at 05.00 P.M
1. Executive Engineer D W & S Div Latehar
2. Suprintending Engineer D W & S Circle Medininagar0
05. Date of Opening Tender ;-17.06.2023 at 02.00 P.M0
06. Name & Address of Tender Inviting Authority;-Executive Engineer D W & S Div Latehar
07. Contact No of Procurement Office ;-9430725642 & 6201242103
Detail of work ;-

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | No of FHTC | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of Rural Water Supply For SVS under JJM in different Village of Latehar District with FHTC work under D W & S Div latehar for FY 2022-23 | SVS Jalima | 05 | 64 | 3030366.00 | 61000.00 | 5000.00 | 03 month |
| 02 | | SVS Aara | 04 | 49 | 2508032.00 | 51000.00 | 5000.00 | 03 month |
| 03 | | SVS Barahniyakhar | 01 | 15 | 814892.00 | 17000.00 | 1250.00 | 03 Month |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR.NO.299329 Drinking Water and Sanitation(23-24):D



**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water and Sanitation Division, Latehar**

**E-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. DWSD/LTR/SVS-18/2022-23 (3rd Call) Date – 06.06.2023**

01 Name of Department ;- Drinking Water & Sanitation Department. Jharkhand
02 Date & Time of Tender uploading in Web site ;- 08.06.2023 at 04.00 P.M
03 Last date of Receipt of Bid ;- 15.06.2023 05.00 P.M
04 Last date of Submission Cost of BoQ and Earnest Money ;- 16.06.2023at 05.00 P.M
1. Executive Engineer D W & S Div Latehar
2. Suprintending Engineer D W & S Circle Medininagar
05 Date of Opening Tender ;- 17.06.2023 at 02.00 P.M
06 Name & Address of Tender Inviting Authority ;- Executive Engineer D W & S Div Latehar
07 Contact No of Procurement Office ;- 9430725642 & 6201242103

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | No of FHTC | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of Rural Water Supply For SVS under JJM in different Village of Latehar District with FHTC work under D W & S Div latehar for FY 2022-23 | SVS Damodar | 09 | 142 | 6817986.00 | 137000.00 | 10000.00 | 03 Month |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

PR 299332 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 03 वर्ष 2023–24 (2nd Call)**

पत्रांक :– ............ / गुमला, दिनांक :– ..../...../2023.

1. विभाग का नाम :– जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखंड सरकार, रॉची।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र की विकी की तिथि :– 12.06.2023 से 17.06.2023 तक (3:00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एंव समय :– 19.06.2023 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 19.06.2023 को 3:30 बजे अपराहन्
6. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला। (2) सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई अनुमंडल, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एंव निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय परिसर, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
8. परिमाण विपत्र का मूल्य :– राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जों राष्ट्रीयकृत बैंक, गुमला में भुगतेय हो, मान्य होगा।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखंड | योजना मद का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदा दाता की समुचित श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rajyakrit Middle School Pojenga का चाहरदीवारी निर्माण। | पालकोट | DMFT | 3911800.00 | 78300.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 2 | Project High School Pojenga का चाहरदीवारी निर्माण। | पालकोट | DMFT | 4255100.00 | 85200.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 3 | Rajyakrit Upgraded High School Malai With Gate (Part – A) का चाहरदीवारी निर्माण। | पालकोट | DMFT | 3235000.00 | 64700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 4 | Rajyakrit Upgraded High School Malai (Part – B) का चाहरदीवारी निर्माण। | पालकोट | DMFT | 3193600.00 | 63900.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 5 | Rajyakiya Basic School Baghima का चाहरदीवारी निर्माण। | पालकोट | DMFT | 3922500.00 | 78500.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 6 | Rajyakrit High School Baghima With Gate (Part-A) का चाहरदीवारी निर्माण। | पालकोट | DMFT | 2956700.00 | 59200.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 7 | Rajyakrit High School Baghima ( Part-B) का चाहरदीवारी निर्माण। | पालकोट | DMFT | 2914900.00 | 58300.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 8 | Rajyakrit Primary School Bakaspur का चाहरदीवारी निर्माण। | रायडीह | DMFT | 2632400.00 | 52700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 9 | Rajyakrit High School Bargaon का चाहरदीवारी निर्माण। | सिसई | DMFT | 3123800.00 | 62500.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 10 | Rajyakrit High School Kumhari का चाहरदीवारी निर्माण। | बसिया | DMFT | 4746300.00 | 95000.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 11 | Rajyakrit Upgraded + 2 High School Kurkura का चाहरदीवारी निर्माण। | कामडारा | DMFT | 4011200.00 | 80300.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 12 | Govt. UPG MS Girls Jairagi का चाहरदीवारी निर्माण। | डुमरी | DMFT | 3656400.00 | 73200.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 13 | Govt. UPG MS Manjira का चाहरदीवारी निर्माण। | विशुनपुर | DMFT | 2630000.00 | 52600.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 14 | Govt. PS Serka का चाहरदीवारी निर्माण। | विशुनपुर | DMFT | 3979600.00 | 79600.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 15 | Govt. MS Kesipara का चाहरदीवारी निर्माण। | गुमला | DMFT | 2807000.00 | 56200.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |

निविदा की शर्ते :– 1. बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता से निर्गत हुआ हो तथा बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता अवधि निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह तक का हो, मान्य होगा।
2. निविदा में 10% न्युनतम दर से अधिक न्युनतम दर उद्धृत करने पर प्राक्कलित राशि का 20% अथवा 30% अतिरिक्त जमा राशि का डाकघर सावधी जमा पासबुक/बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा ।
3. जो निम्न है:– 1. 10% से 20 प्रतिशत कम दर की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत राशि देय होगा ।
10. निविदा से संबंधित सभी सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट पर देखा जा सकता है।

E-mial ID – eemidgum@gmail.com.

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

PR 299294 Minor Irrigation (23-24)_D



**झारखण्ड सरकार**
**जिला खनन कार्यालय, लातेहार**
**e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in**

**–:: आम सूचना ::–**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशानुसार, लातेहार जिलान्तर्गत कोयला खनिज के अवैध परिवहन/भण्डारण संबंधी मामलें में जप्त वाहनों का "The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rules, 2017 के नियम 11(V) के तहत् राजसात/नीलामी की कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार में दायर निम्नांकित राजसात वादों में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में निम्नलिखित राजसात वाहनों का आम नीलामी दिनांक–13.06.2023 को समय 03:00 बजे अपराहन् में उपायुक्त, लातेहार द्वारा गठित समिति द्वारा जिला समाहरणालय के सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी।

नीलामी हेतु निम्न सूचीबद्ध वाहनों के वाहन मालिक या संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त न्यायालय द्वारा पारित राजसात आदेश के विरूद्ध वाहन मालिक द्वारा यदि किसी अपीलीय न्यायालय में अपील दायर किया गया हो अथवा वाहन के नीलामी से आपत्ति हो तो दिनांक–12.06.2023 तक इसकी लिखित सूचना उक्त न्यायालय या जिला खनन कार्यालय, लातेहार में दें, जिससे कि वाहन की नीलामी नहीं की जा सके।

राजसात वाहनों का विवरणी निम्नवत् है –

| क्र0 सं0 | राजसात वाद संख्या | संबंधित थाना | वाहन निबंधन संख्या | वाहन का प्रकार एवं निर्माण वर्ष | वाहन का अनुमानित न्यूनतम बाजार मूल्य | सुरक्षित जमा राषि का 10 % प्रतिभूति/अग्रधन राषि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 104/2022 | बालूमाथ | NL01K-2883 (Old) JH02BG-1756 (New) | Truck 2011 | 6,50,000.00 (छः लाख पच्चास हजार) रूपये मात्र। | 65,000.00 (पैसठ हजार) रूपये। | बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है। |
| | | | NL01AB-3220 | Truck 2018 | 20,00,000.00 (बीस लाख) रूपये मात्र। | 2,00,000.00 (दो लाख) रूपये। | |
| | | | JH02U-4641 | Truck 2011 | 6,50,000.00 (छः लाख पच्चास हजार) रूपये मात्र। | 65,000.00 (पैसठ हजार) रूपये। | |
| | | | JH02AB-9118 | Truck 2014 | 11,00,000.00 (ग्यारह लाख)रूपये मात्र। | 1,10,000.00 (एक लाख दस हजार) रूपये। | |
| 2. | 40/2023 | बालूमाथ | JH04T-2862 | Hywa 2020 | 22,00,000.00 (बाईस लाख) रूपये मात्र। | 2,20,000.00 (दो लाख बीस हजार) रूपये। | बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है। |
| | | | JH01DV-1268 | Hywa 2020 | 21,50,000.00 (एकईस लाख पचास हजार) रूपये मात्र। | 2,15,000.00 (दो लाख पन्द्रह हजार) रूपये। | |
| | | | JH04R-6852 | Hywa 2019 | 16,50,000.00 (सौलह लाख पचास हजार) रूपये मात्र। | 1,65,000.00 (एक लाख पैसठ हजार) रूपये। | |
| 3. | 29/2023 | बालूमाथ | JH01CJ-7129 | Truck 2017 | 14,50,000.00 (चौदह लाख पचास हजार) रूपये मात्र। | 1,45,000.00 (एक लाख पैंचालीस हजार) रूपये। | बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है। |
| 4. | 35/2023 | बालूमाथ | JH01CY-5897 | 407 Truck 2018 | 6,00,000.00 (छः लाख) रूपये मात्र। | 60,000.00 (साठ हजार) रूपये। | बारियातु थाना परिसर में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है। |

उपरोक्त जप्त राजसात वाहन जहाँ एवं जिस स्थिति में है, उसी स्थिति के आधार पर नीलामी/बिक्री हेतु निविदा आंमत्रित की जा रही है। भौतिक रूप से उपलब्ध वाहन की स्थिति या वाहन का कागजात जिस स्थिति में होगा उसी में देय होगा, इसके विरूद्ध किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त आदि के जानकारी के लिए लातेहार जिला के Website: latehar.nic.in पर देखा जा सकता है अथवा जिला खनन कार्यालय, लातेहार में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 299344 Mines and Geology(23-24)#D

## NEWS इन ब्रीफ

### अनियंत्रित होकर टेंपो पलटने से 8 जख्मी

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के जगतपुरवा गांव के मुख्य सड़क पर मंगलवार के दिन में अनियंत्रित होकर टेंपो पलटने से 8 लोग जख्मी हो गए हैं। सभी लोगों को मेदिनीनगर एमआरएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जख्मी होने वालों में पलामू जिला के पाटन निवासी फुलवा देवी, परिंदा देवी, शिवपूजन साव, ओम प्रकाश साव, मुकेश कुमार, आशीष कुमार, चंद्रेश एवं सनोज कुमार के नाम शामिल हैं। जख्मी लोगों ने बताया कि सभी लोग पाटन से नीलांबर पितांबरपुर होते हुए चैनपुर थाना क्षेत्र के अवसाने गांव निवासी लालजी साव घर शादी कार्यक्रम में जा रहे थे। जैसे ही नीलांबर पितांबरपुर थाना क्षेत्र के जगतपुरवा गांव के मुख्य सड़क पर पहुंचे वैसे ही विपरीत दिशा से आ रही एक गाड़ी को बचाने के क्रम टेंपो अनियंत्रित होकर इलेक्ट्रिक पोल से टकराते हुए दीवाल में लग गई, जिससे टेंपो में सवार सभी लोग जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी लोगों को मेदिनीनगर एमआरएमसीएच मे भर्ती कराया गया है जहां सभी की हालत खतरे से बाहर है। नीलांबर पितांबरपुर थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने बताया कि जगतपुरवा गांव में मुख्य सड़क पर टेंपो अनियंत्रित होकर दीवाल में टकरा गई जिसे टेंपो का टायर फट गया जिस कारण सभी लोग जख्मी हो गए बाद में स्थानीय लोगों की मदद से सभी लोगों को मेदिनीनगर एमआरएमसीएच मे इलाज के लिए भर्ती कराया गया। डॉक्टर के अनुसार सभी लोग खतरे से बाहर है।

### नहर पर पुल बनवाने को लेकर मुखिया ने उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा



**पाटन ।** प्रखंड के सगुना पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने पलामू उपायुक्त को आवेदन देकर मांग की कि सगुना पंचायत अंतर्गत ग्राम नवादा में नल पुल का निर्माण किया जाए । नवादा मे जल पथ प्रमंडल के द्वारा सिंचाई नहर बनायी गयी है। जिसमें ग्रामीणों के सिंचाई हेतु नहर में नल पुल एवं आने जाने का रास्ता था। जो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। नल पुल को क्षतिग्रस्त होने से 50 एकड़ जमीन सिंचित होने से वंचित रह गयी है। क्योंकि इस नल पुल से चार आहार के पानी का पटवन किसानों द्वारा किया जाता था। अभी पूरी तरह से आवागमन तथा सिंचाई सिंचित बाधित है। इस पर नवादा के ग्रामीण ने मुखिया मंजू देवी को आवेदन देकर ध्यान आकर्षित करवाया है। मुखिया मंजू देवी ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि हर संभव नहर पर पुल का निर्माण कराया जाएगा जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

# पोल से बाइक टकरायी युवक की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के ग्राम रजहरा निवासी स्वर्गीय योगेंद्र चौहान के पुत्र बलवंत चौहान उम्र 30 वर्ष की बाइक दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बलवंत चौहान सोमवार की रात अपने किसी रिश्तेदार के यहां पड़वा थाना क्षेत्र के ग्राम मुरमा तिलक समारोह में शामिल होने गया था। तिलक समारोह खत्म होने के बाद मंगलवार की सुबह 3:00 बजे वह अपने घर रजहरा के लिए निकला। इस बीच रास्ते में माधुरी जंगल के पास वह बाइक से अनियंत्रित होकर पोल से टकरा गया। जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वही मंगलवार की सुबह राहगीरों के द्वारा इस घटना की जानकारी पड़वा थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पड़वा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वही इस घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### आमरण अनशन करेगी फेकनी देवी

**मेदिनीनगर।** नामांतरण की सारी वैध अर्हता को पूरा करने के बावजूद भी 7 सालों से फेकनी देवी का परिवार नामांतरण की प्रक्रिया के लिए दर-दर की ठोकर खा रहा है। लेकिन अबूआ राज के अधिकारियों/कर्मचारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। इसके बाद भी नामांतरण की अगर कार्रवाई नहीं होती है तो 27 जून से फेकनी देवी व उसके पति रामप्रवेश राम आमरण अनशन पर जाने को बाध्य होंगे।

## पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** पलामू पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। छोटे भाई ने अपने ही बड़े भाई की हत्या कर उसे दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की थी। लेकिन पुलिस के सामने उसकी चालाकी नहीं चली और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ के क्रम में हत्या की वजह जान कर पुलिस चौंक गई। दरअसल, बड़े भाई की शराब की लत से पूरा परिवार परेशान रहता था और घर में अशांति का माहौल बना हुआ रहता था। बड़े भाई की शराब की लत से परेशान छोटे भाई ने खौफनाक कदम उठाया और बेरहमी से अपने भाई की हत्या कर डाली है।जानकारी के अनुसार नावाबाजार थाना क्षेत्र के राजहरा में 17 मई को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया था।

## इंडियन रोटी बैंक की राष्ट्रीय कमिटी का विस्तार

**मेदिनीनगर।** भारत में सेवा के क्षेत्र में परचम लहरा रही इंडियन रोटी बैंक की राष्ट्रीय कमिटी का विस्तार हुआ है। राष्ट्रीय उप-प्रभारी बने दीपक तिवारी, सोनू सिंह नामधारी बनाए गए झारखंड से विशेष आमंत्रित सदस्य, अंजलि गुप्ता बनी प्रदेश महिला संयोजक। जिसमें झारखंड के पलामू एवं गढ़वा के सेवादारों को सेवा का सम्मान मिला है। सक्रिय युवा समाजसेवी सह राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य साहेब सिंह नामधारी को प्रदेश संयोजक के तौर पर झारखंड राज्य की कमान सौंपी गई है ।वहीं प्रदेश उप संयोजक परवेज अख्तर को दुबारा पद पर बनाए रखा गया है। जारी पत्र में प्रदेश महिला संयोजक का पद गढ़वा की अंजलि गुप्ता को मिला है। झारखंड में छः साल से इंडियन रोटी बैंक का परचम लहराने वाले सेवादार दीपक तिवारी को कोर कमिटी ने प्रदेश से निकाल राष्ट्रीय उप-प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में घोटाला

**घोटाले को अंजाम देने वाले दोषी अधिकारियों को बर्खास्त करने की तैयारी**

**फर्जी तरीके से योजना का लाभ लेने वाले लाभुकों से भी रिकवरी की प्रक्रिया शुरू की जायेगी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में लाभुकों का नाम बदल कर बड़े घोटाले को अंजाम दिया गया है। यह घोटाला पलामू के मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र से सामने आया है। जिसके बाद घोटाले को अंजाम देने वाले दोषी अधिकारियों को बर्खास्त करने की तैयारी चल रही है, वहीं गलत तरीके से लाभ लेने वालों से भी रिकवरी की योजना बनाई जा रही है। दरअसल, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22 और वर्तमान में आवेदन देने वाले लाभुकों की जांच शुरू की गयी थी। इस जांच में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी पकड़ी गई है और लाभुकों के नाम के साथ छेड़छाड़ की गयी है। 2019-20 और 2020-21 की योजना में लगभग 400 लाभुकों का नाम बदल कर इस घोटाले को अंजाम दिया गया है। नगर आयुक्त सह डीसीसी रवि आनंद ने मामले में प्रधानमंत्री आवास योजना को देखने वाले सीएलटीसी कल्याण और अंकेश अखौरी के खिलाफ कार्रवाई के लिए नगर विकास विभाग को पत्र लिखा है। नगर आयुक्त रवि आनंद ने बताया कि फर्जी तरीके से योजना का लाभ लेने वाले लाभुकों से भी रिकवरी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नगर निगम क्षेत्र में सभी आवास योजनाओं का सत्यापन किया जा रहा है और उसकी जांच की जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए आवेदकों का डाटा ऑनलाइन अपलोड किया जाता है। डाटा को अपलोड कर डीपीआर तैयार करने के बाद उसे केंद्र सरकार को भेजा जाता है। आवास योजना स्वीकृत होने के बाद एक बार फिर से यह डाटा वापस नगर निगम के पास वापस पहुंचता है। डाटा आने के बाद नगर निगम फिर से चयनित लाभुकों की सूची अपलोड करती है जिसके बाद पहली किस्त का भुगतान किया जाता है। लेकिन इस प्रक्रिया में मेदिनीनगर नगर निगम के कर्मियों ने दोबारा सूची अपलोड करने के दौरान लाभुकों के नाम को ही बदल दिया है। केंद्र ने जिन लाभुकों के नाम की स्वीकृति नहीं दी थी, उन लाभुकों के नाम का चयन कर अपलोड किया गया है और उन्हें आवास योजना की राशि का भुगतान किया गया है। बता दें कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत एक लाभुक को 2.30 लाख रुपये दिए जाते हैं।

## सिगरेट पीने को लेकर चाय दुकानदार से मारपीट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस लाइन रोड में टन टन चाय दुकान पर सोमवार की रात करीब 10:00 बजे दो गुटों में मारपीट हो गया। जानकारी के अनुसार टनटन चाय दुकान अपना चाय दुकान बढ़ा रहा था।तभी दो युवक उसके पास नशे की हालत में सिगरेट मांगने लगे।टनटन दुकानदार ने बोला कि दुकान बढ़ा दिए है अभी सिगरेट नहीं मिलेगा। इसी बात पर दुकानदार और ग्राहक के बीच मारपीट होने लगा। मारपीट होते देख सैकड़ों लोगों की भीड़ घटनास्थल पर उमड़ पड़ी। इसके बाद वहां पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही टाइगर मोबाइल के जवान सारिक इरशाद, सहायक पुलिस के जवान प्रफुल सिंह और पीसीआर के जवान घटनास्थल पर पहुंचकर मारपीट में शामिल दोनों लोगों को पकड़ कर थाना ले गए। इस घटना के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### मार्शल आर्टस एडवांस प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**मेदिनीनगर।** मध्यप्रदेश अनूपपुर जिले में आयोजित एक दिवसीय मार्शल आर्टस एडवांस प्रशिक्षण शिविर एवं ब्लैक बेल्ट ग्रेडिंग सेमिनार में पलामू जिले के सुप्रसिद्ध मार्शल आर्ट्स मुख्य प्रशिक्षक सिहान संतोष कुमार के द्वारा बच्चों और लड़कियों को सेल्फ -डिफेंस, नान -चा, लॉन्ग - स्टिक, शॉट -स्टिक, तलवार, ब्रेकिंग, फ्लाइग -किक, जेम्नास्टिक, तलवार, कसरत,, काता, जम्प -किक, कुम्भक - प्रणायाम, बैसिक, इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रभात फेरी निकाली गई

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के केरकी कला के वनों में विश्व पर्यावरण दिवस के 51वां वर्ष और वन राखी मूवमेंट के 47 वां स्थापना दिवस पर प्रकृति, पर्यावरण और प्राण बचाने के लिए वनों में प्रभात फेरी निकाला गया। जिसमें आसपास के करीब 10 गांव के हजारों पर्यावरण प्रेमी लोग शामिल थे। कौशल किशोर जायसवाल ने बतौर मुख्यअतिथि पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पक्षियों के भोजन के लिए पीपल का और मधुमक्खियों के भोजन के लिए करंज का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। पर्यावरणविद कौशल ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। उन्होने कहा कि बेकाबू गर्मी और जल संकट से निजात पाने के लिए किसानों को वृक्ष खेती करने की जरूरत है।

# अस्पताल अधीक्षक ने अस्पताल कर्मियों के साथ की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अस्पताल में दलाली के बढ़ते मामलों को लेकर अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह ने सोमवार को अपने ऑफिस में अस्पताल के सभी कर्मचारियों को बुलाकर उनके साथ बैठक की। बैठक के दौरान अस्पताल अधीक्षक ने अस्पताल के सभी कर्मियों से कहा कि अस्पताल में किसी भी तरह की दलाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल के वार्ड इंचार्ज, नरसिंह स्टेशन के कर्मचारी और नर्स को चेतावनी देते हुए कहा कि अस्पताल के बाहर के पैथोलॉजी अस्पताल में भर्ती मरीजों का सैंपल किसी भी हाल में नहीं लेंगे। उन्होंने कहा कि यदि किसी मरीज को इमरजेंसी होगा तो अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात वार्ड इंचार्ज और नर्स डॉक्टर की सलाह लेकर निजी पैथोलॉजी को बुलाकर मरीज का ब्लड जांच व सैंपल ले सकते हैं। यदि बेवजह अस्पताल का कोई भी स्टाफ बाहर से प्राइवेट पैथोलॉजी वालों को अस्पताल के अंदर बुलाकर मरीज का ब्लड सैंपल लेता है तो उनका उस दिन का वेतन कटेगा। और नौकरी से छुट्टी दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सूचना मिला है कि अस्पताल के महिला वार्ड में नर्स के द्वारा गर्भवती महिलाओं के परिजनों से मुंह मांगे पैसे की मांग की जाती है। यदि कोई भी मरीज इसकी शिकायत करता है तो उस नर्स को कानूनी कार्रवाई के तहत नौकरी से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

## राईफल्स के भड़काऊ प्रदर्शन के खिलाफ राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी

**मेदिनीनगर।** भड़काऊ नारों के साथ हथियार प्रदर्शन के विरोध में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपेगी ।उपरोक्त निर्णय मंगलवार को राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के बैठक में लिया गया। स्थानीय राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने की। बैठक में कहा गया की 29 मई को पांकी प्रखण्ड के ग्राम भरी में बाबा भीम राव अम्बेडकर के प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा था। अनावरण समारोह में जिस तरह से भड़काऊ नारा के साथ राईफल्स का प्रदर्शन किया गया वो काफी शर्मनाक है। ऐसे प्रदर्शन से सामाजिक समरसता प्रभावित होने की संभावना प्रबल हो गई है। बैठक में कहा गया की अभी कुछ दिन पहले पांकी का वातावरण विषाक्त हुआ था, ऐसे में फिर से इस तरह का वातावरण बनाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है, जिसका राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी विरोध करती है ।बैठक में लिए गए निर्णयानुसार बुधवार को राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी का प्रतिनिधिमण्डल जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपेगी। बैठक में प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, संजय मिश्रा, अनुशासन प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोष तिवारी(पिंकू तिवारी),प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी, प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष संजीत तिवारी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, प्रमंडलीय संरक्षक किशोर दूबे, अजय शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी,शैलेश तिवारी,अप्पू तिवारी,राकेश तिवारी,दीपक दूबे, दिलीप तिवारी सहित कई सदस्य मौजूद थे।

**निर्देश** | जिले में कैटगरी (1) के 73 बालूघाटों से उठेगी बालू

# उपायुक्त के निर्देश पर होगा बालू का उठाव

**बालू उठाव को लेकर पंचायतस्तर पर आठ सदस्यी टीम गठित की गयी है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के द्वारा जिले के कैटगरी वन 73 बालूघाटों से बालू उठाव को लेकर निर्देश जारी किया गया है। उपायुक्त के निर्देश के पश्चात जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बालू उठाव को लेकर दिशा निर्देश की जानकारी देते हुए बताया कि उपायुक्त के द्वारा जिले में 73 बालूघाट से बालू उठाव की अनुमति प्राप्त हुई है। सभी बालू घाटों पर निर्धारित नियम के तहत ही बालूघाटों से बालू उठाव करने की बात कही है। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जिले भर में कुल 73 बालूघाट से कैंटगरी वन बालू का उठाव किया जायेगा। बालू उठाव को लेकर पंचायतस्तर पर आठ सदस्यी टीम गठित की गयी है,जो बालू उठाव का संचालन करेंगी ।वहीं बालू उठाव के लिए बनायी गयी समिति की निगरानी प्रखंडस्तरीय टीम द्वारा किया जाएगा। बालू घाटों से उठाऐं गए बालू का उपयोग निजी,गैर व्यवसायिक, सामुदायिक उद्देश्य एवं सरकार द्वारा प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं के लिए ही होगा एवं बालूघाटों से बालू का उठाव सिर्फ ट्रैक्टर के माध्यम से किया जाएगा। किसी भी कीमत पर मशीन का उपयोग नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बालू उठाव कर उसका भंडारण किसी अन्य स्थान पर नहीं कर सकते है। बालूघाटों से उठायें गए बालू का स्वामिस्व कर से मुक्त रहेगा एवं बालूघाटों में पहुंच पथ, प्रबंधन, पर्यवेक्षण इत्यादी के लिए सरकार द्वारा निर्धारित संधारण राशि ग्राम पंचायत,स्थानीय शासन द्वारा लिया जाएगा जो एक सौ रुपए प्रति 100 घनफुट होगा ।बालू का उठाव किसी भी कीमत पर नदी में बने पुल-पुलिया के 2500 से 500 परिधि के समीप से नहीं किया जाएगा एवं मानसून काल में बालू उठाव वर्जित रहेगा। जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि पंचायत स्तर समिति अपने कैटेगरी वन बालू घाट पर एक नामपट या सूचना पट लगवाएगी जिसमें बालू घाट का नाम, अंचल, मौजा, खाता, प्लांट एवं रकवा समेत ग्राम पंचायत समिति के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों का नाम मोबाइल नंबर, अबतक कुल निष्कासित खनिजों का आयतन एवं पर्वेक्षण पदाधिकारी का नाम एवं मोबाईल नंबर लिखवाना अनिवार्य होगा।



## अनुमंडलीय अस्पताल के स्टोर रूम में लगी आग, रास्ता नहीं होने के कारण दमकल वाहन से आग नहीं बुझाई जा सकी

# भारी नुकसान : दवा व दस्तावेज समेत लाखों रुपये का सामान जलकर खाक

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

अनुमंडलीय अस्पताल के स्टोर रूम में आग लगने से दवा और दस्तावेज समेत लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। घटना मंगलवार की सुबह लगभग 7 की है। घटना की सूचना मिलने के बाद अस्पतालकर्मियों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

स्टोर रूम में रखा गया दवा व अन्य सामग्री जलकर खाक हो गया। इसकी सूचना मिलने पर दमकल वाहन भी अस्पताल पहुंचा लेकिन अस्पताल जाने के लिए रास्ता नहीं होने के कारण दमकल वाहन से आग नहीं बुझाई जा सकी। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक सुबह में सफाईकर्मी राजमति अस्पताल की सफाई के दौरान स्टोर रूम से धुआं निकलता देख वहां जाकर देखा और ड्यूटी पर तैनात डॉ



कैसर आलम को सूचना दी। डॉ कैसर आलम ने डीएस डॉ सुचित्रा को सूचित कर अस्पतालकर्मियों के आग बुझाने में जुट गए। फौरन डीएस डॉ सुचित्रा भी अस्पताल पहुंच गईं, उन्होंने स्टोर रूम में लगे आग को देख ताला तोड़कर सामान को बचाने का प्रयास



किया लेकिन तब तक काफी देर हो चुका था। स्टोर रूम में रखा गया दवा, फर्नीचर, पुराना दस्तावेज सहित अन्य सामान जल चुका था। अस्पताल की बाउंड्री में स्थित आम को तोड़ने वाले बच्चों द्वारा आग लगाने की संभावना जतायी जा रही है। हालांकि गनीमत रही कि आग को समय पर काबू पा लिया गया नहीं तो बड़ा हादसा भी हो सकता था। जले स्टोर रूम के बगल में कुपोषण उपचार केंद्र, दवा भंडार, प्रसव कक्ष, प्रसूति गृह भी आग की चपेट में आ सकता था जिससे बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। जानहानि भी हो सकती थी। इस संबंध में डीएस डॉ सुचित्रा कुमारी ने बताया कि सफाईकर्मी राजमति ने सफाई के दौरान देखा कि अस्पताल की बाउंड्री में पीछे कुछ बच्चों को आम तोड़ते देखा था। उन्होंने संभावना जतायी कि आम तोड़ने के क्रम में बच्चों ने ही आग लगा दी जिसके कारण स्टोर रूम जलकर राख हो गया। घटना में एक्सपायर दवाएं, पुराने दस्तावेज, पुराने फर्नीचर व लगभग 40-50 हजार रुपये का अन्य सामान जल गया है। बकौल डीएस उन्होंने इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दे दी है।

## NEWS इन ब्रीफ

### महिंद्रा के शोरूम का किया गया उद्घाटन



**गढ़वा।** शहर के टंडवा में महिंद्रा के एम शॉप मैसर्स कुलदीप ट्रेडर्श का उद्घाटन युवा समाजसेवी विकास दुबे, महिंद्रा टीम देवज्योति मुखर्जी, संतोष गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर काट कर किया। मौके पर प्रोपराइटर अनुज कुमार तिवारी, डीबी रोहित आनंद, गजेंद्र सिंह, डीएसआर सुधांशु पाठक दिलीप तिवारी, पंकज द्विवेदी, रिशु दुबे टिंकू दुबे आदि उपस्थित थे।

### बाइक की चपेट में आने से बच्चा घायल

**गढ़वा।** श्री बंशीधर नगर भवनाथपुर सड़क में तुलसी दामर के समीप मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक बच्चा घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में लाया गया। घायल व्यक्ति श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के अलकर गांव निवासी रामप्रवेश सिंह का 10 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार बताया जा रहा है। बताया गया कि वह टेंपो पर सवार होकर अपना घर जा रहा था। इसी बीच तुलसी दामर के समीप ऑटो से उतर रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक ने धक्का मार दिया।

### बाइक पर सवार एक युवक हुआ घायल

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के पचफेड़ी में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक पर सवार एक युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के संग्रह गांव निवासी उपेंद्र के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह गढ़वा से अपने घर जा रहा था। पचपेड़ी मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। उसे रिम्स रेफर किया है।

### लाखों की चोरी

**मेराल।** थाना क्षेत्र के लखेया गांव के मुरहवा टोला में शनिवार की रात्रि में बरती देवी पति धर्मेंद्र चौधरी के घर में अज्ञात चोरों ने लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। उक्त घटना को लेकर पीड़ित परिवार द्वारा थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए आवेदन दिया है।

## खेल मैदान का बिना समतलीकरण कराए मजदूरी की निकासी

# मनरेगा के तहत संचालित कार्यों में लूट की खुली छूट

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत संचालित कार्यों में प्रखंड पदाधिकारियों एवं कर्मियों की मिलीभगत से लूट की खुली छूट मची हुई है। पहला मामला राजकीय बुनियादी विद्यालय भवनाथपुर के खेल के मैदान में मनरेगा व पंचायत निधि मद से 4.83 लाख रुपये की लागत से बनाये जा रहे खेल मैदान का बिना समतलीकरण कराये बगैर मजदूरी मद 2.90 लाख रुपये में से योजना के मेठ द्वारा फर्जी मजदूरों के नाम 38484 रुपये की फर्जी निकासी कर ली गई है, जबकि खेल मैदान का समतलीकरण के नाम पर मेठ द्वारा मैदान में मिट्टी की कटिंग व फिलिंग कराये बिना मैदान के किनारे में सिर्फ दो ट्रैक्टर मिट्टी गिरा कर छोड़ दी गई है।



वहीं रोजगार सेवक धर्मराज सिंह ने बताया कि इसमें मेरा कोई रोल नहीं है। बीडीओ व बीपीओ के कहने पर कार्य चालू कराया गया है, जबकि उसी योजना में 15 वें वित्त की राशि 1.93 लाख रुपये की लागत से हो रहे शौचालय तथा चेंजिंग रूम के निर्माण में संवेदक द्वारा पंचायत कर्मियों की मिलभगत से स्कूल परिसर में वर्षों पूर्व बनाये गये शौचालय को तोड़कर उसमें से निकाली गई घटिया किस्म की ईंटों को शौचालय और चेजिंग रूम में धड़ल्ले से लगाया जा रहा है। इससे उक्त योजना की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। इस कारनामे में संवेदक के साथ पंचायत के कर्मियों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। शौचालय व चेजिंग रूम निर्माण में मंगलवार को 9 वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक नाबालिग लड़की रेशमी कुमारी काम करती हुई नजर आई। उसने बताया कि वह अपनी मां के बदले में यहां काम कर रही है।

### ज्यादातर कुएं कागजों में खोद डाले

दूसरा मामला कैलान पंचायत का है। यहां सिंचाई की सुविधा बढ़ाकर खेती को बढ़ावा देने हेतु कूप योजना में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। पंचायत कर्मियों की मिलीभगत से ज्यादातर कुएं कागजों में खोद दिए गए। कैलान निवासी रामधनी यादव के खेत में हो रहे कूप निर्माण में योजना के मेठ की जानकारी के बगैर बिचौलियों द्वारा कार्य से अधिक राशि की निकासी मजदूरी भुगतान में रूप में कर ली गई है। वहीं कुएं के नाम पर बिचौलियों द्वारा गड्ढे खोदकर छोड़ दिया गया। उक्त कूप निर्माण में बिचौलियों द्वारा सिर्फ 8 से 10 फीट पूर्व में बने गड्ढे को साफ सफाई कर मजदूरी के रूप में अब तक 79 हजार 200 सौ रुपये फर्जी मजदूरों के नाम पर पैसे की निकासी कर ली गई है। उधर योजना के मेठ रामधनी यादव ने पैसा की निकासी होने के बावजूद अपने खेत में कुआं नहीं खोदे जाने को लेकर बीडीओ व संबंधित कर्मियों से गुहार लगाई है। मेठ रामधनी यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि गांव के स्वयं सेवक उपेंद्र कुमार यादव ने कुआं खोदवाने की बात कह मस्टररोल पर डिमांड भरकर पैसा की निकासी की है। पैसा निकासी होने के बाद जब उससे कूप खोदने की बात कही तो वह सिर्फ 8 फीट गड्ढा खोदकर ज्यों का त्यों छोड़ दिया है। अगर समय पर कूप निर्माण हो जाता है, फसल की पटवन करने में सहूलियत मिलेगी। इस मामले में पूछे जाने पर बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि खेल मैदान में यदि काम कराए बिना पैसे की निकासी हुई है, तो जेई को निर्माण स्थल पर भेजकर जांच कराने के बाद अगली कारवाई की जाएगी।

# देश में दूध का उत्पादन कम : पंडित

## 10 दिवसीय गाय पालन प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार से दस दिवसीय गाय पालन सह वर्मी कंपोस्ट प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला पशुपालन पदाधिकारी सनत कुमार पंडित, अचला पंचायत के मुखिया मुखराम भारती, संस्था के फैकेल्टी मिथिलेश कुमार सिंह और पंकज कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।




प्रशिक्षण का शुभारंभ करते जिला पशुपालन पदाधिकारी सनत कुमार पंडित और जिला पंचायत के मुखिया मुखलाल भारती।

इस मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी सनत कुमार पंडित ने कहा कि हमारे दूध उत्पादन के मामले में हम विश्व में सबसे ज्यादा है परंतु यह उत्पादन सबसे ज्यादा जानवर होने के कारण है। दूध का औसत उत्पादन हमारे यहां कम है, हम सभी लोगों को मिलकर उत्पादन को बढ़ाने की जरूरत है और यह उत्पादन तभी बढ़ेगी जब हम सभी लोग गाय के रखरखाव और उसके प्रबंधन पर विशेष ध्यान देंगे। हमारे यहां बेहतर प्रबंधन नहीं होने के कारण हमारे यहां के गाय औसत दूध देती है। उन्होंने कहा कि जिले में दूध की उत्पादन बेहतर है, हमारे यहां से दस हजार लीटर दूध जमा कर प्रोसेसिंग के लिए लातेहार भेजा जाता है, फिर वहा से मेघा डेरी के नाम से बाजार में आता है। आप सभी लोग प्रशिक्षण का लाभ उठाएं और प्रशिक्षण के पश्चात गाय पालन कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। मुखिया मुखराम भारती ने कहा कि आप सभी लोग स्वरोजगार प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करने आए हैं। प्रशिक्षण में के दौरान दी जाने वाली जानकारी को आप बेहतर तरीके से हासिल करें ताकि जब आप स्वरोजगार करना शुरू करें तो आपको गाय पालन से संबंधित जानकारी के लिए आपको किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़े। सरकार की ओर से मुख्यमंत्री पशुधन योजना आप लोगों के लिए चलाई जा रही हैं आप लोग सरकार की योजनाओं का लाभ लें सरकार अनुदान पर लोगों को गाय उपलब्ध करा रही है। संस्था के संकाय मिथिलेश कुमार सिंह ने कहां की संस्था की ओर से विभिन्न ट्रेडों में निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। पंकज कुमार वर्मा ने कहा की आप लोगों को दस दिनों तक गाय पालन से संबंधित ट्रेनिग दिया जायगा ट्रेनिग के दौरान संस्था के नियम का पालन करते होए आप लोग प्रशिक्षण लेगे। इस मौके पर रुस्तम अली, अभिषेक तिवारी, सुरेंद्र रविदास शामिल थे।

## ताइकांडो प्रशिक्षण शिविर का समापन




**गढ़वा।** स्वर्गीय विमला देवी मेमोरियल तीन दिवसीय ताइकांडो प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक गढ़वा, मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक नीतीश कुमार निशांत विशिष्ट अतिथि और प्रखंड विकास पदाधिकारी डंडा संतोष कुमार रहे। मौके पर गढ़वा जिला ओलंपिक संघ वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, स्वास्थ्य प्रतिनिधि कंचन साहू, संतोष केसरी, गढ़वा बॉक्सिंग संघ सचिव रामप्रवेश तिवारी, डॉ गौरव विक्रम, डे बोर्डिंग प्रशिक्षक प्रभात तिवारी सुबोध पाठक, दिलीप गुप्ता, विकास केसरी संजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

## तीन आरोपी गिरफ्तार एक नाबालिग भी धरा

**मेराल।** थाना पुलिस ने नाबालिग लड़के सहित सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया। नाबालिग को बाल गृह सुधार भेजा गया। जतीसर टेटुका गांव निवासी नूरानी अंसारी पिता अयूब अंसारी, लातदाग गांव निवासी उमाशंकर पासवान दुलदुलवा गांव निवासी सदाकत अंसारी के नाम शामिल हैं। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि हासनदाग पंचायत भवन में लगे सोलर प्लेट को चोरी करने के दौरान एक नाबालिग को ग्रामीणों द्वारा पकड़ कर पुलिस को सौंपा गया। पुलिस ने एक चोर नूरानी अंसारी को गिरफ्तार किया, जबकि उमाशंकर को पत्नी को प्रताड़ित करने व आत्महत्या के लिए मजबूर करने के लिए एवं दुलदुलवा गांव निवासी सदाकत अंसारी को अपने भाई पर जानलेवा हमला के आरोप में गिरफ्तार किया है।

## जीयर स्वामी ने महायज्ञ की तैयारी का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी महाराज ने मंगलवार को पाल्हे-जतपुरा गांव में संकल्पित चातुर्मास्य व्रत एवं श्रीरामानुजाचार्य सहस्त्राब्दी जयंती स्मृति महामहोत्सव सह श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तैयारी का जायजा लिया और समिति को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। महाराज ने प्रवचन पंडाल, अतिथिशाला, पाकशाला व बाहर से आने वाले साधु संतों एवं श्रद्धालुओं के विश्रामस्थल, पार्किंग स्थल आदि का जायजा लिया। उन्होंने यज्ञ समिति के लोगों को बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का आतिथ्य सत्कार करने एवं उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी न हो इस पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। महाराज ने समिति के लोगों को यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं



की होने वाली संभावित भीड़ को देखते हुये यज्ञ स्थल परिसर में 50 से अधिक शौचालय, 20 यूरिनल, 20 स्नानागार का निर्माण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रकाश एवं पेयजल की भी उत्तम व्यवस्था करने का निर्देश दिया। मौके पर श्यामसुंदर दूबे, तारकेश्वर पांडेय, समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे, सचिव अनीश शुक्ल, उपसचिव सुनील चौबे, लेखा पदाधिकारी धीरेंद्र चौबे, नरसिंह नारायण शुक्ल, बिरगेश शुक्ल, राजनारायण शुक्ल आदि मौजूद थे।

## मतदाता सूची का विखंडीकरण का निर्देश

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को नगर पंचायत क्षेत्र के सभी बीएलओ की बैठक सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ श्रवण राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बीडीओ ने बैठक में उपस्थित सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों को नगर पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुये मतदाता सूची का विखंडीकरण करने का निर्देश दिया। प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी उत्तम रंजन ने सभी बीएलओ को मतदाता सूची का विखंडीकरण निष्पक्ष तरीके से करने का निर्देश दिया। बीएलओ पर्यवेक्षक अखिलेश गुप्ता, कौशल कुमार, अशोक कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर मुखलाल उरांव, बीएलओ सुशीला गोस्वामी, रवीना खातून, संगीता देवी उपस्थित थे।

## पीएम आवास के लाभुकों को बीडीओ ने चेताया

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों में प्रधानमंत्री आवास का पैसा लेकर नहीं बनाने वाले लाभुकों पर अब कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पिछले दिनों बीडीओ गणेश महतो, थाना के एएसआई सुरेंद्र नाथ दुबे मझिगावां पंचायत के कोशलीवार, लामी, चिनियाही, अमरोरा आदि गांवों में लाभुकों के घर पहुंचकर आवास पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही निर्देश दिया कि अगर आपलोग आवास का काम शुरू या पूर्ण नहीं करते है तो एक सप्ताह के अंदर आवास की एकमुश्त की राशि 40 हजार रुपये प्रखंड कार्यालय में जमा करें। वरना पैसा लेकर आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों पर कार्रवाई की जायेगी, जिसका लाभुक खुद जिम्मेदार होंगे। इसके लिए संबंधित

### आवास नहीं बनाने वालों पर होगी कार्रवाई

पंचायत के सचिव, स्वयंसेवक को दो दिनों का समय दिया गया है। दो दिनों के अंदर आवास निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं कराते हैं, तो उनके विरोध कार्रवाई की जायेगी। वहीं जो लाभुक आवास पूर्ण नहीं करेंगे या लापरवाही बरतेंगे उनसे राशि की रिकवरी करते हुए कानूनी कार्रवाई की जायेगी। प्रखंड के मझिगावां पंचायत में 185 प्रधानमंत्री आवास नहीं बनाए गए हैं, जबकि 157 लाभुकों को आवास की पहली किस्त तथा 28 लाभुकों को दोनों किस्त की राशि दे दी गई है। वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2021-22 में प्रखंड में कुल 5903 लाभुकों को आवास दिया गया था। इनमें अबतक 5258 लाभुकों ने अपना आवास पूर्ण कर लिया है।

## गड़बड़झाला | शराब की कीमत सेल्समैन मर्जी से तय कर रहा

# सरकारी दुकान में अवैध वसूली का खेल

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

सरकारी शराब की दुकानों पर अवैध रूप से वसूली का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। शराब की कीमत सेल्समैन द्वारा अपनी मर्जी से ही तय कर ली गई है। आबकारी नीति के अनुसार हर दुकान पर शराब की कीमत को दर्शाने वाली सूची मोटे अक्षरों में लगानी जरूरी है, मगर एक भी दुकान पर यह सूची नहीं लगी हुई है। शराब दुकानों पर निर्धारित कीमत से अधिक राशि वसूलने के बारे में जानकारी आबकारी विभाग के अधिकारियों को होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

प्रखंड में शराब की दो दुकानें एक कपूर्री चौक के समीप एवं




दूसरा टाउनशिप रोड के तलाब के समीप संचालित हो रही हैं। आबकारी अधिनियम और नियम के तहत प्रत्येक शराब की दुकान के बाहर उस दुकान में कौनसा ब्रांड है और उसकी कीमत क्या है उसकी जानकारी के लिए बाहर रेट चार्ट लगाना जरूरी होता है, लेकिन प्रखंड में संचालित होने वाली अंग्रेजी शराब की दुकानों पर इस तरह के किसी भी नियम की पालना नहीं हो रही है। स्थिति यह है कि शराब के दाम आबकारी विभाग की ओर से तय दाम से तीस रुपये से पचास रुपये तक ज्यादा लिया जाता है। एक ग्राहक ने बताया कि सेल्समैन के द्वारा 210 के दारू को 220 रुपये बेचा जा रहा है। इसका विरोध करने पर सेल्समैन के द्वारा बोला गया कि ऊपर से ही हम लोग को ज्यादा लेने के लिए बोला गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि मामले की जानकारी नहीं है। अगर इस तरह किया जा रहा है तो गलत है। अधिकारी को बोल कर हम जांच कराते हैं। इस संबंध में उत्पाद अधिक्षक निरमल कुमार ने कहा कि एमआरपी से एक रुपये भी ज्यादा नहीं लेना है। दुकान पर जो लड़के रह रहे हैं वे बदमाश हो गए हैं। उनलोग को हटाना है।

## एसबीआई की भवनाथपुर शाखा के खिलाफ शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

भारतीय स्टेट बैंक की भवनाथपुर शाखा में ग्राहक के जमा चेक को गायब करने एवं ग्राहक को मानसिक एवं आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने को लेकर भवनाथपुर थाना क्षेत्र के टाउनशिप के सेल सेवानिवृत्त राजदेव प्रसाद ने श्रीबंशीधर नगर एसडीओ को आवेदन देकर कारवाई करने एवं बेवजह काटे गए शुल्क को वापस कराने की मांग की है।

आवेदन में राजदेव प्रसाद ने उल्लेख किया है कि श्रीबंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने आवेदन के आलोक में शाखा प्रबंधक नीलेश्वर कुमार को अपना पक्ष रखने के लिए 2 जून को अनुमंडल कार्यालय बुलाया था, परंतु शाखा प्रबंधक अनुमंडल कार्यालय में उपस्थित नही हुए। इस संबंध में पूछे जाने पर शाखा प्रबंधक नीलेश्वर

### बेवजह काटे गए पैसे को वापस कराने की मांग

कुमार ने कहा कि राहदेव प्रसाद द्वारा किसी भी तरह का आवेदन मेरे पास नहीं दिया गया है। अनुमंडल कार्यालय से मुझे जानकारी मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उसने चार वर्ष उक्त शाखा से एक चारपहिया वाहन ऋण लिया था, जिसके एवज में बैंक में चार चेक जमा किये थे। उसने 2022 में ही पूरा ऋण चुका दिया। इसके बाद जमा चेक वापस मांगे तो चेक गुम होने की बात कही। इस पर शाखा प्रबंधक ने निशुल्क चेक रद करने की बात कह कर आवेदन देने के लिए कहा गया। चेक को रद करने के लिए आवेदन देने के बाद बैंक की ओर से शुल्क कटौती कर ली गई, जो अब तक वापस नहीं की गई।

### आपसी रंजिश में घटना को दिया गया अंजाम, शव एक घर में फेंका

# युवक की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा (चतरा)**
अति उग्रवाद प्रभावित कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत भौरुडीह गांव के युवक की पीट-पीटकर व गला दबाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। युवक की पहचान भौरुडीह गांव निवासी लखन यादव के 18 वर्षीय पुत्र नंदकिशोर यादव के रूप में की गई है। पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आगे की कारवाई शुरू कर दी है। इधर परिजनों का आरोप है की गांव के ही युवको ने पहले बेरहमी से पीट-पीट कर अधमरा कर दिया उसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी और गांव के पास एक घर में शव को साक्ष्य छुपाने के लिए फेंक दिया। मृतक के पिता ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग करते हुए बताया कि रविवार शाम को नंदकिशोर पास के गांव में तिलक समारोह में शामिल होने गया था। जब घर नहीं लौटा तो


मृतक का फाइल चित्र

परिजन खोजबीन में जुट गए, लेकिन वह नहीं मिला। नंदकिशोर के शव को गोतिया के बन रहे घर में फेक दिया गया था। इसकी जानकारी तब हुई जब एक महिला दियाबाति अपने घर आई तो देखा कि शव पड़ा हुआ है। महिला ने इसकी जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद परिजनों ने कुंदा थाने को सूचना दी। परिजनों का आरोप है कि गांव के ही चार लोगों के द्वारा पूर्व में धमकी दी गई थी कि नंदकिशोर को जान से मार देंगे और उपरोक्त सभी ने मिलकर 4 जून की रात में मेरे पुत्र नंदकिशोर की हत्या कर दी। साथ ही आरोप लगाया गया है कि गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा घटना में शामिल लोगों को बोला गया था कि उसको जान से मार दो हम थाना पुलिस समझ लेंगे। दूसरी ओर शव को पोस्टपार्टम कराने के उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी कौशल किशोर कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की धर पकड़ को लेकर छापामारी की जा रही है। जल्द सभी को गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया जायगा। बताया कि हत्या के कारण आपसी रंजिश या प्रेम प्रसंग दोनों स्थिति की जांच की जा रही है।

# कलश यात्रा के साथ महारुद्र यज्ञ शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
प्रखंड अंतर्गत पिंडारकोम ग्राम स्थित शिव मंदिर परिसर में सप्त दिवसीय महारुद्र यज्ञ का आयोजन किया गया है। इसको लेकर महायज्ञ समिति अध्यक्ष गिरधारी यादव की अध्यक्षता में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा हजारों महिला, पुरुष एवं बच्चे श्रद्धालु गाजा बाजा के साथ सज धज कर सिर पर कलश लिए रामघाट पहुंचे और वहां विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरकर वापस महायज्ञ स्थल पहुंचे।

कलश यात्रा में पूर्व विधायक प्रकाश राम, लातेहार विधानसभा क्षेत्र के राजद नेता सुरेश राम एवं प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, व्यास यादव, भाजपा नेता शैलेश सिंह, मुखिया बिमला देवी सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। बता



दें कि इन 7 दिनों तक आचार्य बाबा विनोद मिश्र द्वारा कथा कही जाएगी एवं यज्ञ संपन्न कराया जाएगा। मौके पर गिरधारी यादव, समिति मनोज यादव, गंगेश्वर यादव, संतोष यादव, रोशन यादव, प्रदीप यादव, तिवारी यादव, राजेंद्र यादव, महादेव यादव, रामेश्वर यादव, संजय यादव, गणेश यादव, बुधन यादव, दिलमन यादव, दिलीप यादव, राजेश यादव, काली यादव आदि लोगों की अहम भूमिका है।

## आरपीएफ पुलिस ने पांच को पकड़ा

**बरवाडीह।** धनबाद रेल मंडल के बरवाडीह रेलवे स्टेशन में आरपीएफ पोस्ट के इचार्ज पुलिस इंस्पेक्टर ओम प्रकाश ठाकुर के नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान में पांच लोगों को विभिन्न धाराओं के तहत पकड़ा गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आरपीएफ पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान में महिला बोगी में अनधिकृत रूप में यात्रा कर रहे रेलवे एक्ट 162 के तहत दो लोगों को पकड़ा गया, जबकि विकलांग बोगी में यात्रा कर रहे 2 लोगों को रेलवे एक्ट 155 एवं रेलवे के पूर्व से 153 रेलवे एक्ट में फरार चल रहे अभियुक्त को पकड़ा गया है। धारा 153 के तहत में पकड़े गए अभियुक्त को आरपीएफ पुलिस द्वारा मेडिकल जांच भी कराई गई है।

## NEWS इन ब्रीफ

### पुलिस कर्मियों को फर्स्ट एड का प्रशिक्षण

**बारियातु।** थाना परिसर में बालूमाथ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेश राम ने मंगलवार को थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी सहित सभी एसआई, पुलिस कर्मियों को प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से एसआई बिंदेश्वर महतो, दीपक नारायण सिंह, रवि कुमार, बालेश्वर गंझू, निरज दूबे, मिथलेश सिंह, द्वारीका नाथ पांडेय, राजेश महतो सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।

### मदरसा बोर्ड की परीक्षा की हुई शुरुआत

**बालूमाथ।** मदरसा शिक्षा बोर्ड की वस्तानिया एवं फोकानिया की परीक्षा बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रारंभ हुआ। राजकीयकृत उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सह केंद्राधीक्षक रूबी बानो, दंडाधिकारी अजय उरांव, वीक्षक के रूप में पंकज कुमार, ललिता कुमारी, अश्वनी कुमार, प्रयाग कुमार, भोलेनाथ श्रीवास्तव, सुरेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार, निरंजन कुमार, शिव कुमार भगत, सुनीता देवी तैनात दिखे।

### मनरेगा बीपीओ ने दिया योगदान

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ) रामकुमार सिंह ने मंगलवार को योगदान दिया। बीपीओ ने बीडीओ की अनुपस्थिति में योगदान नाजिर के समक्ष दिया। बीपीओ ने कहा कि मनरेगा के तहत संचालित योजना को धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता है।

### बीडीओ ने जागरुक्ता रथ को दिखई हरी झंडी

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** मंगलवार को पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय परिसर से बीडीओ सह प्रभारी सीओ मोनी कुमारी ने हरी झंडी दिखा कर चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो के जागरूकता रथ को रवाना किया। स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) के अंतर्गत 5 से 12 जून तक चलने वाले चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के तहत माहवारी स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### लोडेड कट्टा, 10 क्विंटल लोहा, एक कारतूस आदि बरामद

# बिजली टावर कटिंग करते हुए पुलिस ने चार को दबोचा

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
चंदवा पुलिस को आन किता जंगल से टावर कटिंग करते हुए रंगे हाथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। उनके पास से एक लोडेड कट्टा, एक कारतूस, करीब 10 क्विंटल लोहा, लोहा काटने का ब्लेड, तार काटने की मशीन, चार मोबाइल फोन और दो पल्सर बाइक बरामद की गई है।

चंदवा थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि पिछले कई महीनों से केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड कंपनी द्वारा चंदवा थाना क्षेत्र के अनगड़ा सब स्टेशन से लातेहार सब स्टेशन के बीच 400 केवी हाईटेंशन तार खिचाव का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान केईसी इंटरनेशनल कंपनी का कई बार हाईटेंशन तार एवं टावर को अज्ञात चोर के द्वारा काट कर चोरी कर लिया गया, जिसकी प्राथमिकी दर्ज कर लगातार छापामारी की जा रही है। इसी दौरान सोमवार की रात्रि कंपनी के सुपरवाइजर द्वारा



चंदवा थाना में आवेदन देकर बताया गया कि आन किता के जंगल में लगे टावर पार्ट्स को अज्ञात चोरों द्वारा काट कर चुराया जा रहा है। सनहा दर्ज करते हुए चंदवा पुलिस ने टीम गठित कर किता में टावर कटिंग करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम :** विनोद उरांव उर्फ सतेंद्र उरांव, पिता लालदेव उरांव (ग्राम चिरुआ, थाना टंडवा, चतरा), विकास उरांव, पिता शामू उरांव (ग्राम मूर्तिया, चंदवा, लातेहार), बीरबल उरांव, पिता चैता उरांव (ग्राम हिसरी, चंदवा लातेहार) और सुलेन्द्र गंझु, पिता स्व. रामसुंदर गंझु (ग्राम पतरा टोली, चंदवा लातेहार)। **छापमारी दल मे ये थे शामिल :** पुअनि कुंदन कुमार, दिब्य प्रकाश, सुनील टूटी, हव. कलीमुल्लाह आजाद, बाबूलाल राम के अलावे सैट 202 के सशस्त्र बल शामिल थे।

# लोभ में नन्हे बच्चों की जान संकट में डाल रहे निजी स्कूलों के संचालक

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
सरकार के आदेशों को ताक पर रखकर जिले के लावालौंग प्रखंड मुख्यालय में आवासीय स्कूल लिटिल फ्लावर एवं प्रतिमा ज्योति आवासीय स्कूल एवं बाजारटांड़ स्थित डिस्कवरी प्ले स्कूल का संचालन किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि तपती धूप व चिलचिलाती गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने तत्काल आगामी 11 जून तक सभी कैटेगरी के स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया है, पर उपरोक्त स्कूल का संचालन कर नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। वहीं बारियातु, मनिका के साथ लावालौंग के डिस्कवरी प्ले स्कूल के संचालक के द्वारा सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए स्कूल का संचालन किया जा रहा है। उक्त दो आवासीय विद्यालय 5 जून से संचालित किए जा रहे हैं। वहीं डिस्कवरी प्ले स्कूल एक सप्ताह पूर्व से ही संचालित हो रहा है। इन स्कूलों में कुछ बच्चे ऐसे भी हैं जो हॉस्टल में ना रह कर छः सात किलोमीटर दूर से आते हैं और छुट्टी होने के बाद चिलचिलाती धूप में पैदल घर जाते हैं। यही नहीं उक्त स्कूलों में ना तो बच्चों के रहने की कोई उचित व्यवस्था है और ना ही



पढ़ने की। लावालौंग के दोनों आवासीय स्कूलों में मासूम बच्चे जमीन पर सोने को मजबूर हैं। जबकि आसपास घना जंगल होने के कारण सांप व बिच्छू का बेहद खतरा बना हुआ रहता है।

यही नहीं स्कूल के कमरों में खिड़की और बिजली की उचित व्यवस्था तक नहीं है। बच्चों को यहां ऐसे रखा जा रहा है मानो काजी हाउस में जानवरों को रखा गया हो। उक्त सभी विद्यालयों में शिक्षकों की बात करें तो यहां 10 वीं 12 वीं पास शिक्षक ही बच्चों के बागडोर को निर्धारित कर रहे हैं। आवासीय विद्यालयों के डायरेक्टर व शिक्षक बच्चों को हाफ पैंट और गंजी में पढ़ाते नजर आए। ऐसे में बच्चों के अंदर कौन सा संस्कार भरा जाएगा यह भी ऊपर वाले पर ही निर्भर करता है। स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के लिए बोर्ड तक की व्यवस्था नहीं है। बच्चों को सोने जागने एवं अन्य क्रियाकलापों का कोई रूटीन नहीं। इस बाबत बीईओ संतोष कुमार सिंह ने कहा कि अवैध तरीके से संचालित उक्त स्कूलों की जानकारी मुझे नहीं है। अगर स्कूल संचालकों के द्वारा मासूम बच्चों के भविष्य के साथ इस प्रकार का खिलवाड़ किया जा रहा है तो स्कूल को सील कर संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वन विभाग ने 10 बोरा बीड़ी पत्ता किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के छिपादोहर पूर्वी वन क्षेत्र प्रभारी रेंजर शंकर पासवान के नेतृत्व में अवैध बीड़ी पत्ता व्यवसायियों पर अंकुश लगाने के लिए किए गए छापामारी में 10 बोरा अवैध बीड़ी पत्ता जब्त किया गया। मंगलवार को छिपादोहर के जुरूहर जंगल से रेंजर शंकर पासवान, नव प्रोन्नत रेंजर नंद कुमार मेहता समेत अन्य वनकर्मियों के सहयोग से छापामारी कर वन तस्करों द्वारा जंगल से तुड़ाई कर बीड़ी पत्ता को बोरे में भरकर बाहर भेजने की तैयारी की जा रही थी। इसी क्रम में रेंजर द्वारा 10 बोरी बीड़ी पत्ता जब्त किया



गया। वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए जब्त किए गए बीड़ी पत्ते को परिसर में रखा गया है। इस संबंध में रेंजर शंकर पासवान एवं नंदकुमार मेहता ने कहा किवन क्षेत्र में अवैध बीड़ी पत्ता कारोबारियों पर अंकुश लगाने हेतु नियमित छापामारी किया जा रहा है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर बख्शा नहीं जाएगा।

## अंचल में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू का प्रदर्शन

**लातेहार।** लातेहार अंचल में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी का तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन जिला अध्यक्ष अमित पांडे के नेतृत्व में मंगलवार को भी जारी रहा।

धरना प्रदर्शन के दौरान सीओ को बर्खास्त करो, भ्रष्टाचार खत्म करो सहित कई नारों से वातावरण गूंजता रहा। मौके पर जिला सचिव वीरेंद्र ठाकुर, जिला प्रवक्ता नितेश पांडे, बिजेंद्र दास, कुंदन जायसवाल, राजा दुबे, संकर उरांव, अमर उरांव, राहुल मिश्र, अभिषेक कुमार, ताज मोहम्मद, संजय तिवारी, प्रीतम आदि सैकड़ों कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में मौजूद थे।

# हिंडालको ने मनाया पर्यावरण दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
प्रखंड के चकला पंचायत सचिवालय में हिंडालको कोल माइंस ने पर्यावरण दिवस मनाया। पौधा लगाकर व जुट के बैग बांटकर कंपनी ने पर्यावरण के प्रति आमजन को संदेश दिया।

चकला के पंचायत सचिवालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हिंडालको कंपनी के एचआर हेड प्रकाश कुमार ने पर्यावरण दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए। इधर चकला मुखिया पूनम एक्का ने कहा कि पर्यावरण के प्रदूषित होने का प्रमुख कारण प्लास्टिक है। हमें अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने का संकल्प लेना होगा।




इसके लिए जुट व कपड़े के थैले का उपयोग करना होगा, जिससे पर्यावरण सुरक्षित संरक्षित रहेगा। कार्यक्रम में ग्रामीणों के बीच जूट का थैला भी बांटा गया। अभियान सचिन शर्मा के नेतृत्व में चलाया गया। ग्रामीणों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान की जानकारी भी दी गई।

## 'भाजपा सरकार में विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ'

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित राजद मजदूर प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोज यादव के आवास में राजद युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक यादव की अध्यक्षता में संपूर्ण क्रांति दिवस मनाया गया। दीपक यादव ने कहा कि भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार का 9 वर्ष पूर्ण हो गए लेकिन विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ। आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को करारा जवाब देगी। मौके पर दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तुलसीराम, वरिष्ठ नेता मनोज यादव, श्याम सुंदर यादव, युवा कमेटी के प्रखंड उपाध्यक्ष राजेंद्र मुंडा, श्याम बिहारी यादव, बबलू यादव, हरिलाल गंझू, निर्मल यादव आदि उपस्थित रहे।

**पहल** — श्रीराम वाटिका व निःशुल्क अन्नपूर्णा भोजनालय का उद्घाटन

# 'राम का नाम लेने से ही मिट जाते हैं सब दुःख'

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
प्रसिद्ध श्रीराम कथा वाचक राजन महाराज ने कहा कि राम का नाम लेने मात्र से ही मानव के समस्त दुःख दूर हो जाते हैं। आज के इस आधुनिक व भौतिक युग में भी राम प्रसांगिक हैं। हमें राम को अपने अंदर उतारना है, तभी इस जीवन से मोक्ष मिल सकती है।

राजन महाराज ने शहर के अमवाटीकर मोड़ में श्रीराम वाटिका व निःशुल्क अन्नपूर्णा भोजनालय का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उद्घाटन किया। राजन ने अपने संदेश में आगे कहा कि कलयुग में हम लाख जाप व हवन कर लें, हमें वह लाभ नहीं मिलेगा। जिस श्रद्धा व विश्वास से यह सब होना चाहिए वह नहीं हो पा रहा है। आज तो लोग पांरपरिक विधि-विधान को छोड़ कर आधुनिकता



का लिबास ओढ़ कर यज्ञ व हवन करते हैं। इससे कभी पुण्य नहीं होगा। राम सुमीरण से ही मोक्ष मिलेगा। उन्होंने श्रीराम वाटिका के संचालक रामनाथ अग्रवाल व श्याम अग्रवाल को बधाई देते हुए कहा कि इन्होंने अपने इस प्रतिष्ठान का नाम श्रीराम वाटिका रख कर बड़ा नेक काम किया है। इससे यह होगा कि जब-जब भी लोग इस प्रतिष्ठान का नाम लेंगे, उनके मुंह से श्रीराम का नाम निकलेगा। यह बहुत ही पुणित कार्य है। इससे पहले उन्होंने संतोष मिश्र के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उद्घाटन किया। कार्यक्रम में अग्रवाल ने राजन महाराज का माल्यापर्ण कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में प्रमोद शास्वत, वृंदा प्रसाद, राजधनी प्रसाद यादव, सुशील कुमार अग्रवाल, गजेंद्र प्रसाद, बजरंगी अग्रवाल, अमीत किशोर अग्रवाल, महेंद्र प्रसाद शौंडिक, शत्रुघ्न प्रसाद, सुनील शौंडिक, पंकज तिवारी, जीतेंद्र पाठक, दिनेश महलका, दीपक कुमार अग्रवाल, राकेश कुमार दुबे, राजीव रंजन पांडेय, निर्मल महलका, मनोज विश्वकर्मा, मुरली प्रसाद अग्रवाल, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल व दीपक कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम के बाद राजन जी महाराज सड़क मार्ग से रांची के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान पूरा माहौल राममय हो गया।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर : प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
भारतीय जनता पार्टी जिला लातेहार ने महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विकास तीर्थ कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर है। 9 साल कार्यकाल में लातेहार विधानसभा में अनेकों कार्य किए गए हैं। लातेहार प्रखंड के ग्राम पतरातू में एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण, ग्राम बिशुनपुर में महिला डिग्री कॉलेज का निर्माण, ग्राम राजहर में एएनएम प्रशिक्षण महाविद्यालय का निर्माण, ग्राम गोवा में डिग्री कॉलेज, प्रदेश में भाजपा की रघुवर सरकार के सहयोग से लातेहार भाया डीही मुरूप नवादा



हेरहंज तक सड़क एवं पुल निर्माण, उदयपुरा से बालूमाथ प्रखंड को जोड़कर लातेहार से बालूमाथ की दूरी लगभग 20 किलोमीटर कम हुई एवं सिकनी से रिचूघूटा तक पथ घाघरी नदी में पुल साथ मे सासंग बाजार टांड से किता होते हुए सोस बलुआही तक सड़क निर्माण, दूबी से जमीरा पंचायत भवन तक सड़क निर्माण जैसे कार्य किये गये हैं।

इस मौके पर जिला मंत्री कुलामन साहू, बृज मोहन राम, मंडल अध्यक्ष बारियातु लव सिंह, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष आशीष सिंह, संजय साहू, मंडल महामंत्री दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, मंडल मंत्री हीरामणि देवी, वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर साहू, पूर्व मंडल मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद साहू, राज कुमार पाठक, सुरेश यादव, नवाहिर उरांव, अवधेश यादव, अखिलेश भोक्ता, सूरज साह, पप्पू सिन्हा, शैलेश सिंह, मंडल महामंत्री बालूमाथ विजय यादव, उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद, कृष्णा यादव, संतन साहू, जमुना चौधरी, राजू भुईया, राजेंद्र यादव, सुनील मुंडा, राजन भगत, देवमणि वैध, बंधन मिस्त्री आदि उपस्थित रहे।

## लोहरदगा के भक्सो और रामपुर गांव में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने किया ग्रामीणों से संवाद

# लोहरदगा जिले में हो रहा है बेहतर कार्य : राज्यपाल











**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को सदर प्रखंड में भक्सो ग्राम में आयोजित ग्रामीणों के संवाद कार्यक्रम में कहा कि लोहरदगा जिले में बेहतर कार्य हो रहा है। लोहरदगा जिला में 32 हजार परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला हुआ है जिनमें से 92 प्रतिशत लोगों ने अपना आवास पूर्ण कर लिया है, जो काफी बेहतर उपलब्धि है। बाबा साहेब भीम राम अंबेडकर आवास योजना में भी अच्छी संख्या में लोगों को लाभ दिया गया है। उज्जवला योजना अंतर्गत महिलाओं को निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन मिला हुआ है। बिरसा हरित ग्राम योजना के 2284 लाभुक हैं जिनके द्वारा 2 लाख से अधिक फलदार और इमारती वृक्षों के पौधे लगाये गये हैं। बागवानी सखियों द्वारा इनका रखरखाव किया जाता है। जलजीवन मिशन अंतर्गत जिला में 35 प्रतिशत उपलब्धि है जो बेहतर है। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों के स्टॉलों में भूमि संरक्षण, मनरेगा, श्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना, समाज कल्याण, भूमि संरक्षण, कृषि/ सहकारिता/ निबंधक समितियां, राजस्व विभाग के स्टॉल प्रमुख थे। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक, गुमला-सह-प्रभारी पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, संबंधित पंचायत के मुखिया, प्रमुख, उपप्रमुख, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

आप केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानरकारी अवश्य रखें और साथ-साथ दूसरों को भी इन योजनाओं की जानकारी दें ताकि सभी का कल्याण हो सके। राज्यपाल होने के नाते मैं हमेशा लोगों के कल्याण के लिए खड़ा हूं और जिला की बेहतरी के लिए प्रयासरत हूं।

**महिलाएं एसएचजी से जुड़ें, बच्चों को शिक्षित बनाएं :** जो भी माताएं बहने हैं वे आय का एक साधन अवश्य अपनायें। इसके लिए अपने क्षेत्र की महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ें और आय में वृद्धि करें। शिक्षा के बगैर कोई भी भविष्य नहीं है, इसलिए जो भी अभिभावक हैं वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा अवश्य प्रदान करें। बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का लाभ उठाएं। महामहिम द्वारा कार्यक्रम के बाद भक्सो में एक आम का पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम के अंत में राज्यपाल ने उपस्थित ग्रामीण बच्चों के बीच जाकर टॉफियां बांटी।

**रामपुर आनेवाले वर्षो में बनेगा उत्कृष्ट गांव :** रामपुर पंचायत के रामपुर गांव में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए महामहिम राज्यपाल ने कहा कि रामपुर गांव आनेवाले वर्षों में निश्चित रूप से उत्कृष्ट गांव बनेगा। इस क्षेत्र के लोग बहुत जागरूक हैं जो व्यक्तिगत विकास के बारे ना सोचकर समेकित विकास के बारे सोचते हैं। इस क्षेत्र में जो भी सड़कें मरम्मति योग्य हैं उनकी मरम्मति करायी जायेगी। अगर नई सड़कों की आवश्यकता होगी तो उसे भी किसी योजना में लेने का कार्य किया जाएगा। सिंचाई की समस्या दूर करने के लिए नये चेकडैम बनाये जायेंगे। पानी की उपलब्धता के लिए नये चेकडैम बनाये जायेंगे। चिकित्सीय समस्याओं को दूर करने के लिए नये अस्पतालों का भी निर्माण होगा।

**महामहिम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, दिये निर्देश :** महामहिम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सर्वप्रथम भक्सो ग्राम में आमजनों के साथ संवाद किया और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। ग्रामीणों में अमृता लकड़ा द्वारा एलपीजी गैस कनेक्शन, बिजली की समस्या, खराब जलमीनार की समस्या रखी गई। समाजसेवी गोसाई भगत द्वारा मनरेगा मजदूरी दर में बढ़ोत्तरी, विद्युत कनेक्शन, विधवा पेंशन में उम्र कम करने, बारिश में सड़क में जलजमाव की समस्या रखी गई। वही विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन स्वीकृत होने के बावजूद उसकी राशि खाते में कई माह बीत जाने पर भी नहीं जाती है इसकी बात भी ग्रामीणों के द्वारा कही गई। वही रामपुर पंचायत में आयोजित ग्रामीणों के साथ संवाद कार्यक्रम में रामचंद्र टाना भगत द्वारा टाना भगतों के भूमि की वापसी, जमीन की बंदोबस्ती, रक्षा शक्ति विवि में पढ़ाई कर चुके युवाओं को रोजगार से जोड़ने, रणधीर सिंह द्वारा जलस्त्रोतों की गहराई बढ़ाने, चेकडैम का निर्माण कराये जाने, फुलदेव भगत ने प्रतिव्यक्ति आय बढ़ाने, पानी की समस्या को दूर करने, विद्युत व्यवस्था में सुधार किये जाने, शंभू सिंह द्वारा सड़कों का निर्माण, एक अस्पताल, सिंचाई से संबंधित समस्याएं रखी गईं। महामहिम राज्यपाल द्वारा उपरोक्त संबंध में उपायुक्त, लोहरदगा को आवश्यक निदेश दिये। महामहिम ने कहा कि जो महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं वे स्कूली बच्चों के लिए पॉल्ट्री फार्म के जरिये अंडे का उत्पादन, आंगनवाड़ी केंद्र के लिए दूध का उत्पादन कर सकती हैं। स्कूलों के लिए किताबें और पोशाक तैयार कर सकती हैं। इसके लिए सरकार के साथ चर्चा की जाएगी।

**परिसंपत्तियों को हुआ वितरण :** रामपुर ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल द्वारा विभिन्न योजनाओं से संबंधित परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इसमें सर्वप्रथम दो लाभुकों के बीच कन्यादान योजना की स्वीकृति, दो बालिकाओं के सावित्रीबाई फुले योजना की स्वीकृति, भूमि संरक्षण कार्यालय लोहरदगा की ओर से पंप सेट का वितरण, श्रम विभाग द्वारा निबंधित श्रमिकों के बीच 13 लाख 40 हजार रुप, सहकारिता, कृषि एवं सहायक निबंधक सहयोग समितियां की ओर से वर्ष 2022-23 में धान बीच एवं मूंगफली बीज का 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर किसानों के बीच वितरण किया गया। महामहिम द्वारा कार्यक्रम के बाद एक महोगनी का पौधा रोपण किया गया।

**किसानों को फायदा : डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण :** कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि मनरेगा अंतर्गत योजनाओं में यहां के किसानों को फायदा मिल रहा हैं। बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत 12 एकड़ में इस क्षेत्र में फलदार एवं इमारती पेड़ों का पौधरोपण किया गया है। तीन वर्ष बाद यहां के किसानों को फल प्राप्त होगा। मुनाफा में बढ़ोत्तरी हुई। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त समीरा एस ने कहा कि यहां के किसान मनरेगा में बेहतर कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में बेहतर उपलब्धि हासिल हुई है। जेएसएलपीएस के जरिये यहां की महिलाओं को जोड़ा गया है। इस जिला में पांच हजार से अधिक संख्या में महिला स्वयं सहायता समूह हैं। यहां की महिलाएं काफी जागरूक हैं।

**राज्यपाल के भाषण का उपायुक्त ने किया रूपांतरण :** सदर प्रखंड के भकसो गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में राज्यपाल के भाषण का लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृषण ने हिंदी भाषा में रूपांतरण कर ग्रामीणों को बताया। राज्यपाल तमिलनाडु से होने की वजह से हिंदी भाषा की जगह अंग्रेजी भाषा में अपना भाषण दे रहे थे जिसका एक एक अक्षर का रूपांतरण लोहरदगा उपायुक्त कर रहे थे और ग्रामीणों के बीच राज्यपाल के सन्देश को हिंदी भाषा में बता रहे हैं। वहीं ग्रामीण भी अपनी समस्या अपनी भाषा में रख रहे थे जिसका अंग्रेजी रूपांतरण कर राज्यपाल को उपायुक्त ने बताया।

## 8 वर्ष से फरार 1 लाख का इनामी उग्रवादी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा पुलिस ने 8 साल से फरार जेजे एमपी का एक लाख का इनामी उग्रवादी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस गिरफ्त में आए नक्सली की पहचान ललिन्द्र महतो उर्फ ललिन्द्र यादव (35) के रूप में हुई। पुलिस को इसकी गुप्त सूचना मिली थी कि यादव लोहरदगा थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बदला में छिपकर आ रहा है। जिसके आधार पर पु नि सह थाना प्रभारी लोहरदगा अनिल उराव के द्वारा छापेमारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम के साथ लोहरदगा थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बदला में बूटी डॉक्टर के घर के पास विधिवत घेराबंदी कर छापेमारी किया गया।



छापेमारी के क्रम में उसे गिरफ्तार किया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी लोहरदगा थाना अनिल उरांव, पुअनि पोलिकॉर्प टोप्पो, थाना प्रभारी किस्को थाना, पुअनि टिनू साव, लोहरदगा थाना, पुअनि संतोष कुमार यादव, लोहरदगा थाना, पुअनि कुलदीप कुमार राम लोहरदगा थाना, पुअनि शसांक प्रियदर्शी, विशेष शाखा, आ0/56 मुकोश कुमार सिंह, विशेष शाखा आदि शामिल थे।

## केंद्रीय मुक्तिधाम समिति का शिष्टमंडल सांसद से मिला

**लोहरदगा।** केंद्रीय मुक्तिधाम समिति जिला लोहरदगा का एक शिष्टमंडल समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता की अगुवाई में लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत से मिला। हरमू भक्सो मुक्तिधाम में शवदाह हेतु शेड, चूल्हा एंव चबूतरा आदि का निर्माण हेतु एक मांगपत्र सौपा। पत्र में कहा गया की बरसात एवं गर्मी आदि के मौसम में शव दाह करने में काफी कठिनाई होती है,शेड शवदाह हेतु चूल्हा एवम चबूतरा की अति आवश्यकता है। इस पर करीबन 10 लाख रुपये का खर्चा आएगा, जोकि सांसद कोष से देने की मांग की गई। सांसद ने कहा कि जैसे ही कोष आएगा मैं सबसे पहले प्राथमिकता इसे ही दूंगा।

## राज्यपाल से मिला भाजपा का दल, सौंपा गया ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
राज्यपाल महामहिम सी पी राधाकृष्णन से भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट किया. महामहिम राज्यपाल ने भाजपा प्रतिनिधिमंडल से गर्मजोशी से मुलाकात की। भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन के माध्यम से नदिया हिंदू उच्च विद्यालय के मामले को उनके संज्ञान में लाया। भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल को बताया कि यह एक ऐतिहासिक उच्च विद्यालय है। सरकारीकरण करने के समय स्पष्ट रूप से विद्यालय का नाम नदिया हिंदू उच्च विद्यालय रखा गया। इस विद्यालय के नामकरण को नहीं बदलने की बात कही गई थी। जनता



की भावनाओं को देखते हुए महामहिम से आग्रह किया गया उक्त उच्च विद्यालय का नामकरण नदिया हिंदू उच्च विद्यालय के रूप में ही रखा जाए। भाजपा प्रतिनिधि मंडल में भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उराव, बृज बिहारी प्रसाद, ओमप्रकाश सिंह, चंद्रशेखर अग्रवाल, राजकुमार वर्मा, संजय बर्मन, अजय पंकज मौजूद थे।

## स्कूल में सबमर्सिबल की मशीन चोरी

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो स्थित केन्द्रीय विद्यालय में लगा समरसेबल का पानी मशीन को अज्ञात चोरें द्वारा चोरी कर लिया गया। लोहरदगा जिला अन्तर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत के बरही में संचालित केन्द्रीय विद्यालय में छात्र छात्राओं का तथा छात्रावास का उपयोग के लिये लगाया गया समरसेबल का मशीन को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। वही विद्यालय की प्रचार्या ममता तिर्की ने आवेदन देते हुए बताया कि विद्यालय का सिक्युरिटी गार्ड बाबा उराँव सुबह पानी मशीन चलाने गया तो समरसेबल से पानी नही निकल रहा था। जिसे देखने पर पता चला कि समरसेबल के अन्दर मशीन नही है। जिसे विद्यालय का सिक्युरिटी गार्ड द्वारा हमे जानकारी मिली।

## हाथी ने ग्रामीण को पटक-पटक कर किया अधमरा

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर(गुमला)**
चैनपुर अनुमंडल अंतर्गत जारी थाना क्षेत्र के हुंटार गांव में सोमवार आधी रात के करीब एक जंगली हाथी ने हुंटार गांव निवासी 55 वर्षीय भोपाल गिरी को पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसेसमुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया। घायल भोपाल गिरी के दाहिने पैर एवं गर्दन में गंभीर चोट आई है। उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया।देर रात भोपाल गिरी अपनी पत्नी के साथ अपने बच्चे को ढूंढने निकला था। वही गांव की झाड़ियों के बीच सरसराहट की आवाज सुनाई दी। जैसे ही पास जाकर टॉर्च की लाइट उस ओर दी तो एक जंगली हाथी



झाड़ियों के बीच कटहल खा रहा था जो उन पर हमला करते हुए उन्हें दौड़ाने लगा। हाथी ने भोपाल गिरी को अपनी सूंढ़ से पकड़कर पटकने लगा। इधर पत्नी सुखमणि देवी डर से भाग खड़ी हुई। पत्नी ने सोचा कि हाथी ने उसके पति को मार दिया होगा, लेकिन जब अहले सुबह घटनास्थल पर पहुंची तो पाया कि उसका पति घायल अवस्था में में पड़ा हुआ है। वन कर्मी गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार को सहायता राशि 5000 रुपये दी।

**पहल** | तीन लाख 65 हजार की आएगी लागत

## पीसीसी पथ की रखी आधारशीला

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
15वें वित्त आयोग मद से जिला परिषद के द्वारा तीन लाख पैसठ हजार छह सौ की लागत से कुडू प्रखण्ड के उमरी गांव में विद्यालय के सामने से इमली पेड़ से लेकर मनदास लकड़ा के घर तक पी सी सी पथ निर्माण कार्य का आधारशिला जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी व मुखिया सुखमनी टोप्पो द्वारा वहीं कैरो प्रखण्ड के गराडीह गांव में उत्क्रमित उर्दू उच्च विधालय से लेकर मुस्लिम कब्रिस्तान तक तीन लाख उनचास हजार छह सौ की लागत से निर्माण कराये जा रहे पी सी सी पथ का आधारशिला जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उराँव के द्वारा संयुक्त रुप से फीताकाट कर नारियल फोड़कर व शिलापट खींचकर किया। इससे पूर्व पहान पुजार के द्वारा विधिवत पूजा



अर्चना किया गया।मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि क्षेत्र की विकास के लिए हमेशा प्रयासरत हैं,जहां पर जिस तरह की समस्या है उसे दूर करने की दिशा में पहल की जाएगी। गराड़ीह गांव में ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या रखी जिसपर उन्होंने कहा कि हमलोग प्रयास करेंगे कि यहां पर पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो। जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव ने कहा कि क्षेत्र की जनसमस्यायो को लेकर लगातार क्षेत्र के जनता के साथ जुड़ा हुआ हूँ हमारा प्रयास है कि क्षेत्र की छोटी बड़ी सभी तरह की समस्यायों का समाधान हमलोग आपसी सामंजस्य बनाकर करने का पूरा पूरा प्रयास करेंगे। मौके पर आदिवासी छात्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष अवधेश उराँव, अनिल उरांव, नीलिमा लकड़ा, सरिता उराँव, हीरामणि उराँव, मो जाहिद, मकसूद खान, मो सजाद, सफीक अंसारी आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने की विकास योजनाओं को लेकर समीक्षात्मक बैठक

**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में प्रखंड में चल रहे विकास योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा कि। इस दौरान उन्होंने योजनाओं से जुड़े तकनीकी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वें वित्त योजना, जेएसएलपीएस, शिक्षा विभाग, पंचायत राज विभाग, कृषि विभाग, के.सी.सी ऋण, भारत नेट का संचालन, आयुष्मान कार्ड सहित कई योजनाओं की समीक्षा की आवश्यक दिशा निर्देश दिए। टी.बी मुक्त भारत को लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। बैठक में बीडीओ सिंह ने संबंधित कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रखंड क्षेत्र लोगों को पानी की समस्या ना हो जहां भी जल मीनार एवं चापाकल खराब पड़े हैं उन्हें जल्द दुरुस्त करें।

## विस सम्मेलन को लेकर भाजपाइयों ने की चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
भाजपा अजजा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सुखन उराँव की अध्यक्षता में मंगलवार को एक बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 14 जून को जिला मुख्यालय में लोहरदगा विधानसभा सम्मेलन आयोजित कार्यक्रम तय हुआ है, जिसको लेकर विचार-विमर्श किया गया। उक्त सम्मेलन में कैरो प्रखंड से भाजपा के सभी मोर्चा से पूरे कार्यकारिणी सदस्य एवं अधिक से अधिक भाजपा के कार्यकर्ता सामिल होगें। सभी मोर्चा के पदाधिकारियों ने भी आश्वासन दिया कि इस सम्मेलन में भाग ले कर आनेवाले 2024 के लोकसभा चुनाव का पुरजोर आगाज किया जाएगा। मौके पर सुखन उराँव ने कहा कि गठबंधन की सरकार हर मोर्चे में विफल है। वर्तमान सरकार के समय में सबसे अधिक अत्याचार आदिवासियों पर लूट-काट हत्या ,बलात्कार,धर्मांतरण जैसे कुकर्मों का शिकार होना पड़ा है। भारतीय



जनता पार्टी ही एक ऐसा संगठन है जो की आदिवासियों को कई महत्वपूर्ण स्थानों पर स्थान दिया है जैसे, लोकसभा उपाध्यक्ष हो या राष्ट्रपति का सिंहासन हो, या 15 नवम्बर को राष्ट्रीय छुट्टियां हो। इसलिए भाजपा ही आदिवासियों की हितैषी हो सकता है। बैठक में भीखराम उराँव, अमित लोहरा, भगवानदास उराँव, सुखन उराँव, लखन उराँव, बजरंग उराँव, विशेश्वर प्रसाद दीन, विवेक प्रजापति, गोविंद महतो, राजेश सोनी,नसीर आलम, फलेंद्र रविदास, जितबहान महतो, मदन साहू,एतवा उराँव, मनोज साहू मौजूद थे।

## एनएच का काम, कुडू में आम आदमी परेशान

**कुडू।** कुडू राष्ट्रीय उच्च पथ 143ए के तहत नाली निर्माण कार्य पुर्ण नहीं हुआ है। लेकिन निर्माण कार्य में लगे मजदूरों द्वारा सटरिंग का सामान समेटने से चचाओं का बाजार गर्म है।आम आदमी परेशान है। क्योंकि बरसात सिर पर है। ज्ञात हो कि पिछले सप्ताह राष्ट्रीय उच्च पथ एवं परिवहन सह सड़क सुरक्षा परिषद भारत सरकार के सदस्य रविंद्र तिवारी ने इस पथ का मुयाना किया था। उन्होंने गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं करने का निर्देश कनीय अभियंता विनोद हेम्ब्रम एवं संवेदक के कनीय अभियंता को दिया था। लेकिन उनके जाते हीं कार्य आगे बढ़ने को बजाय मजदूरों द्वारा सटरिंग का सामान समेटने से आम नागरिक सशंकित है। अगर बरसात के पहले नाली निर्माण कार्य पुर्ण नहीं होता है तो गंदगी का अंबार लग जायेगा। वस्तु स्थिति को देखते हुए कहीं से भी नाली निर्माण कार्य पुर्ण होने की संभावना बरसात के पहले नहीं दिखती है। व्यवसायिक वर्ग अभी से हीं चिन्तित है।

## NEWS इन ब्रीफ

### पेट्रोलियम मंत्रालय ने ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्रालय ने ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (ओएएलपी) लॉन्च किया है, जिसके तहत आठवें दौर के तहत अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के लिए 10 ब्लॉकों की पेशकश की जाएगी। सरकार ने इस विशेष दौर के लिए बोली बंद करने की तिथि 5 जुलाई तक बढ़ा दी है। मंत्रालय ने हाल ही में संविदात्मक ढांचे और प्रोत्साहन संरचना में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। ओएएलपी आठ दौर का पुरस्कार 34,364.53 वर्ग किमी क्षेत्र को और जोड़ेगा और ओएएलपी के तहत संचयी अन्वेषण क्षेत्र को 242,055 वर्ग किमी तक ले जाएगा।

### डिजिटल एकोनोमी बनेगी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए नया ग्रोथ इंजन

**नई दिल्ली।** भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था 2030 तक 6 गुना बढ़कर एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है। इसमें सबसे बड़ा योगदान ई-कॉमर्स सेक्टर का होगा। मंगलवार को गूगल, टेमासेक और बैन एंड कंपनी की ओर से जारी की गई एक संयुक्त रिपोर्ट में ये बात कही गई। गूगल इंडिया के मैनेजर एंड वाइस प्रेसीडेंट, संजय गुप्ता की ओर से दिए गए बयान में कहा गया कि भारत की इंटरनेट अर्थव्यवस्था 2030 तक 6 गुना बढ़कर एक ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को छू सकती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भविष्य में ज्यादातर सामान ऑनलाइन ही खरीदा जाएगा। टेमासेक के प्रबंध निदेशक, विशेष श्रीवास्तव ने बताया कि मौजूदा समय में भारत वर्ल्ड की जीडीपी के लिए ग्रोथ का नया इंजन है।

# सेंसेक्स 5 अंक चढ़कर 62,792 पर बंद

**एजेंसी। मुंबई**

मंगलवार को बाजार में सपाट कारोबार देखने को मिला। सेंसेक्स 5 अंक चढ़कर 62,792 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 5 अंकों की तेजी रही, ये 18,59 के लेवल पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट देखने को मिल रही है। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर आज 2.99% चढ़ा है। ऑटो सेक्टर 1.09% चढ़ा। वहीं, कच्चे में 1.88% की गिरावट रही। बैंक निफ्टी 0.14% चढ़कर बंद हुआ। रियल्टी में 1.19% की तेजी रही। मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 3 पैसे चढ़कर 82.60 रुपए पर बंद हुआ। आरबीआई की मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग आज से भारतीय रिजर्व बैंक यानी RBI की मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग आज



मंगलवार (6 जून) से शुरू हो गई है जो 2 दिन चलेगी। इसके बाद 8 जून को ट्वठ के फैसलों का ऐलान किया जाएगा। मई 2022 से फरवरी 2023 तक आरबीआई ने दरों में 2.50% की बढ़ोतरी की है। पिछली मीटिंग जो अप्रैल में हुई थी उसमें रेपो रेट को 6.50% पर अपरिवर्तित रखा गया था। मॉनिटरी पॉलिसी की मीटिंग हर दो महीने में होती है। एमईडी लाइटिंग सॉल्यूशंस प्रोवाइड कराने वाली कंपनी 'कंब्लड लाइटिंग लिमिटेड' का आईपीओ आज से ओपन हो गया है। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 6 जून से 8 जून तक बोली लगा सकेंगे। 16 जून को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे। रिटेल निवेशक को मिनिमम एक लॉट यानी 52 शेयरों के लिए अप्लाय करना होगा। कंपनी ने आईपीओ का प्राइज बैंड 270-285 रुपए प्रति शेयर रखा है। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 285 रुपए के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 14,820 रुपए लगाने होंगे।

### ग्राहक बिना एटीएम कार्ड के जरिये भी पैसे निकाल सकते हैं

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने ग्राहकों को बड़ी खुशखबरी दी है। इस बार बैंक ने एक नया फीचर शुरू किया है। अब ग्राहक बिना एटीएम कार्ड के जरिये भी पैसे निकाल सकते हैं। बैंक ने ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए ये सुविधा शुरू की है। अब ग्राहक एटीएम में यूपीआई ऐप के जरिये पैसे निकाल सकते हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा ने इस सुविधा को लेकर कहा है कि वह पब्लिक सेक्टर का पहला बैंक है, जिसमें ये सुविधा ग्राहकों को दी गई है। अब ग्राहक आईसीसीडब्ल्यू सुविधा का लाभ उठाकर भीम प या अन्य यूपीआई एप्लिकेशन के जरिये एटीएम से नकद निकासी कर सकेंगे।

# यूपीआई के जरिये 2022-23 में 83.71 अरब लेनदेन हुए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मार्च में खत्म वित्त वर्ष में सरकारी बैंकों का कुल मुनाफा पहली बार 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा 1,04,649 करोड़ हो गया। 2017-18 में इन बैंकों को 85 हजार करोड़ का घाटा हुआ था। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के सीनियर डायरेक्टर अरुण कुमार अय्यर ने कहा, बैंकों ने फिनटेक कंपनियों को बिजनेस पार्टनर बनाया। इससे डिपॉजिट, निकासी और फंड ट्रांसफर जैसे काम बैंक से बाहर होने लगे। यदि ये सारे ट्रांजेक्शन बैंक ब्रांच या एटीएम के जरिये होते तो बैंकों का खर्च बढ़ता। इंडियन ओवरसीज बैंक के पूर्व सीएमडी एम नरेंद्र ने बताया कि फिनटेक ने बैंकों के छोटे लोन पर खर्च बचा दिए। ये नए खाते खोलने में भी मददगार साबित हुए। यूको बैंक के रिटायर्ड ईडी अजय व्यास कहते हैं, फिनटेक के बेहतर रिस्क एनालिसिस से लोन डिफॉल्ट और खर्च घटे हैं। मसलन, 2017-18 में सबसे बड़े बैंक एसबीआई की आय के मुकाबले खर्च का अनुपात 50.18% था। अभी ये घटकर 35.58% पर आ गया है। 2022-23 में 83.71 अरब लेनदेन यूपीआई के जरिये हुए।

# टाटा कंज्यूमर वृद्धि की बुनियाद तैयार करने में जुटी: चंद्रशेखरन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टाटा समूह की कंपनी टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने मंगलवार को कहा कि वृहद-आर्थिक हालात में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक कारणों से वैश्विक परिवेश के चुनौतीपूर्ण बने रहने के बावजूद कंपनी अपनी वृद्धि की मजबूत बुनियाद तैयार करने में जुटी हुई है। चंद्रशेखरन ने कंपनी के शेयरधारकों की वार्षिक आमसभा को संबोधित करते हुए, कहा कि टीसीपीएल इस समय कायाकल्प के



दौर से गुजर रही है और पिछले तीन साल में यह लगातार प्रगति करते हुए दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली प्रमुख एफएमसीजी कंपनी बन चुकी है। उन्होंने कहा, बदलाव के इस दौर में कुछ निर्णायक कदम उठाए गए हैं जिससे यह वृद्धि-उन्मुख कंपनी बने और एक मजबूत संगठनात्मक क्षमता तैयार हो सके।" टाटा संस के भी चेयरमैन चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा कंज्यूमर अपने प्रमुख कारोबार पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही ग्राहक आधार में विस्तार पर भी नजरें टिकाए हुए है। टीसीपीएल का बिक्री एवं वितरण नेटवर्क तिगुना होकर 15 लाख दुकानों तक पहुंच चुका है। पिछले साल कंपनी ने उससे पहले के साल की तुलना में दोगुनी संख्या में नए उत्पाद उतारे थे।

## विदेश


### सऊदी अरब पहली बार अंतर्राष्ट्रीय योग चैंपियनशिप में लेगा भाग

**दुबई।** सऊदी अरब की राष्ट्रीय टीम नेपाल के काठमांडू में 8 से 10 जून तक आयोजित होने वाली दूसरी माउंट एवरेस्ट अंतर्राष्ट्रीय योग चैंपियनशिप में अपनी पहली बार अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार है। सऊदी की अरब न्यूज ने बताया कि सऊदी अरब की टीम एक जून को राजधानी पहुंची जहां वे मुख्य कोच विजय यादव की देखरेख में विशेष ट्रेनिंग ले रही है। समाचार रिपोर्ट के अनुसार, विजय यादव ने अपने करियर के दौरान पांच स्वर्ण सहित 50 से अधिक पदक जीते हैं। सऊदी योग समिति के अध्यक्ष नौफ अल-मरवाई ने कहा कि उन्हें टीम पर गर्व है। अरब न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि टीम कई अन्य देशों से बेहतर प्रदर्शन करेगी। नौफ अल-मरवाई ने आगे कहा कि टीम में अहमद शिलाती, समहेर अल-मल्की, जौदा शराफ, जौद अबेद और बदर अल-गमदी शामिल हैं।

# एपल का सबसे पतला लैपटॉप लॉन्च

**एजेंसी। कैलिफोर्निया**

टेक कंपनी एपल ने सोमवार देर रात अपनी एनुअल डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस-डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी 23 में 15 इंच डिस्प्ले वाला दुनिया का सबसे पतला (11.5एमएम) लैपटॉप मैकबुक एयर लॉन्च किया है। भारत में इसकी शुरुआती कीमत 1.34 लाख रुपए है। 10 हजार का स्टूडेंट डिस्काउंट भी मिलेगा। एपल ने 9 जून तक चलने वाली अपनी कॉन्फ्रेंस में लैपटॉप के अलावा 3 और प्रोडक्ट लॉन्च किए हैं। इसमें मिक्स्ड रियलिटी हेडसेट विजन प्रो, डेस्कटॉप मैक प्रो और स्टूडियो शामिल हैं। इसके अलावा एपल ने अपने ऑपरेटिंग सिस्टम आइओएस 17 के फीचर्स भी अनवील किए हैं। 15 इंच वाले दुनिया के सबसे पतले लैपटॉप को भारत में 1.34 लाख रुपए में पेश किया गया है। इसमें 18 घंटे



बैकअप वाली बैटरी है। यह चार कलर मिडनाइट, स्टारलाइट, सिल्वर और स्पेस ग्रे में अवेलेबल है। नए मैकबुक के फीचर्स 13-इंच मैकबुक एयर एम2 के तरह ही हैं। जैसे 3.5एमएम हेडफोन जैक के साथ मैगसेफ चार्जिंग, दो थंडरबोल्ट पोर्ट आदि। यह कंपनी का पहला मिक्स्ड रियलिटी हेडसेट विजन प्रो है। 3,499 डॉलर यानी करीब 2.88 लाख रुपए की कीमत वाला एपल विजन प्रो अगले साल के शुरुआत में अमेरिका में उपलब्ध होगा। भारत में ये कब तक मिलेगा इसकी जानकारी कंपनी ने नहीं दी है। इस हेडसेट को आंखों के रेटिना और हाथों के मूवमेंट से ऑपरेट किया जा सकता है। इस डिवाइस को बनाने के लिए कंपनी पिछले 7 साल से इस पर काम कर रही थी। सीईओ टिम कुक ने एपल विजन प्रो को एक नई शुरुआत बताया है। कंपनी का कहना है कि यूजर्स विजन प्रो को पहनने के बाद वर्चुअल स्पेस में अपनी फोटोज और वीडियोज को स्क्रॉल कर सकेंगे। इसके अलावा, 3डी मूवी देख और गेम खेल सकेंगे। एपल के इवेंट में डिज्नी के सीइओ बॉब इगोर ने बताया कि डिज्नी प्लस में पहले से विजन प्रो में देखने वाला कंटेंट अवेलेबल है। एपल ने एम2 अल्ट्रा चिपसेट के साथ दो नए डेस्कटॉप 'मैक प्रो' और 'मैक स्टूडियो' भी लॉन्च किए। नया मैक प्रो इन्टेल बेस्ड मैक प्रो से 3 गुना फास्ट है। नया मैक प्रो 64जीबी और 128जीबी यूनिफाइड मेमोरी ऑप्शन के साथ आता है। इसमें 1टीबी एसएसडी स्टोरेज भी मिलता है। इस डेस्कटॉप का फ्रेम स्टेनलेस स्टील से बनाया गया है।

## कारोबार

# आदित्य बिड़ला ग्रुप अब ज्वेलरी रिटेल बिजनेस में करेगा एंट्री

## 5,000 करोड़ रुपये का होगा निवेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टेलीकॉम, टेक्सटाइल, सीमेंट, मेटल सहित अन्य सेक्टर में अपना कारोबार फैलाने के बाद अब आदित्य बिड़ला समूह ब्रांडेड ज्वेलरी के रिटेल बिजनेस में अपना हाथ अजमाने जा रहा है। आदित्य बिड़ला ग्रुप ने मंगलवार कहा कि इसके लिए ग्रुप 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इस बिजनेस में एंट्री के बाद बिड़ला समूह का सीधा सामना कल्याण ज्वैलर्स और टाटा की तनिष्क ब्रांड से होगा। आदित्य बिड़ला समूह के एक बयान में कहा गया है कि ज्वैलरी बिजनेस का नाम नॉवेल ज्वेल्स होगा। बयान में समूह ने कहा कि इस बिजनेस के लिए आदित्य बिड़ला ग्रुप देश भर में नॉवेल ज्वेल्स इन-हाउस ज्वेलरी ब्रांडों के साथ बड़े प्रारूप वाले एक्सक्लूसिव ज्वैलरी रिटेल स्टोर खोलेगा। आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि ज्वैलरी बिजनेस ग्रुप के बिजनेस पोर्टफोलियो को और विकसित करेगा और भारतीय ग्राहकों को



ज्वैलरी में अन्य विकल्प भी प्रदान करेगा। कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि भारतीय की बढ़ती डिस्पोजेबल आय के साथ वो समझदार हो गए हैं और उन्हें डिजाइन-आधारित उच्च गुणवत्ता वाले आभूषणों ज्यादा पसंद आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम पहले से लाइफस्टाइल रिटेल में मौजूद हैं और अब ज्वैलरी बिजनेस उपभोक्ता वरीयताओं की बारीक समझ को समझने में मदद करेगा। कंपनी ने का लक्ष्य देश में डिजाइन आधारित, बीस्पोक और उच्च गुणवत्ता वाले आभूषणों की बढ़ती मांग को पूरा करना है। कंपनी ने कहा कि नॉवेल ज्वेल्स यूनिक डिजाइन और देश की अलग-अलग क्षेत्रीय जरूरतों के हिसाब से एक राष्ट्रीय ब्रांड बनाकर ग्राहकों के अनुभव को बदलने की कोशिश करेगा। आदित्य बिड़ला की नॉवेल ज्वेल्स बाजार में तनिष्क, कल्याण ज्वेलर्स, रिलायंस ज्वेल्स जैसे रिटेल बिजनेस में अपना व्यापार जमा चुके ब्रांडों के साथ टक्कर लेगी। भारत के रत्न और आभूषण बाजार का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 7 प्रतिशत का योगदान है। आपको बता दें कि आभूषण बाजार के 2025 तक 90 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने का अनुमान है।

### अफगानिस्तान में कार बम धमाके में उप गवर्नर और उसके ड्राइवर की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के पूर्वोत्तर इलाके में मंगलवार को एक कार बम धमाके में एक प्रांतीय उप गवर्नर और उनके वाहन चालक की मौत हो गई। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बदख्शां प्रांत के फैजाबाद शहर में हुए बम विस्फोट में दस अन्य लोग भी घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी भी संगठन ने विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है। बदख्शां के सांस्कृतिक निदेशक मोअज्जुदीन अहमदी के मुताबिक, उप गवर्नर मौलवी निसार अहमद अहमदी, कार में हुए विस्फोट में घायल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। गौरतलब है कि पिछले साल दिसंबर महीने में भी इसी तरह एक कार में बम विस्फोट हुआ था, जिसमें बदख्शां के पुलिस प्रमुख की मौत हो गयी थी। उस वक्त इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के क्षेत्रीय सहयोगी के रूप में पहचाने जाने वाले 'इस्लामिक स्टेट इन खुरसान प्रोविंस' ने विस्फोट की जिम्मेदारी ली थी।

पत्रांक–............................/

झारखण्ड सरकार

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

प्राचार्य का कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज

Email : principalitidtg@gmail.com

Skill India

**प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला सूचना**

जी0एल0ए0. कॉलेज में दिनांक–12.06.2023 (दिन सोमवार) को PM नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 9:00 बजे पूर्वाह्न में आयोजित किया गया है, जिसमें राज्य के निबंधित MSME/Manufacturing Sector/Service Sector एवं अन्य प्रतिष्ठान/उपक्रम, तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0/ डिप्लोमा/ इंजीनियरिंग/Short Term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (8वीं से स्नात्तक आदि) का अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov.in/ पर पंजीयन कराया जाएगा एवं आवश्यकता अनुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसशिपों का चयन किया जायेगा।

उक्त अप्रेन्टिसशिप मेला में अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड, जाति प्रमाण–पत्र, बैंक पासबुक एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ पहूँचकर पंजीयन करा सकते है।

अतः पलामू जिला अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक सभी बेरोजगार अभ्यर्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें, अपने भविष्य को सँवारें, रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में अहम कदम बढ़ायें।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

अप्रेन्टिसशिप मेला में भाग लेने वाले नियोक्ता एवं बेरोजगार अभ्यर्थियों को मेला स्थल पर Covid-19 के अंतर्गत सरकार द्वारा जारी अद्यतन SOP के तहत मॉस्क एवं सेनेटाईजर का प्रयोग के साथ Social Distance का पालन करना अनिवार्य है।

नोटः– अप्रेन्टिसशिप मेला की विस्तृत जानकारी हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छत्तरपुर, हुसैनाबाद, सतबरवा, डालटनगंज एवं जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से प्राप्त की जा सकती है।

जिला नियोजन पदाधिकारी–सह–
सहायक शिक्षु सलाहकार (AAA), डालटनगंज, पलामू

PR 299343 District (23-24)_D

कार्यालय :– अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पलामू)

Email-supt.pmchpalamu@gmail.com

ज्ञापांक 598 मेदिनीनगर दिनांक 05.06.2023

सरकार के सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं प0 क0 विभाग झारखण्ड रांची के पत्रांक 390 (9) दिनांक 16.09.2019 के आलोक में पलामू में स्थापित नये मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में जूनियर रेजिडेंट (Non academic) के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर एक वर्ष के लिए नियुक्ति हेतु प्रत्येक माह कें द्वितीय बुधवार को Walk-in-Interview होगा एवं उस दिन अवकाश रहने पर दुसरे दिन Walk-in-Interview होगा तथा दिनांक 14.06.2023 को Walk-in-Interview का आयोजन किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी उक्त Walk-in-Interview में वांछित प्रमाण पत्रों मुल एवं छाया प्रति के साथ भाग ले सकते है। रिक्त की विवरणी निम्नवत् है, जो अधिक/कम हो सकती है।

| क0 | मेडिकल कॉलेज व अस्पताल का नाम | रिक्त पदों की संख्याँ |
|---|---|---|
| | मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू | 20 |
| 1 | औषधि विभाग | 04 |
| 2 | षिषु रोग विभाग | 02 |
| 3 | टी0बी0 एवं चेस्ट विभाग | 01 |
| 4 | मनसिक रोग विभाग | 01 |
| 5 | सर्जरी विभाग | 04 |
| 6 | हड्डी रोग विभाग | 02 |
| 7 | नाक कान गला विभाग | 00 |
| 8 | स्त्री एवं प्रसुति विभाग | 02 |
| 9 | ऐनेस्थेसिया विभाग | 04 |
| 10 | चर्म रोग विभाग | 00 |
| 11 | ऑख रोग विभाग | 00 |
| | कुल संख्या | 20 |

1. अर्हता– MBBS जो इन्टर्नशीप पुरा किये है।
2. चयन का आधार – Walk-in-Interview के माध्यम से संबंधित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्राचांय की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा विहित प्रकिया के अन्तर्गत तत्संबंधी अभिलेखों की जॉच की जायगी। तदनुसार विभागवार के रिक्त के विरूद्व चयन समिति द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के नाम की अनुशंसा की जायगी।
3. नियुक्ति की शर्ते।
   (क) इन्हे अधिकतम एक वर्ष के लिए रूपये 41000/– प्रतिमाह मानदेय देय होगा।
   (ख) इन्हे सरकारी कर्मचारी को देय आकस्मिक अवकाश अलावे अन्य अवकाश देय नही होगा।
   (ग) इन्हे संबंधित विभागाध्यक्ष, अधीक्षक, प्राचार्य एवं विभाग से समय समय पर प्राप्त होने वाले निदेश का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा।
   (घ) सविदा आधारित यह नियुक्ति पूर्णतः औपबंधिक होगी एवं संविदा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों द्वारा भविष्य में नियमित नियुक्ति का दावा नही किया जायगा। इन्टर्नशीप पुरा करने के चार वर्ष के अन्दर के अभ्यर्थियो का चयन किया जायेगा।
4 अधिकतम उम्र सीमा – अधिकतम उम्र सीमा सभी वर्गो के लिए 40 वर्ष होगी।
5 Walk-in-Interview मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू अवस्थित अधीक्षक कार्यालय प्रकोष्ट (गोलघर) में पूर्वाहन 12:00 बजे से दिनांक 14.06.2023 को सम्पन होग तथा संविदा के आधार पर एक वर्ष के लिए नियुक्ति हेतु प्रत्येक माह कें द्वितीय बुधवार को Walk-in-Interview होगा एवं उस दिन अवकाश रहने पर दुसरे दिन Walk-in-Interview आयोजन की जाती है।

अधीक्षक
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू।

PR 299302 Palamu(23-24)D

सं0 संख्या–5/प्रशि0(शिक्षु)–01/2022 Part-III

झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची

निदेशालय पत्रांक 896 दिनांक 05.06.2023

**Apprenticeship Mela सूचना दिनांक 12.06.2023**

"Apprentices Act 1961" के तहत Regular and contractual सहित 30 एवं 30 से अधिक कामगारों वाले औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा 2.5–15 प्रतिशत बैण्ड में अप्रेन्टिस रखना अनिवार्य है। एक्ट का अनुपालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों के लिए दण्ड का भी प्रावधान है।

MSDE भारत सरकार एवं श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड द्वारा राज्य के पलामू/पश्चिमी सिंहभूम/पूर्वी सिंहभूम/गुमला/गढ़वा/सरायकेला–खरसावाँ/लोहरदगा एवं सिमडेगा जिलों में दिनांक 12.06.2023 को PM Apprenticeship Mela का आयोजन निम्न प्रकार किया गया है:–

| Sl No | District Name | Apprenticeship Mela Center Name | Name of the State/ center co-ordinator | Contact No |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PALAMAU | G. L. A. College, Daltonganj | Sri Dhananjay Kumar (DEO) | 7870426934 8709357878 |
| 2 | West Singhbhoom | Gyanchand Jain Commerce College, Chaibasa | Sri Alok Kumar Topno (DEO) | 7677737375 |
| 3 | East Singhbhoom | Govt Industrial Training Institute, JAMSHEDPURJamshedpur831007 | Sri Bam Baiju (DEO) | 9386321784 |
| 4 | SARAIKELA KHARSAWAN | District Employment Exchange, Saraikela-Kharsawan Near DIC Office Manik Bazar833219 | Sri Ravi Kumar (DEO) | 9199567051 |
| 5 | LOHARDAGA | Employment Exchange, LohardgaCourt Road, Lohardaga 835302 | Sri Ashwini Kumar Singh (DEO) | 7631151391 |
| 6 | GUMLA | Govt ITI Gumla, ITI Gumla,Jashpur Road, Silam.Post- Karaundi, Dist- GUMLA Pin- 835232 | Sri Sriram Bari (DEO) | 9835978822 |
| 7 | SIMDEGA | Simdega College, Simdega | Smt Asha Maxima Lakra (DEO) | 8877169542 |
| 8 | GARHWA | S. S. J. S. Namdhari College, Garhwa | Sri Neeraj Kumar (DEO) | 9110075212 |

उपर्युक्त PMNAM में एक्ट के अंतर्गत आने वाले, राज्य के निबंधित MSME/Manufacturing Sector/Service Sector/ एवं अन्य सभी प्रकार के प्रतिष्ठान/उपक्रम यथा–होटल/रेस्टोरेंट/शॉपिंग मॉल/हॉस्पिटल/कोचिंग सेन्टर/ऑथोराईज्ड सर्विस सेन्टर/बैंक इत्यादि भाग लेकर अपना पंजीकरण करा सकते है, एवं Apprentices का चयन कर सकते हैं।

उपर्युक्त मेले में एक्ट के अंतर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठानों एवं तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0 टी0 आई0/डिप्लोमा/इंजीनियरिंग/Short term Skill etc./ एवं गैर तकनीकी छात्रों (5 वीं से स्नातक आदि) का अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov.in पर पंजीकरण कराया जायेगा, एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसों का चयन किया जायेगा।

अतः एक्ट के अंतर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठान अप्रेन्टिसशिप Vacancy के साथ मेले में भाग लेना सुनिश्चित करें, एवं छात्रों/प्रशिक्षणार्थियों से अपील किया जाता है कि मेले में भाग लेकर योजना का सम्पूर्ण लाभ उठायें।

अधिक जानकारी के लिए नोडल सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्य/संबंधित जिला नियोजन पदाधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/– निदेशक
–सह– राज्य शिक्षुता सलाहकार (SAA)
नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची

PR 299349 Labour Employment and Traning (23-24)_D

ज्ञान की बात

'यदि आप नेक लोगों की संगत में है तो आपको हमेशा भलाई ही मिलेगी क्योंकि हवा जब फूलों से गुजरती है तो वह भी खुशबूदार हो जाती है'।
– गौतम बुद्ध

# सुरक्षा से समझौता कब तक ?

***रेल मंत्री*** अश्विनी वैष्णव ने बालासोर के बेहद खौफनाक रेल हादसे के एक दिन पहले टी.वी. के जरिए जनता को बताया था कि मोदी सरकार ने भारतीय रेल का कायाकल्प कर दिया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि ट्रेन दुर्घटनाओं को टालने के लिए मोदी सरकार ने विश्व की सबसे आधुनिक सुरक्षा प्रणाली 'कवच' को लागू कर दिया है। हकीकत यह है कि इस तकनीक को लागू करने का फैसला मनमोहन सिंह की सरकार ने 2012 में ले लिया था। तब इसका नाम 'ट्रैफिक कोलिजन अवोइडैंस सिस्टम' था। पुरानी योजनाओं के नाम बदलकर उन्हें अपनी नई योजना बताकर लागू करने में माहिर भाजपा सरकार ने 2022 में उसी योजना को 'कवच' के नाम से लागू किया। प्रश्न है कि पिछले 9 वर्ष से केंद्र सरकार इस सुरक्षा प्रणाली पर कुंडली मारे क्यों बैठी थी ? बालासोर रेल हादसे से सुरक्षा का मुद्दा उभरा है, जिसका सरोकार लापरवाही से ही है। इसके मद्देनजर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) और रेलवे की संसदीय स्थायी समिति की रपटें गौरतलब हैं। दिसंबर, 2016 और मार्च, 2023 में दोनों संस्थाओं ने रेलवे में सुरक्षा के साथ खिलवाड़ को बार-बार उठाया है। कैग और संसदीय स्थायी समिति की तीन रपटों के निष्कर्ष हैं कि रेलवे में सुरक्षा मानकों के अभाव रहे हैं। यह आंतरिक प्रोटोकॉल के भी खिलाफ है। रेलवे में सुरक्षा के अग्रिम और केंद्रीय सरोकारों की कमी हमेशा रही है।

**भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) और रेलवे की संसदीय स्थायी समिति ने रेलवे में सुरक्षा से खिलवाड़ को बार-बार उठाया है। दोनों की रपटों के निष्कर्ष हैं कि रेलवे में सुरक्षा मानकों के अभाव रहे हैं।**

रेलवे सरीखे विराट मंत्रालय में ऐसी लापरवाही और विसंगतियों का नतीजा बालासोर रेल हादसा हो सकता है? सुरक्षा संबंधी कामों को व्यवस्थित, चरणबद्ध और एक निश्चित प्रणाली के तौर पर अंजाम दिया जाना था। अधिकतर फंडिंग आम बजट के जरिए तय की गई थी, ताकि संसाधनों का प्रवाह निरंतर और स्थिर बना रहे। मार्च, 2023 में रेलवे संसदीय स्थायी समिति ने अपनी रपट में खुलासा किया कि पैसा प्राथमिक समस्या कभी नहीं रहा, लेकिन एक बार भी सालाना कोष पूरी तरह खर्च नहीं किया गया। नतीजतन बीते 6 साल के दौरान 1127 रेल हादसे हुए और 370 बार ट्रेन की बोगियां पटरी से उतरीं। मोदी सरकार संसद के भीतर और बाहर दावा करती रही है कि रेल सुरक्षा पर 1 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार ने कितनी राशि आवंटित की और रेलवे ने कितना खर्च किया, अब देश को यह स्पष्टीकरण तो देना ही पड़ेगा। यदि विपक्षी कांग्रेस और पूर्व रेल मंत्री ममता बनर्जी सुरक्षा के सरोकारों को उठा रहे हैं और बालासोर रेल त्रासदी के असल आंकड़ों पर सवाल कर रहे हैं, तो बुनियादी तौर पर वे गलत नहीं हैं। ममता तथा एक और पूर्व रेल मंत्री नीतीश कुमार के कार्यकालों के दौरान कितनी रेल दुर्घटनाएं हुईं और कितने लोगों की जिंदगियां समाप्त हो गईं, यह तुलना करने से कोई लाभ नहीं है। अब रेल मंत्री भाजपा के हैं और देश के प्रधानमंत्री भी भाजपा के हैं, लिहाजा जिम्मेदारी उनकी ही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्राथमिक जांच के कुछ निष्कर्षों को साझा किया है कि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से छेड़छाड़ की गई है अथवा उसमें बदलाव किया गया है, नतीजतन ट्रेन मेनलाइन छोड़ कर लूप लाइन में चली गई और मौजूदा रेल हादसा हुआ। सिग्नल को लेकर भी छेड़छाड़ की गई है, लिहाजा सीबीआई जांच का मंत्रालय और बोर्ड का निर्णय सटीक है, लेकिन जांच पूरी होने के बाद रेल मंत्री यह खुलासा करने का भी कष्ट करें कि सुरक्षा व्यवस्था से ऐसी छेड़छाड़ किस तरह संभव है, क्या उसकी उच्चस्तरीय जिम्मेदारी किसी भी वरिष्ठ अधिकारी की नहीं है? ऐसा करने वाली चिह्नित 'काली भेड़ें' कौन हैं।

# गौरवशाली अतीत की अभिव्यक्ति



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री



***राष्ट्रीय*** गौरव के विषयों पर राष्ट्रीय सहमति दिखनी चाहिए अन्यथा देश विरोधी तत्वों को अनावश्यक प्रतिक्रिया देने का अवसर मिलता है। नये संसद भवन के उद्घाटन पर भी विपक्षी नेताओं ने ऐसी ही मानसिकता दिखाई। पुराना संसद भवन ब्रिटिश शासन द्वारा बनाया गया था। नई संसद आत्मनिर्भर भारत की प्रतीक है लेकिन विपक्ष ने अपनी राजनीति को ही महत्व दिया। उन्होंने राष्ट्रीय गौरव के समारोह का बहिष्कार किया। इतना ही नहीं राहुल गांधी ने अमेरिका जाकर नये संसद भवन की आलोचना की। उनका कहना था कि समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए सरकार ने यह कार्य किया। इस प्रकार विपक्ष ने यहां निर्मिति भारत के गौरवशाली अतीत की कलाकृतियों का भी बहिष्कार किया। इससे पाकिस्तान जैसे देशों का मनोबल बढ़ा। उन्होंने यहां निर्मित अखंड भारत के भित्तिचित्र की निंदा की। इसे भारत की विस्तारवादी मानसिकता मान रहे हैं और इससे भविष्य को लेकर चिंतित हो रहे हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अखंड भारत का दावा भारत की विस्तारवादी मानसिकता का दिखावा है जो उनके पड़ोसी देशों, धार्मिक अल्पसंख्यकों की विचारधारा और संस्कृति को दबाना चाहती है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने भारत से विस्तारवादी विचारधारा से दूर रहने और शांतिपूर्ण तरीके से अपने पड़ोसी देशों के साथ विवादों का निपटारा करने का आग्रह किया है। नेपाल के पूर्व पीएम बाबूराम भट्टराई ने इस बारे में अपनी चिंता जाहिर करते हुए भारत से स्पष्टीकरण मांगा है। नेपाल के पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली ने भी चिंतित स्वर में इसे अनुचित बताया है। यह भारत का अतीत है। प्रत्येक देश को अपने गौरवशाली अतीत का स्मरण करने, उनको कलाकृतियों में समेटने का अधिकार है। भारत ने यही किया है। वर्तमान में वह सभी देशों की स्वतंत्रता सम्प्रभुता का सम्मान करता है। पाकिस्तान ने भारत को विस्तारवादी बताया लेकिन यह वही पाकिस्तान है जिसे भारत ने युद्ध में गई जमीन ताशकंद और शिमला समझौते के तहत वापस कर दी थी। पाकिस्तान का जन्म हुआ था। जन्म लेने वाले देश जब अपने अतीत पर विचार करेंगे, तब उन्हें सच्चाई दिखना शुरू हो जायेगा। नेपाल के दो पूर्व प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेताओं ने अखंड भारत कलाकृति की आलोचना की है। इनको उसी प्रकार महत्व नहीं देना चाहिए जैसे भारत के विपक्षी नेताओं के बयानों को विदेशों में कोई महत्व नहीं दिया जाता है। नेपाल के वर्तमान प्रधानमंत्री प्रचंड इसी समय पर भारत यात्रा पर आये थे। उन्होंने अखंड भारत की कलाकृति पर बयान नहीं दिया। कहा कि उनकी यात्रा से भारत नेपाल के बीच मित्रता, आपसी समझ और साझेदारी मजबूत हुई है। भारत के नये संसद भवन में लगे अखंड भारत के म्यूरल आर्ट में प्राचीनकाल में भारत के नक्शे को दर्शाया गया है। अखंड भारत के इस नक्शे में वर्तमान का पाकिस्तान, नेपाल अफगानिस्तान, मालदीव, श्रीलंका, म्यांमार और बांग्लादेश दिखाये गये हैं। पहले ये भारत का हिस्सा थे। अखण्ड भारत में आज के अफगानिस्तान,

**पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अखंड भारत का दावा भारत की विस्तारवादी मानसिकता का दिखावा है जो उनके पड़ोसी देशों, धार्मिक अल्पसंख्यकों की विचारधारा और संस्कृति को दबाना चाहती है।**

**इन दिनों**

पाकिस्तान, तिब्बत, भूटान, म्यांमार, बांग्लादेश, श्रीलंका आते हैं। प्राचीन काल में भारत का साम्राज्य में आज के मलेशिया, फिलीपीन्स, थाईलैण्ड, दक्षिण वियतनाम, कम्बोडिया, इण्डोनेशिया आदि में सम्मिलित थे। 1857 से 1947 के बीच भारत के कई खंड हुए। कैलाश मानसरोवर से पूर्व में वर्तमान का इंडोनेशिया है। पश्चिम में ईरान प्रदेश हिमालय के अंतिम छोर पर हैं। श्रीलंका या कन्याकुमारी से पूर्व व पश्चिम की तरफ हिंद महासागर इंडोनेशिया ईरान तक ही है। इनके बाद ही दोनों ओर महासागर का नाम बदलता है। हिमालय, हिंद महासागर, आर्यान ईरान व इंडोनेशिया के बीच का पूरे भू-भाग को आर्यावर्त अथवा भारतवर्ष कहा जाता था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह सम्राट अशोक के शासनकाल में भारत के मानचित्र को दर्शाता है। भारत ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह मुद्दा एक दिन पहले भारत और नेपाल के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई बैठक में भी नहीं उठा था। यह कलाकृति लोक आधारित शासन व्यवस्था को बताता है। भित्ति चित्र के पास यह जानकारी भी लिखी है। 1937 में अहमदाबाद में हिंदू महासभा के वार्षिक सत्र में भारतीय कार्यकर्ता और हिंदू महासभा के नेता विनायक दामोदर सावरकर ने एक अखंड भारत की धारणा को प्रतिपादित किया कि कश्मीर से रामेश्वरम तक, सिंध से असम तक एक और अविभाज्य रहना चाहिए। उन्होंने कहा था कि सभी नागरिक जो भारतीय राष्ट्र और भारतीय राज्य के प्रति अविभाजित वफादारी और निष्ठा रखते हैं, उनके साथ पूर्ण समानता के साथ व्यवहार किया जायेगा। जाति, पंथ या धर्म के बावजूद कर्तव्यों और दायित्वों को समान रूप से साझा करेंगे, और प्रतिनिधित्व भी करेंगे या तो एक व्यक्ति एक वोट के आधार पर या पृथक निर्वाचक मंडल के मामले में जनसंख्या के अनुपात में और सार्वजनिक सेवाएं अकेले योग्यता के आधार पर होंगी। परतंत्रता काल में कन्हैयालाल मणिक लाल मुन्शी ने अखंड भारत के प्रति समर्थन व्यक्त किया था। इस प्रस्ताव से महात्मा गांधी भी सहमत थे। उनका कहना था कि ब्रिटेन फूट डालो और राज करो की नीति अपनाकर अपने साम्राज्य को बनाये रखना चाहता है। एकता के बल पर उसके प्रयासों को विफल करना आवश्यक है। मूल संविधान में प्रत्येक अध्याय के प्रारंभ में चित्रों को सजाया गया था। प्रारंभ में अशोक की लाट का चित्र है। उसके साम्राज्य को अखंड भारत कलाकृति में दिखाया गया। संविधान की प्रस्तावना को सुनहरे बार्डर से घेरा गया है, जिसमें मोहन जोदड़ो के घोड़ा, शेर, हाथी और बैल के चित्र बने हैं। भारतीय संस्कृति के प्रतीक कमल का भी चित्र है। अगले भाग में मोहन जोदड़ो की सील है। इसके बाद वैदिक काल की झलक है। इसमें ऋषि आश्रम में बैठे गुरु, शिष्य और यज्ञशाला है। मूल अधिकार वाले भाग के प्रारंभ में त्रेतायुग है। इसमें भगवान राम रावण को हराकर सीताजी को लंका से वापस ले कर आ रहे हैं। राम धनुष-बाण लेकर आगे बैठे हुए हैं और उनके पीछे लक्ष्मण और हनुमान हैं। नीति निर्देशक के प्रारंभ में श्रीकृष्ण भगवान का गीता उपदेश वाला चित्र है। भारतीय संघ के पांचवें भाग में गौतम बुद्ध की जीवन यात्रा से जुड़ा एक दृश्य है। संघ और उनका राज्य क्षेत्र एक में भगवान महावीर को समाधि की मुद्रा में दिखाया गया है। आठवें भाग में गुप्तकाल से जुड़ी एक कलाकृति है। दसवें भाग में गुप्तकालीन नालंदा विश्वविद्यालय की मोहर दिखाई गई है। बारहवें भाग में नटराज की मूर्ति बनाई गई है। तेरहवें भाग में महाबलिपुरम मंदिर है। शेषनाग के साथ अन्य देवी-देवताओं के चित्र हैं। भागीरथी तपस्या और गंगा अवतरण को भी इसी चित्र में दर्शाया गया है। जब इन चित्रों को मूल संविधान में लगाया गया था, तब अखंड भारत की कलाकृतियों को नई संसद में सजाना अनुचित कैसे हो सकता है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**बोधि वृक्ष**

## *आईये सुनें माता सती की कथा*



***शक्ति*** के बल पर ही हम संसार में विद्यमान हैं। शक्ति ही ब्रह्मांड की ऊर्जा है। मां पार्वती को शक्ति भी कहते हैं। वेद, उपनिषद और गीता में शक्ति को प्रकृति कहा गया है। प्रकृति कहने से अर्थ वह प्रकृति नहीं हो जाती। हर मां प्रकृति है। जहां भी सृजन की शक्ति है वहां प्रकृति ही मानी गई है। इसीलिए मां को प्रकृति कहा गया है। प्रकृति में ही जन्म देने की शक्ति है। अनादिकाल की परंपरा ने मां के रूप और उनके जीवन रहस्य को बहुत ही विरोधाभासिक बना दिया है। वेदों में ब्रह्मांड की शक्ति को चिद् या प्रकृति कहा गया है। गीता में इसे परा कहा गया है। इसी तरह प्रत्येक ग्रंथों में इस शक्ति को अलग-अलग नाम दिया गया है, लेकिन इसका शिव की अर्धांगिनी माता पार्वती से कोई संबंध नहीं। इस समूचे ब्रह्मांड में व्याप्त है सिद्धियां और शक्तियां। स्वयं हमारे भीतर भी कई तरह की शक्तियां है। ज्ञानशक्ति, इच्छाशक्ति, मनःशक्ति और क्रियाशक्ति आदि। अनंत है शक्तियां। वेद में इसे चित्त शक्ति कहा गया है। जिससे ब्रह्मांड का जन्म होता है। यह शक्ति सभी के भीतर होती है।

**शाक्त धर्म का उद्येश्य :** शक्ति का संचय करो। शक्ति की उपासना करो। शक्ति ही जीवन है। शक्ति ही धर्म है। शक्ति ही सत्य है। शक्ति ही सर्वत्र व्याप्त है और शक्ति ही हम सभी की आवश्यकता है। बलवान बनो, वीर बनो, निर्भय बनो, स्वतंत्र बनो और शक्तिशाली बनो। तभी तो नाथ और शाक्त सम्प्रदाय के साधक शक्तिमान बनने के लिए तरह-तरह के योग और साधना करते रहते हैं।

*(समाप्त)*

# ह्यू से खरगे तक कांग्रेस का सफर, क्या खोया क्या पाया



ऋतुपर्ण दवे

***कभी*** लगता है कि कांग्रेस लक्ष्य से भटकी हुई है, कभी लगता है कि उम्मीद की किरण बाकी है। लेकिन सच यही है जनादेश वक्त के साथ अच्छे-अच्छों को हैसियत बता देता है। चाहे दल हों या राजनीतिज्ञ। आज कर्नाटक जीत के बाद भले कांग्रेस ऊर्जा से भरी होने का भ्रम पाल रही हो लेकिन इस कड़वे सच को मानना ही होगा कि जनसाधारण की रुचि दिनों दिन दूसरे दलों में ज्यादा दिखने लगी है। इसे कोई क्षेत्रवाद का विस्तार कहे या पूरे देश में बरसों बरस एकछत्र शासन कर चुके ऐसे राष्ट्रीय दल की विडंबना जो बहुत पहले अपने ही बिछाये जाल में खुद फंसती चली गई। कुछ यूं उलझी कि जनमानस के मस्तिष्क में कांग्रेस को लेकर उलझी गुत्थी कब सुलझेगी पता नहीं। ये सवाल बेहद अहम और राजनीतिक पण्डितों को भी समझ नहीं आता होगा कि गुणनफल क्या होगा? देश की राजनीति और मतदाताओं की परिपक्व सोच ने तमाम दावों और रणनीतिकारों को कई बार धूल चटाया। आम चुनाव और राज्यों के चुनावों के बीच बहुत कम समय के फासले के बावजूद अलग नतीजे इसका सबूत है। मजबूत लोकतंत्र और उससे भी ज्यादा समझदार हो चुका जनमानस अपनी सोच और दलों के भविष्य का खाका खींचते वक्त बेहद सतर्क होता है। इसके आगे बड़े-बड़े गणित और समीकरण भी असफल रहते हैं। जन सरोकारों और घर-घर संवाद के पुराने तौर-तरीकों को खो चुकी कांग्रेस, लोगों से रू-ब-रू होने के लिए सोशल मीडिया और रील, मीम्स से करिश्मे की उम्मीद बांधे बैठा है, जो नये दौर में और भी कठिन है। सच तो यह है कि जिस दल ने अपनी स्थापना के उद्देश्य और विचारधारा को ही धीरे-धीरे भुला दिया हो, उससे भला भविष्य में कितनी और कैसी अपेक्षाएं लोग करें? कांग्रेस के रहनुमाओं को चिन्ता इस बात की होनी चाहिए कि लोगों का रुझान किन कारणों से कम हो रहा है? लेकिन हो उल्टा रहा है। जो हैं वो अपने पुराने ठाठ और रुतबे का गुरूर भुलाए नहीं भूलते। शायद यही वजह है कि पूरे देश में कांग्रेस खुद को लोगों से जोड़े रखने मे जबरदस्त रूप से विफल हो रही है। अपवाद स्वरूप एक-दो प्रान्त छोड़ दें तो कहीं भी भविष्य में कांग्रेस की स्थिति पर कुछ ठोस नजर आता नहीं। जिस तरह से मध्य प्रदेश में हाथ आई सरकार गई, पूर्व में कई राज्यों (गोवा सहित कुछ अन्य) के उदाहरण हैं, राजस्थान में सरकार रहते कलह के नये-नये रूप दिखे, महाराष्ट्र में विपक्षी एकता के बावजूद गठबन्धन के दरकने की बेफिक्री के आलम से लगता है कि पार्टी में संगठनात्मक मजबूती को लेकर न मंथन है न चिंतन। एक-एक कर जिस तरह से कांग्रेस से दिग्गज व क्षत्रप पलायन करते गये उससे सवाल तो बहुत उठे। लेकिन गहराई में छिपे राज को जानकर भी अनजान कर्णधार क्यों नहीं वो सुधार कर पाये जो किसी दल के लिए सबसे अहम होते हैं। सबसे बड़ी सच्चाई यह कि अनुशासन जहां नहीं होता, वहां स्थिति खुद बेकाबू हो जाती है। नेतृत्व की स्वीकार्यता सबसे अहम होती है चाहे वह शीर्ष हो या फिर गांव, कस्बे, वार्ड, नगर, शहर, प्रान्त और केन्द्र का हो। शायद राहुल गांधी का पहली बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाना और 2019 की हार के बाद तुरंत इस्तीफा दे

**कांग्रेस के रहनुमाओं को चिंता इस बात की होनी चाहिए कि लोगों का रुझान किन कारणों से कम हो रहा है? लेकिन हो उल्टा रहा है। जो हैं वो अपने पुराने ठाठ को भुलाये नहीं भूलते।**


**राजनीति**

देना भले निजी राजनीतिक फैसला रहा हो, इसके बाद सोनिया गांधी का अंतरिम अध्यक्ष बनना अन्दरूनी मसला हो सकता है परन्तु इससे जनमानस में गये संदेश को भांपने की विफलता की बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ी। सच है कि एक वक्त वो भी था जब सोनिया गांधी चाहतीं तो प्रधानमंत्री बन सकती थीं। लेकिन उन्होंने ऐसा न कर विपक्ष और दूसरे दलों को एक बड़ा और साहसिक संदेश दिया। ये बात अलग है कि उस दौर में प्रधानमंत्रियों को रबर स्टाम्प तक कहा गया।

**फोटो की दुनिया**




**फेसबुक वॉल से**




# प्रचंड सरकार को अस्थिर करने की कोशिश



यशोदा श्रीवास्तव

***तीसरी*** बार प्रधानमंत्री बने प्रचंड अपने विदेशी दौरों में भारत को पहली प्राथमिकता देकर एक बार फिर भारत और नेपाल के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता पर बल दिया है। प्रचंड की भारत की यह दूसरी यात्रा है जब उन्होंने विदेश यात्रा के क्रम में भारत को प्राथमिकता दी है। इसके पहले जब वे दूसरी बार प्रधानमंत्री बने थे तब भी अपनी पहली विदेश यात्रा में भारत ही आये थे। प्रचंड की इस बार की भारत यात्रा दोनों देशों के लिए काफी महत्वपूर्ण रही। भारत और नेपाल के प्रधानमंत्रियों के बीच दोनों देशों के रिश्तों और विकास के कई योजनाओं पर चर्चा हुई तो कई पर तत्काल काम शुरू होने पर सहमति हुई। बड़ी बात यह थी कि भारत ने नेपाल से भारी मात्रा में बिजली खरीदने की सहमति जताई। भारत और नेपाल के सहयोग से बिजली परियोजनाओं के शुरू होने से नेपाल में उत्पादित बिजली की भारी खरीद वाला भारत पहला देश होगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह वादा कि नेपाल के विकास में सरहद कोई बाधा नहीं बन सकता, नेपाल के लिए बड़ी बात है। नेपाल का जब कोई राष्ट्राध्यक्ष भारत आए और चीन टकटकी न लगाये, यह कैसे हो सकता है। प्रचंड की भारत यात्रा पर चीन टकटकी लगाये हुए था। दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच क्या चल रहा है, चीन यह सब जानने को उतावला था। प्रचंड की भारत यात्रा के बीच नेपाल में विपक्ष द्वारा जो बवाल काटा गया उसके पीछे चीन का हाथ माना जा रहा है। चीन नहीं चाहता कि नेपाल में उसके अलावा अन्य किसी का दखल हो जबकि नेपाल सिर्फ चीन पर नहीं निर्भर रहना चाहता। उसकी नीति अपने पड़ोसी देशों के साथ समानांतर व्यवहार की है। इधर प्रचंड के भारत दौरे के समय नेपाल में गैर जरूरी मुद्दे को लेकर प्रचंड के बहाने भारत का विरोध हुआ। नेपाली नागरिकों को भारत के खिलाफ भड़काने की कोशिश हुई। नागरिकता संशोधन विधेयक को लेकर जगह जगह आगजनी के साथ विरोध प्रदर्शन हुआ। विपक्षी दल एमाले के इस विरोध प्रदर्शन के पीछे प्रचंड सरकार को अस्थिर और परेशान करने की है। प्रचंड एक कट्टर कम्युनिस्ट है, इसमें दो राय नहीं लेकिन दो साल पहले अपने इकलौते पुत्र प्रकाश के निधन से वे टूट गये हैं। वे अपेक्षाकृत धार्मिक हो गये हैं और पूजा पाठ में यकीन करने लगे हैं। कम्युनिस्ट लोग पूजा पाठ आदि में विश्वास नहीं करते। प्रचंड के उज्जैन में महाकाल की पूजा और दर्शन को भी मुद्दा बनाकर उनके समर्थकों को भड़काने की कोशिश की गई। कहा गया कि यह नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने का संकेत है। नेपाल और भारत के बीच तमाम मुद्दों को लेकर असहमति भी है जिसमें बड़ा मुद्दा लिपिलेख व काला पानी का है जहां से भारत ने मानसरोवर के लिए सड़क मार्ग का निर्माण कर लिया है। नेपाल इस भू-क्षेत्र को अपना हिस्सा मानता है। प्रधानमंत्री रहते हुए चीन समर्थक के पी शर्मा ओली ने इसे लेकर भारत के खिलाफ खूब आग उगला और तब भी नेपालियों को भारत के खिलाफ भड़काने की कोशिश की। प्रचंड जब सरकार में नहीं थे तब उन्होंने इस मुद्दे को बातचीत से हल करने की बात कही थी। बतौर प्रधानमंत्री जब वे भारत आये तो भारत के प्रधानमंत्री के साथ उनकी जिन तमाम मुद्दों पर बात हुई उसमें लिपुलेख और कालापानी मुद्दा भी था। प्रचंड ने इस विवाद को खत्म करने के लिए भारतीय प्रधानमंत्री मोदी से उसके बदले सिलीगुड़ी कारीडोर से बांग्लादेश के लिए रास्ते की मांग की। भारत के लिए प्रचंड का यह प्रस्ताव मान लेना आसान नहीं है क्योंकि यहां चीन भी नजर गड़ाये हुए है।

**प्रधानमंत्री रहते हुए चीन समर्थक के पी शर्मा ओली ने इसे लेकर भारत के खिलाफ खूब आग उगली और तब भी नेपालियों को भारत के खिलाफ भड़काने की कोशिश की।**

**देश-विदेश**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# स्पेशलाइजेशन कोर्स कर बनायें कॅरियर



12वीं के बाद छात्रों के सामने कॅरियर को लेकर कई तरह की कंफ्यूजन होती है। हालांकि 12वीं के बाद अपने कॅरियर ऑप्शन के बारे में पता होना चाहिए। ऐसे में छात्र बीबीए यानी की बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन का कोर्स कर सकते हैं। 12वीं के बाद छात्रों के सामने अपने कॅरियर को लेकर काफी कंफ्यूजन रहते है। छात्रों को कंफ्यूजन होती है कि 12वीं के बाद उनके लिए कौन सा कोर्स बेस्ट रहेगा। कौन से कोर्स में वह अपना बढ़िया कॅरियर बना सकते हैं। हालांकि छात्रों को पता होना चाहिए कि 12वीं के बाद उनके पास कौन-कौन से कॅरियर ऑप्शन होते हैं। इन्हीं कोर्सों में से एक बीबीए है। बीबीए यानी की बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन तीन साल के ग्रेजुएशन स्तर की डिग्री है। 12वीं पास करने के बाद छात्र बीबीए का कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स में छात्रों को बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन से संबंधित चीजें सिखाई व बताई जाती हैं।

## बीबीए क्वालिफिकेशन

जो भी छात्र बीबीए कोर्स में एडमिशन लेना चाहते हैं, उनको किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या स्कूल से 12वीं उसके समकक्ष एग्जाम पास होना आवश्यक है। वहीं कोर्स में एडमिशन लेने के लिए छात्र के कम से कम 50 प्रतिशत अंक होना जरूरी है।

## ऐसे लें बीबीए में एडमिशन

सभी कॉलेजों में बीबीए कोर्स में एडमिशन लेने की प्रक्रिया अलग-अलग होती है। वहीं कुछ कॉलेजों में मेरिट के आधार पर इस कोर्स में एडमिशन दिया जाता है। वहीं कुछ कॉलेजों में विश्वविद्यालय, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है।

## बीबीए कोर्स की लिस्ट

बीबीए कोर्स विभिन्न स्पेशलाइजेशन में अपनी डिग्री प्रदान करता है। हालांकि यह छात्र पर पूरी तरह से निर्भर करता है कि वह बीबीए डिग्री पूरी किस स्पेशलाइजेशन के साथ करना चाहते हैं।

## बीबीए इन फाइनेंस

बीबीए इन टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट
बीबीए इन टूर एंड ट्रेवल मैनेजमेंट
बीबीए इन बिजनेस एनालिटिक्स
बीबीए इन एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट
बीबीए इन सप्लाई चैन मैनेजमेंट
बीबीए इन बैंकिंग एंड इंश्योरेंश
बीबीए इन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट-
बीबीए इन हॉस्पिटल मैनेजमेंट
बीबीए इन कम्युनिकेशन मैनेजमेंट
बीबीए इन एयर ट्रैवल मैनेजमेंट
बीबीए इन लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट
बीबीए इन कंप्यूटर एप्लीकेशन
बीबीए इन ऑपरेशन्स मैनेजमेंट
बीबीए इन डिजिटल मार्केटिंग
बीबीए इन इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
बीबीए इन इंटरनेशनल बिजनेस
बीबीए इन इवेंट मैनेजमेंट
बीबीए इन एंटरप्रन्योरशिप
बीबीए इन मीडिया मैनेजमेंट
बीबीए इन रिस्क मैनेजमेंट
बीबीए इन ई-कॉमर्स
बीबीए इन अकाउंटिंग
बीबीए इन फॉरेन ट्रेड
बीबीए इन इंश्योरेंस
बीबीए इन मार्केटिंग
बीबीए इन बैंकिंग
बीबीए इन टूरिज्म
बीबीए इन मैनेजमेंट

❖ अनन्या मिश्रा

# सरकार ने जारी की यूनिवर्सिटी की लिस्ट





देशभर की सेंट्रल यूनिवर्सिटीज में प्रवेश लेने के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एडमिशन एंट्रेस टेस्ट के एग्जाम आयोजित किए जा रहे हैं। रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र एडमिशन ले पाएंगे। लेकिन इससे पहले छात्रों को देश की इन टॉप-10 यूनिवर्सिटी के बारे में जानना चाहिए। इस दौरान देशभर की सेंट्रल यूनिवर्सिटीज में प्रवेश लेने के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एडमिशन एंट्रेस टेस्ट यानी की CUET आयोजित की जा रही है। एग्जाम के बाद रिजल्ट जारी किया जाएगा। इसके बाद छात्र एडमिशन ले पाएंगे। ऐसे में आपको देश की टॉप 10 यूनिवर्सिटीज के बारे में जरूर जान लेना चाहिए। जिससे कि एडमिशन के दौरान आपसे कोई गलती न हो जाए।

## JUN, नई दिल्ली?

सीयूईटी एंट्रेंस एग्जाम क्लियर करने के स्टूडेंट्स खठव, जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी में एडमिशन ले सकते हैं। यह भारत की नंबर 1 यूनिवर्सिटी है। इस यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने के लिए क्या प्रोससे है और फीस आदि के बारे में ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

## बीएचयू

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय यानी की इल्व में भी स्टूडेंट्स एडमिशन ले सकते हैं। NIRF 2022 की रैंकिंग में बीएचयू को दूसरा स्थान प्राप्त है। यह विश्वविद्यालय वाराणसी में हैं। इस यूनिवर्सिटी को मदन मोहन मालवीय ने बनवाया था।

**अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी**

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में स्थित एमयू केंद्रीय विश्वविद्यालय है। साल 1875 में सर सैयद अहमद खान द्वारा मुहम्मडन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज के रूप में स्थापित किया गया था। साल 1920 में मुहम्मडन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय बन गया।

## हैदराबाद विवि

हैदराबाद यूनिवर्सिटी का स्थान 5वें नंबर पर आता है। ऐसे में सीयूईटी का एग्जाम पास करने के बाद स्टूडेंट्स इस यूनिवर्सिटी में एडमिशन ले सकते हैं। हैदराबाद में स्थिति इस यूनिवर्सिटी में यूजी के कई कोर्स संचालित किए जाते हैं।

## दिल्ली विश्वविद्यालय

साल 1920 में जामिया मिलिया इस्लामिया ने अलीगढ़ में अपने संस्थापक सदस्यों - शैखुल हिंद मौलाना महमूद हसन, जेनाब हकीम अजमल खान, डॉ मुख्तार अहमद अंसारी, मौलाना मुहम्मद अली जौहर, जेनाब अब्दुल मजीद ख्वाजा, और के दृढ़ संकल्प से एक छोटी सी शुरूआत की थी। बाद में इसे केंद्रीय यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया गया। देश की टॉप-10 यूनिवर्सिटी में इसका स्थान चौथे नंबर पर है।

## सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पंजाब

सीयूईटी एग्जाम क्लियर कर चुके स्टूडेंट्स सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पंजाब में भी प्रवेश ले सकते हैं। यहां पर कई अच्छे प्रोफेसरों द्वारा शिक्षा दी जाती है। यह यूनिवर्सिटी भी टॉप 10 में शामिल है।


## सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान

अजमेर के एनएच-8 पर स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान में भी छात्र एडमिशन ले सकते हैं। यहां पर छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जाती है। इस यूनिवर्सिटी के बारे में ज्यादा जानकारी के लिए ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

## विश्वभारती यूनिवर्सिटी

विश्वभारती यूनिवर्सिटी केरल में स्थित है। इस यूनिवर्सिटी में भी छात्र सीयूईटी क्लियर करने के बाद छात्र प्रवेश पा सकते हैं।

# खारे पानी को पेयजल में बदलने वाला सौर-आधारित संयंत्र




भारतीय विज्ञान संस्थान के शोधकर्ताओं द्वारा डिजाइन किया गया नया संयंत्र, सौर तापीय ऊर्जा का उपयोग अपने खुरदरे सतह वाले वाष्पीकरण ट्यूब में पानी की एक छोटी मात्रा को वाष्पित करने के लिए करता है। पेयजल संकट की चुनौती गहराती जा रही है। समुद्री जल को शोधित कर उसे पीने योग्य बनाना एक विकल्प हो सकता है। लेकिन खारे पानी को शोधित करने के लिए उपयोग की जाने वाली वर्तमान प्रणालियों में ऊर्जा की अत्यधिक खपत होती है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर के शोधकर्ताओं ने खारे जल को शोधित करने के लिए एक ऊर्जा-कुशल सौर-संचालित संयंत्र तैयार किया है।

जल के अलवणीकरण के लिए आम तौर पर रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) और थर्मल तकनीक का उपयोग होता है। थर्मल अलवणीकरण प्रणाली, खारे पानी को गर्म करके फिर संघनित वाष्प से ताजा पानी प्राप्त करने की विधि है। लेकिन इसमें वाष्पीकरण के लिए आवश्यक ऊर्जा आमतौर पर बिजली या जीवाश्म ईंधन के दहन से प्राप्त होती है।

सौर आसवन विधि का उपयोग बड़े जलाशयों में खारे पानी को वाष्पित करने के लिए किया जाता है जिसमें वाष्प एक पारदर्शी छत पर संघनित होता है। किन्तु संघनन के दौरान छत पर पानी की एक पतली परत बन जाती है, जो जलाशय में प्रवेश करने वाली सौर ऊर्जा की मात्रा को बाधित करती है जिससे सिस्टम की दक्षता कम हो जाती है।

भारतीय विज्ञान संस्थान के शोधकर्ताओं द्वारा डिजाइन किया गया नया संयंत्र, सौर तापीय ऊर्जा का उपयोग अपने खुरदरे सतह वाले वाष्पीकरण ट्यूब में पानी की एक छोटी मात्रा को वाष्पित करने के लिए करता है। अति सूक्ष्म बनावट-जन्य केपिलरी प्रभाव का उपयोग करते हुए यह संयंत्र पानी को एक छिद्रयुक्त सामग्री की सहायता से स्पंज के समान अवशोषित कर लेता है। पानी की संपूर्ण मात्रा को गर्म करने की झंझट न होने के कारण सिस्टम की दक्षता बढ़ जाती है।

मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईएससी में सहायक प्रोफेसर सुष्मिता दास बताती हैं कि आईआईएससी टीम द्वारा डिजाइन की गई इस ऊर्जा-कुशल और लागत प्रभावी विलवणीकरण संयंत्र को ऐसे सुदूर क्षेत्रों में भी आसानी से स्थापित किया जा सकता है जहां बिजली की सतत आपूर्ति सुनिश्चित नहीं है।

संघनन के दौरान प्रकोष्ठ की छत पर पानी की परत बनने से रोकने के लिए इस संयंत्र में हाइड्रोफिलिक और सुपरहाइड्रोफिलिक की क्रमिक परत-युक्त एक विशेष कंडेनसर लगाया गया है। हाइड्रोफिलिक सतह पर संघनित पानी की बूंदों को सुपरहाइड्रोफिलिक क्षेत्र अपनी ओर खींच लेता है। इससे हाइड्रोफिलिक सतह संघनन के नए सत्र के लिए पुनः तैयार हो जाती है।

इस अलवणीकरण संयंत्र को डॉ. दास और उनके पीएचडी छात्र नबजीत डेका ने संयुक्त रूप से डिजाइन किया है। संयंत्र में खारे पानी के लिए एक टंकी, एक वाष्पीकरण कक्ष और ताप के क्षरण को बचाने के लिए एक इन्सुलेटिंग कक्ष के भीतर कंडेनसर लगा है। एल्युमीनियम से बने वाष्पीकरण कक्ष की सतह पर सूक्ष्म खांचे खोदे गए हैं। विभिन्न सतहों से गुजरने के दौरान तरल में केपिलरी प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए टीम ने खाँचो के आयाम और उनके बीच की दूरी तथा सतह के खुरदरेपन के विभिन्न संयोजनों के साथ अनेक प्रयोग किये हैं।

उल्लेखनीय है कि दुनिया की 18 प्रतिशत से अधिक आबादी लेकिन उसके केवल 4 प्रतिशत जल संसाधन वाला भारत आज दुनिया के सबसे अधिक जल संकट वाले देशों में से एक है। यह अध्ययन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से किया गया है। शोध के निष्कर्ष साइंसडायरेक्ट के डिसेलिनेशन जर्नल में प्रकाशित हुए हैं।

## सूडोकु नवताल- 6723

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6722 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

## दैनिक पंचांग

**07 जून 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.52 बजे से |
| चंद्र | मकर में | कर्क | 08.05 बजे से |
| मंगल | कर्क में | सिंह | 10.21 बजे से |
| बुध | मेष में | कन्या | 12.33 बजे से |
| गुरु | मेष में | तुला | 14.44 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | वृश्चिक | 16.58 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 19.14 बजे से |
| राहु | मेष में | मकर | 21.20 बजे से |
| केतु | तुला में | कुंभ | 23.06 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | मीन | 00.39 बजे से |
| | | मेष | 02.09 बजे से |
| | | वृष | 03.49 बजे से |

**बुधवार** 2023 वर्ष का 151 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्थी 21.51 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 21.03 बजे रात्र को समाप्त। **योग** ब्रह्म 22.23 बजे को समाप्त। **करण** बव 11.21 बजे तदनन्तर बालव 21.51 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 18.3 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 42'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871637
**जूलियन दिन** 2460102.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 18
**विशेष** संकष्टी गणेश चतुर्थी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7785

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | 8 | | 9 | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | | ■ | 11 | | |
| ■ | ■ | 12 | | ■ | 13 | | ■ | ■ |
| 14 | | | ■ | 15 | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | 21 | ■ | | ■ | | ■ | 22 | |
| ■ | 23 | | | ■ | 24 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. कवि की रचना,गजल-3
3. अनुमान,अंदाज-3
5. सदपुरुष-2
6. अयोग्य,असंगत -2
8. स्वार्थ,लोभ-4
10. सहयोग,सहकार-3
11. उन्माद,सनक-3
12. भगवान का अराधक-2
13. ठंडक,शीतलता-2
14. दूल्हे के सिर पर बांधी जाने वाली पगड़ी-3
16. चांदी-3
18. गंवारपन,अशिष्टता-4
20. पैंदा,तला-2
22. वर्तमान दिन-2
23. बहने का भाव-3
24. गमन, विदा होना-3

**ऊपर से नीचे**

1. हुनर,फन,आर्ट-2
2. बल,दम,जोर-3
3. समीप,नजदीक-3
4. गलत का विलोम-2
5. भ्रम,संदेह-3
7. उपनदी,कैनाल-3
8. नशे से भरपूर-4
9. लाख,सौ हजार-2
11. स्वभाव,आदत-4
14. स्वास्थ्य-3
15. इस जगह-2
17. तहजीब,शिष्टता-3
18. इकट्ठा होना-3
19. रेखा,लाइन-3
21. होठ,अधर-2
22. आगमन-2

**शब्द पहेली - 7784 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ह | ल | ज | ■ | ■ | कु | ली | न |
| रि | ■ | ■ | र | सा | त | ल | ■ | फा |
| ता | ना | ■ | ■ | ग | म | ■ | ■ | स |
| ■ | जा | म | ■ | र | ■ | ■ | स | त |
| ■ | य | म | ज | ■ | आ | रा | म | ■ |
| ह | ज | ■ | ■ | ह | ■ | न | त | ■ |
| ज | ■ | ■ | क | र | ■ | ■ | ल | ब |
| र | ■ | स | ला | म | त | ■ | ■ | द |
| त | बा | ही | ■ | ■ | य | की | न | न |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा।

**वृष राशि** : आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मिथुन राशि** : व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**कर्क राशि** : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें।

**सिंह राशि** :यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कन्या राशि** : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगें। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**तुला राशि** : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**वृश्चिक राशि** : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**धनु राशि** : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**मकर राशि** : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कुंभ राशि** : आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**मीन राशि** : परिश्रम से काम बनाने का प्रयास लाभ देगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

# लालपुर बाजार में चलाया गया अतिक्रमण अभियान







**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लालपुर स्थित डिस्टलरी पुल से कोकर के बीच सब्जी विक्रेताओं के खिलाफ मंगलवार को अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इसके विरोध में कुछ देर के लिए बड़ी संख्या में सब्जी विक्रेताओं ने सड़क पर बैठ कर कोकर- लालपुर मार्ग को जाम कर दिए। लेकिन फिर निगम के अधिकारियों और पुलिस ने सड़क जाम तुरंत हटवाया। मौके पर टाउन वेंडिंग कमिटी (टीवीसी) मेंबर शर्मिला नेवार ने कहा कि जब तक दुकान बनाकर स्थाई रूप से सब्जी विक्रेताओं को नहीं दिया जाएगा। तब तक हम लोग दूसरे जगह सब्जी लगाने नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि निगम के कर्मियों से हमने आदेश की कॉपी मांगी तो आदेश की कॉपी भी नहीं दिखाया गया। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि इस रोड पर करीब 400- 450 परिवार अलग-अलग सब्जी की दुकान लगाते हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना था कि जिस तरह से मछली, मीट और अंडा बेचने वालों के लिए अलग से मार्केट बनाकर इलाके को अतिक्रमण मुक्त कराया गया, वही सुविधा सब्जी विक्रेताओं को भी मिलनी चाहिए। सब्जी मार्केट तैयार करने के बाद ही उन्हें हटाना चाहिए। नगर निगम की विजिलेंस टीम मंगलवार को लालपुर पहुंची और सब्जियों को जब्त करना शुरू किया। 407 ट्रक में सब्जी विक्रेताओं की सब्जी को जबरन जब्त किया गया। सब्जी विक्रेता संघ की पुतुल देवी ने बताया कि गरीबों पर अत्याचार किया जा रहा है। बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए सब्जी विक्रेताओं को हटाना अन्याय है। इस दौरान प्रशासन और सरकार के खिलाफ सब्जी विक्रेताओं ने जमकर नारेबाजी की। विक्रेताओं का कहना है कि निगम के अधिकारी जब चाहते हैं तब आकर हमलोगों का सामान इधर से उधर कर देते हैं या अपनी गाड़ी पर लादकर ले जाते हैं जिससे सब्जी विक्रेताओं को काफी नुकसान का सामना करना पड़ता है। हमलोगों के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे इस मामले का समाधान निकल सके। इस बार हमलोगों मानने वाले नहीं हैं निगम को कोई न कोई रास्ता तो निकालना ही होगा नहीं तो हम सभी विक्रेता आन्दोलन के लिए बाध्य हो जायेंगे। सिर्फ हमलोगों को अब तक आश्वासन ही दिया जा रहा है लेकिन उपर पर कोई काम सही ठंग से नहीं हो पा रहा है। बरसात के दिनों में हमलोगों को कितनी परेशानी होती है इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। जब पूरे जोर की बारिश होती है बोरे पर रखे सब्जी बहकर नाले में चले जाते हैं। जिसका रोजी-रोटी यही है तो वह कहां जायेंगे। पानी भींगकर भी हमलोगों को बेचना पड़ता है, नहीं भूखे पेट सोना पड़ेगा।

**क्या कहते हैं अधिकारी :** इस संबंध में रांची नगर निगम के अपर प्रशासक कुमार सिंह पाहन ने कहा कि शहरी यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लालपुर सब्जी मंडी के दुकानदारों को शिफ्ट किया जा रहा है। सब्जी विक्रेता नगर निगम के अधिकारियों का सहयोग करें ताकि शहर को जाम मुक्त बनाया जा सके। वहीं दूसरी ओर नगर निगम की विजिलेंस टीम अतिक्रमण मुक्त कर आगे बढ़ी। इसमें कुछ दुकानदार चुन्ना भट्ठा के सड़क के किनारे सब्जी की दुकान लगा कर बैठ गए।

## रांची के तैमारा घाटी में धू-धूकर जला ट्रेलर, बाल-बाल बचा ड्राइवर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची से जमशेदपुर जाने वाली सड़क पर तैमारा घाटी में हादसा कोई आम बात नहीं है। लेकिन इस बार एक चूना पत्थर लदा एक ट्रेलर में आग लगने से वो अचानक धू-धूकर जल उठा। ड्राइवर और खलासी ने समय रहते ट्रेलर से कूदकर अपनी जान बचाई। ड्राइवर रौनक कुमार सिंह के मुताबिक यह ट्रेलर जयपुर से चूना पत्थर लेकर जामदा, ओड़िशा जा रही थी। लेकिन दशम फॉल थाना क्षेत्र स्थित तैमारा घाटी से गुजरते वक्त गाड़ी का गियर बॉक्स फट गया था। इसकी वजह से डीजल लीक करने लगा और गाड़ी में आग लग गयी। इस दौरान ड्राइवर और खलासी ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन देखते ही देखते पूरी गाड़ी आग की लपटों से घिर गई। इसके बाद तत्काल ही फायर ब्रिगेड की टीम को आग की सूचना दी गयी। इस दौरान तैमारा घाटी में कुछ देर के लिए गाड़ियों का परिचालन बाधित रहा। यह घटना मंगलवार दोपहर करीब एक बजे के आसपास की है। फिलहाल रांची जमशेदपुर रोड पर यातायात को बहाल कर दिया गया है। फायर ब्रिगेड के कर्मी ने बताया कि गाड़ी का केबिन पूरी तरह जल चुका है।

## गुरूजी की अध्यक्षता में राज्य समन्वय समिति की बैठक आयोजित

# जनआंकाक्षाओं को पूरा करना प्राथमिकता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद भाजपा विरोधी दल ऊर्जा से लबरेज दिख रहे हैं। कर्नाटक वाली जीत को दोहराने के लिए चुनावी राज्यों में वोट के गणित का फार्मूला निकालने का दौर शुरू हो चुका है। इसकी आहट झारखंड में भी नजर आने लगी है। झामुमो, कांग्रेस और राजद के गठबंधन से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनी सरकार भी 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी एकता की गांठ को और मजबूत करने में जुटी हुई है। जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की अध्यक्षता में उनके आवास पर 10 जून को 11 बजे राज्य समन्वय समिति की बैठक बुलाई गई है। इसमें भाग लेने के लिए सभी सदस्यों, विशेष आमंत्रित सदस्यों और



आमंत्रित सदस्य को पत्र भेजा गया है। पलायन के मुद्दे पर किया जाएगा फोकसः खास बात है कि गठनबंधन की सरकार बनने के बावजूद समन्वय समिति को बनाने में तीन साल लग गए। समन्वय समिति के सदस्य के रूप में मंत्री का दर्जा पा चुका प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि पलायन को रोकने के लिए और क्या कुछ किया जा सकता है, इस पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुरूजी के मार्गदर्शन में जनआंकाक्षाओं को पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है। लिहाजा, वैसे तमाम मसलों पर चर्चा होगी। जहां तक बोर्ड और निगम की बात है तो इस पर मुख्यमंत्री के रांची लौटने के बाद चर्चा होगी।

### क्यों बनायी गई थी राज्य समन्वय समिति

दरअसल चुनाव पूर्व गठबंधन के दौरान ही तीनों सत्ताधारी दलों ने ऐलान कर रखा था कि जीत मिलने पर एक समन्वय समिति बनाकर सरकार काम करेगी। लेकिन सरकार बनने के साथ ही कोरोना की एंट्री और कल्याणकारी योजनाओं की जरूरत बदलने, सरकार को अस्थिर करने जैसे मामलों की वजह से समिति का गठन लटकता चला गया। लेकिन प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय इसकी जरूरत का मुद्दा बार-बार उठाते रहे। पिछले दिनों कुछ मामलों को लेकर बैकफुट में सरकार के आने के बाद समन्वय समिति गठित की गई थी। गठन के बाद एक बैठक हुई थी, जिसमें कोई बड़ा फैसला नहीं लिया गया था। लिहाजा, 10 जून को बुलायी गई बैठक में लोक कल्याणकारी योजनाओं पर समिति सरकार को अपने विचारों से अवगत कराएगी। मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए योजना बनाने का सुझाव दिया जा सकता है। साथ ही उपलब्ध संसाधनों के आधार पर जनहित में कैसे काम हो सकते हैं, इसपर भी सुझाव दिया जा सकता है। आपको बता दें कि नवंबर 2022 में राज्य समन्वय समिति का गठन हुआ था। इसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झामुमो नेता सरफराज अहमद, झामुमो नेता विनोद पांडेय के अलावा फागु बेसरा और योगेंद्र महतो को सदस्य का दर्जा दिया गया था।

## झारखंड राज्य वुशु तकनीकी सह जजेस सेमिनार संपन्न

**रांची।** झारखंड राज्य वुशु तकनीकी सह जजेस सेमिनार आज यहां सरला बिरला यूनिवर्सिटी के हॉस्टल परिषर में संपन्न हो गया। आज इस सेमिनार के समापन के अवसर पर झारखंड वुशु एसोसिएशन के वाईस प्रेसिडेंट मिथलेश साहू सहित शैलेन्द्र दुबे,अमरेंद्र दत्त द्विवेदी,शिवेंद्र दुबे,दीपक गोप सहित संघ के कई वरीय अधिकारी उपस्थित थे जिन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। **सेमिनार में निम्न खिलाड़ियों और कोचेस ने भाग लियाः** निशांत तिरकी, कृष्णा कच्छप, ध्रुव द्विवेदी, राकेश उरांव, प्रशांत गोराई, सोमनाथ सिंह, शशिकांत महतो, इन्द्रशिष रॉय, मनीष मुंडा,मोहम्मद जावेद, संजीव सेन, सोनू कुमार मलिक, शांतनु सेन, बासुदेव टोप्पो,अशोक उरांव,भास्कर कुमार ठाकुर, ऋषभ शुक्ला, लक्ष्मी कुमारीं, कंचन तिग्गा, श्रेया कुमारीं, पूर्णिमा लिंडा, तरामुनि बाखला, पल्लवी गाड़ी,संजना उरांव, अंकिता कुजूर, कोमल कुमारी, बिमला टोप्पो हैं।

## लेखिका मेघा रानी को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची की मेघा रानी को वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन कमीशन (डब्ल्यूएचआरपीसी) ने मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया है। दिल्ली के अंबेडकर भवन में आयोजित समारोह में मेघा रानी को उपाधि दी गयी। मेघा रानी को उनकी लेखनी के लिए मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स भारत सरकार मान्यता प्राप्त डब्ल्यूएचआरपीसी की ओर से मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। कई सालों से मेघा लेखन के क्षेत्र में काम कर रही हैं। पिछले साल भी उन्हें वन इंडिया वीमन अचीवमेंट अवॉड्र्स की ओर



से वन इंडिया एंगेजिंग लिटरेचर अवॉर्ड दिया गया। यह अवार्ड उनके आर्टिकल्स मातृभाषा हिंदी में लिखने के लिए दिया गया। मेघा ने अभी हाल में अस्तित्व एक नारी का टाइटल से किताब लिखी है। बहुत जल्द ही इसका विमोचन किया जायेगा। मेघा बहुत सारी पब्लिकेशन और पत्रिका के साथ कार्य किया है। उनके राइटप्स नेशनल बुक ऑफ रिकॉड्र्स में दर्ज हैं, जिनके लिए उन्हें मेडल और प्रशस्ति पत्र भी मिल चुके हैं। उल्लेखनीय है कि कई सालों से मेघा लेखन कार्य कर रही हैं। उनके द्वारा लिखित शास्वत, सृजन, श्रीकृष्ण लीला भी लेखनी का हिस्सा है। श्रीकृष्ण लीला की मेघा सहायक लेखिका है। इस किताब के लिए दो रिकॉर्ड दर्ज है। इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड और वर्ल्ड बुक रिकॉर्ड। मेघा के राइटप्स नेशनल बुक ऑफ रिकाड्र्स में भी दर्ज है, जिनके लिए उन्हें मेडल और प्रशस्ति पत्र भी मिल चुके हैं।

## मुख्य सचिव से मिले बंधु तिर्की, कई मुद्दों पर की बात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने मंगलवार को मुलाकात की। तिर्की ने कहा कि मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से हुई उनकी मुलाकात में कई अहम मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत हुई। मुख्य सचिव ने उन्हें शीघ्र ही प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। तिर्की ने कहा कि लातेहार में टाना भगतों द्वारा वहां के कचहरी परिसर में जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए किए जा रहे शांतिपूर्ण आंदोलन पर कार्रवाई करते हुए लगभग 200 लोगों को नामजद और 300 अज्ञात लोगों पर गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संदर्भ में मुख्य सचिव सिंह ने यह आश्वासन दिया कि लातेहार के उपायुक्त से प्रतिवेदन मंगवाने के बाद इस मामले पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। तिर्की ने कहा कि झारखंड में विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में रहनेवाले अनुसूचित जनजाति चीक बड़ाईक लोगों में अधिकांश के खेवट और खतियान में विभिन्न तरीके से जाति दर्ज होने के कारण उनके वंशजों को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र मिलने में कठिनाई हो रही है। इस मामले पर भी मुख्य सचिव ने आश्वासन दिया कि इस मामले में अपेक्षित कदम उठाए जाएंगे।

## विकास विरोधी है सरकार : दीपक प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने मंगलवार को राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास विरोधी सरकार है। मुख्यमंत्री सहित सत्ताधारी दल के मंत्रियों को केवल अपने पद और परिवार की चिंता है लेकिन राज्य के लोग मजबूत हों, गांव और गरीब की हालात में सुधार हो, इसकी चिंता नहीं है। दीपक ने कहा कि राज्य सरकार गठबंधन के नेताओं को खुश करने के लिए बोर्ड निगम का गठन कर रही है लेकिन राज्य के महत्वपूर्ण संवैधानिक आयोग का गठन नही कर रही। राज्य के महिला आयोग, वित्त आयोग, लोकायुक्त, सूचना आयुक्त जैसे



पद वर्षों से रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग के महत्वपूर्ण पद रिक्त रहने के कारण केंद्रीय अनुदान नही मिलने की आशंका बनी हुई है। साथ ही कहा कि केंद्र सरकार वित्त आयोग की अनुशंसाओं के आलोक में राज्य वित्त आयोग को पैसा आवंटित करती है। फिर ये पैसे पंचायती राज संस्थाओं, नगर पालिकाओं को आवंटित होते हैं। उन्होंने कहा कि आज राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष विहीन, कर्मचारी विहीन हैं, जिसके कारण अगले दो वित्तीय वर्षों में राज्य की पंचायती राज संस्थाओं को केंद्र सरकार से अनुदान के रूप में मिलने वाली 2736 करोड़ के अनुदान पर राज्य सरकार की अकर्मण्यता से ग्रहण लगने की संभावना है। इसमें टाइड और अनटाइड दोनों फंड समाहित हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की मंशा नगर निकाय चुनाव को टालने की है। इसीलिए ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया को राज्य सरकार ने प्रारंभ नहीं कराया है।

### मॉडल पर शादी का दबाव बनाने वाला तनवीर भागा विदेश

## इंस्टाग्राम चैट से खुल रहे कई राज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मॉडल का यौन शोषण करने और शादी के लिए धर्मांतरण का दबाव डालने का आरोपी तनवीर खान संभवतः विदेश भाग गया है। मॉडल ने पुलिस को तनवीर के साथ इंस्टाग्राम चैट का ब्योरा उपलब्ध कराया है, जिसमें उसने कहा था कि वह विदेश जा रहा है। इस चैट में इस बात के भी सबूत हैं कि वह मॉडल पर शादी के लिए दबाव बना रहा था। रांची पुलिस की एक टीम ने पिछले दिन मुंबई जाकर पीड़िता मॉडल का बयान दर्ज किया था। इस दौरान उसने पूरी आपबीती बयां की है कि कैसे तनवीर ने अपना नाम यश बताकर उसे झांसे में लिया और किस तरह ब्लैकमेल करते हुए उसका यौन शोषण करता रहा। पीड़िता इसी हफ्ते रांची आकर धारा 164 के तहत बयान दर्ज करा सकती है। उसने पुलिस को बताया है कि तनवीर की करतूतों के संबंध में उसके पास कई साक्ष्य हैं, जिन्हें वह रांची आकर उपलब्ध कराएगी। इस बीच रांची पुलिस ने तनवीर की तलाश में रांची में विभिन्न स्थानों से लेकर बिहार के शेरघाटी स्थित उसके पैतृक आवास में भी दबिश दी है, लेकिन अब तक वह पकड़ से बाहर है। हालांकि उसने वीडियो जारी कर खुद को निर्दोष बताया है। उसका कहना है कि मॉडल उसके न्यूड फोटो-वीडियो वायरल कर उसे ब्लैकमेल कर रही है। बता दें कि मूल रूप से बिहार के भागलपुर की रहने वाली मॉडल ने रांची में मॉडलिंग इंस्टीट्यूट चलाने वाले तनवीर पर धर्म और असली पहचान छिपाकर उसे ब्लैकमेल करने, नशा देकर रेप करने, जान मारने की कोशिश करने और उसका धर्म बदलकर शादी के लिए दबाव डालने का आरोप लगाते हुए मुंबई के वसोर्वा थाने में लिखित शिकायत की थी। चूंकि घटनास्थल रांची है, इसलिए वसोर्वा पुलिस ने मानवी के लिखित आरोपों पर जीरो एफआईआर दर्ज करते हुए इसे रांची पुलिस को ट्रांसफर कर दिया था। रांची पुलिस गोंदा थाने में एफआईआर दर्ज कर मामले की तफ्तीश कर रही है।

**आय** व्यावसायिक खेती विषय पर 28 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

## बटन मशरूम की खेती से जुड़ें छात्र-छात्राएं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पौधा रोग विज्ञान विभाग द्वारा संचालित मशरूम उत्पादन ईकाई में बटन मशरूम की व्यावसायिक खेती विषय पर 28 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में रांची जिले के 12 किसानों के साथ रांची कृषि महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के कुल 20 छात्र-छात्राएं भी रूरल एग्रीकल्चरल वर्क एक्सपीरियंस (रावे)- एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम के तहत शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन डीन एग्रीकल्चर डॉ. डीके शाही ने किया। मौके पर उन्होंने बटन मशरूम की व्यावसायिक खेती को भूमिहीन किसानों एवं युवाओं के लिए ग्रामीण एवं शहरी रोजगार का सरल उद्यम बताया। कहा कि इसकी खेती में बड़ी आसानी से कम लागत में दोहरा लाभ लिया जा सकता है। इस अवसर पर मशरूम उत्पादन ईकाई के प्रभारी डॉ एन कुदादा ने अन्य मशरूम की अपेक्षा बटन मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया की जटिलता पर




प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों संग कृषि स्नातक छात्रों को बटन मशरूम उत्पादन की दीर्घ अवधि (28 दिनों वाली) तकनीक से अवगत कराया। मौके पर डॉ राकेश कुमार, डॉ पीबी साहा एवं केयरटेकर (मशरूम यूनिट) मुनी प्रसाद भी मौजूद थे। कार्यक्रम के पहले दिन सभी प्रतिभागियों को बटन मशरूम उत्पादन के लिए खाद तैयार करने की व्यावहारिक विधि से प्रशिक्षित किया गया। जैविक और अजैविक पदार्थो को मिश्रित करने की विधि को स्वयं से करने को बताया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि खाद निर्माण की अवधि 24-28 दिनों की होगी। इस दौरान जैविक और अजैविक पदार्थों के मिश्रण की 8 बार पलटाई होगी। मिश्रण के तीसरे पलटाई में जिप्सम तथा सातवें पलटाई में फ्यूराडान मिलाने की विधि के बारे में बताया जायेगा। आठवीं पलटाई के बाद तैयार खाद का विसंक्रमण, बिजाई एवं कैमिंग आदि विधि सहित बटन मशरूम उत्पादन की जानकारी पौधा रोग वैज्ञानिकों द्वारा दी जाएगी। बताते चले कि कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह के निर्देश पर 20 कृषि स्नातक छात्र-छात्राओं को एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम के तहत विभिन्न प्रकार के मशरूम उत्पादन प्रौद्योगिकी से उद्यमिता विकास हेतु जोड़ा गया है। छात्रों को अबतक ओयस्टर मशरूम एवं दुधिया मशरूम उत्पादन की तकनीकी में प्रशिक्षित किया गया है। इन्हें विभिन्न मशरूम उत्पादन के साथ विपणन तथा उद्यमिता के विभिन्न आयामों से भी अवगत कराया जा रहा है। मशरूम की व्यावसायिक खेती के लिए ईच्छुक युवक - युवतियाँ, गृहणी, किसान, उत्पादक एवं संस्थाएँ अगले ट्रेनिंग के लिए निबंधन करा सकते है।

## पृष्ठ एक के शेष

**22 जवानों को शहीद...**
कई अन्य हिंसक वारदातों में नागेंद्र मुख्य रूप से शामिल था। इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस पिछले कई वर्षों से लगातार प्रयास कर रही थी।

**14 वर्ष की उम्र में बना था माओवादी**
बताया जाता है कि गिरफ्तार माओवादी नागेंद्र उरांव मात्र 14 वर्ष की उम्र में माओवादियों के दस्ते में शामिल हो गया। वह काफी आक्रमक था। इस कारण इसे माओवादियों के गुरिल्ला दस्ते का कमांडर बनाया गया था। माओवादी इसे डॉक्टर के नाम से भी पुकारते थे। नक्सलियों का यह इलाज भी करता था। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार माओवादी से पूछताछ की गई तो पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि माओवादियों की गिरफ्तारी में गारू थाना प्रभारी राजीव भगत, थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, सरज कुमार, मोहम्मद शाहिद अंसारी, तारापद महतो तथा अन्य पुलिस के अधिकारियों की भूमिका सराहनीय रही।

**फैक्ट्री विस्तार के लिए...**
फैली। देखते-देखते सैकड़ों लोग जुट आए और वन विभाग एवं फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ नारे लगाने लगे। महिलाएं पेड़ों से चिपक गईं और वन विभाग की टीम को इसकी गिनती करने से रोक दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस फैक्ट्री के प्रदूषण से वे पहले से परेशान हैं। फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं और गुबार से फसलें खराब हो रही हैं। गांव में कई तरह की बीमारियां फैल रही हैं और अब इसके विस्तार के लिए जंगल की कुबार्नी देने की तैयारी हो रही है, लेकिन यह किसी हाल में नहीं होने दिया जाएगा। रामगढ़ के डीएफओ मनीष कुमार ने इस बाबत पूछे जाने पर बताया कि फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा विभाग से किए गए पत्राचार के आलोक में विभाग की टीम पेड़ों की गिनती करने के लिए गई है। फैक्ट्री प्रबंधन वन भूमि में प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र लगाना चाहता है, ताकि फैक्ट्री से हो रहे प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। ग्रामीण वहां इसका प्रोटेस्ट कर रहे हैं।

# एशिया कपः भारत ने की वापसी कोरिया से मैच किया ड्रा



**एजेंसी। काकामिगहारा (जापान)**

भारतीय महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को यहां जूनियर एशिया कप 2023 के अपने तीसरे मैच में कोरिया के खिलाफ 2-2 से रोमांचक ड्रा खेला। युजिन ली (15') और जियोन चोई (30') ने कोरिया के लिए गोल किये , जबकि दीपिका सोरेंग (43') और दीपिका (54') ने गोल कर भारत को बराबरी दिलाई। भारत ड्रॉ हासिल करने और पूल ए के शीर्ष पर अपनी स्थिति बनाए रखने में सफल रहा। कोरिया तेजी से लय में आ गया और पहले क्वार्टर में भारत पर हावी हो गया। कोरिया ने कुछ पेनल्टी कार्नर जीते लेकिन भुनाने में नाकाम रहा। हालांकि, जब युजिन ली (15') ने डी के अंदर से अच्छी तरह से लगाए गए शॉट के माध्यम से एक मैदानी गोल किया और कोरिया को बढ़त मिल गयी। कोरिया ने 1-0 की बढ़त के साथ दूसरे क्वार्टर में आक्रामक रुख के साथ प्रवेश किया और भारत पर हावी होने के लिए दबाव वाला खेल खेला। हालाँकि, आधे समय के ब्रेक से कुछ मिनट पहले, भारत ने पलटवार करके दबाव बनाना शुरू किया, लेकिन वे बराबरी करने में असमर्थ रहे। इस बीच, कोरिया ने गियर बदल दिया और अधिक आक्रामक रूप से खेलना शुरू कर दिया जिससे उन्हें अपनी बढ़त को दोगुना करने में मदद मिली क्योंकि जियोन चोई (30') ने एक पेनल्टी कॉर्नर को पूरी सटीकता के साथ गोल में बदल दिया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोरिया 2-0 की बढ़त के साथ आधे समय के ब्रेक में चला गया। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत कोरिया द्वारा फिर से हमला करने और शुरूआती पेनल्टी कॉर्नर जीतने के साथ हुई, जिसे भारतीय गोलकीपर अदिति माहेश्वरी ने बचा लिया। फिर, भारत ने अपने खेल में सुधार किया और कोरिया की बैकलाइन को दो हिस्सों में बांटना शुरू किया, जिसका नतीजा तब निकला जब दीपिका सोरेंग (43') ने टीम के लिए मैदानी गोल किया।

कोरिया अपनी बढ़त को बनाए रखने के लिए उत्सुक था और चौथे क्वार्टर में गेंद को अपने कब्जे में रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे था जिसने भारत को बराबरी हासिल करने से नहीं रोका क्योंकि दीपिका (54') ने पेनल्टी स्ट्रोक को शांति से स्कोर बराबर करने के लिए बदला।

खेल में वापस आने के बाद आत्मविश्वास से भरे भारत ने अपने हमलों में वृद्धि कर दी लेकिन अंतिम क्वार्टर में कोई और गोल नहीं हुआ क्योंकि मैच 2-2 से बराबरी पर छूटा। भारत अब चौथे और आखिरी पूल ए मैच में आठ जून को चीनी ताइपे से खेलेगा।

# स्कॉट बोलैंड ऑस्ट्रेलिया की अंतिम एकादश का हिस्सा होंगे : पैट कमिंस




**एजेंसी। लंदन**

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को पुष्टि की कि तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड बुधवार से द ओवल में भारत के खिलाफ शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए अंतिम एकादश का हिस्सा होंगे। बोलैंड, जोश हेजलवुड के स्थान पर आएंगे, और माइकल नेसर को बाहर करेंगे, जो 15 सदस्यीय डब्ल्यूटीसी टीम में देर से शामिल हुए थे। नेसर को रविवार को डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में बुलाया गया था, जब हेजलवुड को उनके चल रहे बाएं अकिलिस और बाईं बगल की परेशानी के कारण मार्की मैच से बाहर कर दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को चयन कॉल किया और जबकि कमिंस ने फाइनल के लिए पूरी टीम का नाम नहीं बताया, उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि बाकी टीम के मेकअप में कोई आश्चर्य नहीं है।

बोलैंड का चयन उनके टेस्ट करियर के सर्वोच्च रिकॉर्ड के पीछे आता है, उन्होंने अपने पहले सात मैचों में केवल 13.42 की औसत से 28 विकेट लिए। वह ऑस्ट्रेलिया के अपेक्षित गेंदबाजी आक्रमण में कमिंस, कैमरन ग्रीन, मिशेल स्टार्क और नाथन लियोन के साथ शामिल होंगे। उनका 13.42 का औसत 20वीं सदी की शुरूआत के बाद से कम से कम 1000 गेंदों को फेंकने वाले किसी भी टेस्ट क्रिकेटर में सबसे कम है।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने स्वीकार किया कि बोलैंड तेज गेंदबाजों की प्रमुख तिकड़ी के स्तर के करीब है, जिसमें चयन पदानुक्रम के मामले में खुद कमिंस, मिशेल स्टार्क शामिल हैं। कमिंस के हवाले से क्रिकेट.कॉम.एयू ने कहा, हम हर किसी को थोड़ा अलग तरीके से गेंदबाजी करने में माहिर हैं। स्कॉट अच्छी लेंथ पर तेज गेंदबाजी करने वाला गेंदबाज है, लेकिन वह जोश हेजलवुड से थोड़ा अलग गेंदबाजी करता है और स्टार्सी का बाएं हाथ का गेंदबाज होना थोड़ा अलग है।

उन्होंने कहा, इसलिए, मुझे नहीं लगता कि कोई पेकिंग ऑर्डर है। आप उन तीन लोगों के बारे में सोचते हैं जिन्हें आप बाहर जाकर खेलना चाहते हैं।

बोलैंड के कैमरन ग्रीन के बाद इंग्लैंड में अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैचों में भाग लेने वाले केवल दो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में से एक होने की संभावना है। यूके में 34 वर्षीय का एकमात्र अनुभव 2018 में ऑस्ट्रेलियाई स्वदेशी टीम के दौरे से आता है।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल 2023

# ऑस्ट्रेलिया अब भारत को हल्के में नहीं लेता है: विराट कोहली

### टेस्ट टीम के रूप में सम्मान मिला

**एजेंसी। लंदन**

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि भारतीय टेस्ट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को उसी की सरजमीं पर दो बार हराकर काफी सम्मान हासिल किया है और अब उन्हें पारंपरिक प्रारूप में हल्के में नहीं लिया जाता। भारत ने ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर 2018-19 और 2020-21 में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-1 के समान अंतर से टेस्ट श्रृंखला जीती।

विराट कोहली ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, शुरूआत में प्रतिद्वंद्विता काफी कड़ी थी, माहौल भी काफी तनावपूर्ण था। लेकिन जब से हमने ऑस्ट्रेलिया में दो बार जीत हासिल की है, प्रतिद्वंद्विता सम्मान में बदल गई है और अब हमें एक टेस्ट टीम के रूप में हल्के में नहीं लिया जाता है। उन्होंने कहा, हम उस सम्मान को महसूस कर सकते हैं जब हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते हैं कि उन्होंने हमें स्वदेश में लगातार दो बार हराया है और यह बराबरी की लड़ाई होगी।



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बुधवार से द ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल खेला जाएगा। इस करिश्माई भारतीय बल्लेबाज ने कहा कि वह हमेशा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित रहते हैं क्योंकि वे शायद ही कभी अपने विरोधियों को अच्छा प्रदर्शन करने का मौका देते हैं। कोहली ने कहा, मैं उस मानसिकता को समझता हूं कि सभी 11 खिलाड़ियों की सोच समान है और वे प्रत्येक मौके का फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। इसलिए इस टीम (ऑस्ट्रेलिया) के खिलाफ मेरी प्रेरणा बढ़ जाती है जो इतनी जागरूक और प्रतिस्पर्धी है कि मुझे अपने खेल के स्तर को ऊपर उठाना पड़ता है। भारत के पूर्व कप्तान का मानना है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल का नतीजा टीमों के परिस्थितियों से तालमेल और सामंजस्य बैठाने पर निर्भर करेगा। ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों ने द ओवल में संघर्ष किया है। जहां ऑस्ट्रेलिया ने अपने 38 टेस्ट मैचों में से सिर्फ सात जीते हैं, वहीं भारत यहां 14 मैचों में सिर्फ दो जीत हासिल कर पाया है। कोहली ने कहा, मुझे लगता है कि ओवल में खेलना चुनौतीपूर्ण होगा, हमें सपाट विकेट नहीं मिलेगा और बल्लेबाजों को सतर्क रहने की जरूरत है।

# श्रीकांत जीते, पीवी सिंधु और प्रणय सिंगापुर ओपन से बाहर



**एजेंसी। सिंगापुर**

किदांबी श्रीकांत ने मंगलवार को यहां दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और एचएस प्रणय सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के पहले दौर में विपरीत अंदाज में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने पुरुष एकल के पहले दौर में थाईलैंड के केंटाफोन वेंगचारोन को सीधे गेम में 21-15 21-19 से हराया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत अगले दौर में जापान के केंटा निशिमोटो और चीनी ताइपे के चियो हाओ ली के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। गत चैंपियन सिंधू को दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी जापान की अकाने यामागुची को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद एक घंटे से अधिक चले मुकाबले में तीन गेम में 21-18 19-21 17-21 से हार झेलनी पड़ी। वह पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन के भी पहले दौर में हार गईं थी। मलेशिया मास्टर्स के रूप अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने के बाद इस टूर्नामेंट में उतरे प्रणय के पास युवा कोडाई नेरोका की चुनौती का कोई जवाब नहीं था। जापान के तीसरे वरीय खिलाड़ी ने 56 मिनट चले मुकाबले में 21-15 21-19 से जीत दर्ज की। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी हालांकि लुकास कार्वी और रोनान लबार की जोड़ी को पहले दौर के मुकाबले में 21-16 21-15 से हराने में सफल रही।

# एडिडास-बीसीसीआई ने नई भारतीय क्रिकेट टीम जर्सी का किया अनावरण




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के आधिकारिक किट प्रायोजक एडिडास ने मंगलवार को खेल के सभी 3 प्रारूपों में पहनी जाने वाली राष्ट्रीय टीम की नई जर्सी का अनावरण किया है। नई किट को आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम द्वारा पहली बार पहना जाएगा। इसके बाद आगामी एकदिनी, टी-20 और टेस्ट फिक्स्चर में पुरुष, महिला और युवा टीमों द्वारा नई जर्सी का उपयोग किया जाएगा। हाल ही में एक घोषणा में एडिडास ने भारतीय क्रिकेट में एक नए युग को चिह्नित करते हुए बीसीसीआई के साथ अपनी साझेदारी की पुष्टि की। भारतीय पुरुषों, महिलाओं और अंडर-19 टीमों के लिए जर्सी, किट और अन्य वस्तुओं के डिजाइन और निर्माण के विशेष अधिकारों के साथ, नई साझेदारी एडिडास को अपने अभिनव डिजाइन और विशेषज्ञता को क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर लाने का अवसर देती है। प्रतिष्ठित टीम इंडिया की जर्सी भारत की समृद्ध विरासत और शिल्प कौशल को प्रदर्शित करती है। नई ओडीआई जर्सी भारत के राष्ट्रीय पशु - बाघ की शक्ति और निर्विवाद ताकत का प्रतिनिधित्व करती है। कपड़े को सजाने वाली जटिल डिजाइन को पारंपरिक इकत पैटर्न का उपयोग करके बुना गया है, जो बाघ की धारियों को जीवंत करता है और भारतीय क्रिकेट की आभा को दशार्ता है। पहली बार, भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा पहनी जाने वाली असली टी20, टेस्ट और वनडे जर्सी को 100% रिसाइकिल सामग्री से बनाया गया है। इसमें एडिडास का हिट ड्राई नमूना भी शामिल है, जो- एक हल्का कपड़ा होता है और खिलाड़ियों को ठंडा रखने के लिए हवा के प्रवाह को अधिकतम करता है।

# रूण ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने जा रहा है : मैट्स विलेंडर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व स्वीडिश टेनिस स्टार मैट्स विलेंडर का मानना है कि पिछले डेढ़ साल में एटीपी रैंकिंग में उल्लेखनीय वृद्धि के बाद युवा टेनिस सनसनी होल्गर रूण आने वाले वर्षों में ग्रैंड स्लैम जीत हासिल करना चाहेंगे। वर्ल्ड नंबर 6 रूण ने 2022 की शुरूआत के बाद से उल्लेखनीय प्रगति का अनुभव किया है। डेन ने पिछले साल जनवरी में दुनिया में नंबर 99वां स्थान प्राप्त किया था, लेकिन रैंकिंग के माध्यम से तेजी से चढ़ गए है। 20 वर्षीय ने पिछले साल पेरिस मास्टर्स जीता था और इस साल मोंटे कार्लो और इटैलियन ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। वह अब लगातार दूसरे साल फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं।

रूण रौलां गैरो में नाटकीय परिस्थितियों में पहली बार पांच सेट के विजेता बने, जहां छठी वरीयता प्राप्त डेन ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को मात दी और 7-6 (3), 3-6, 6-4, 1-6, 7-6(10-7) से चौथे दौर में जीत हासिल की।



नॉर्वे के कैस्पर रूड के खिलाफ रूण के क्वार्टर फाइनल मैच से पहले, जिसे उन्होंने पिछले साल ग्रैंड स्लैम के उसी चरण में खेला था, विलेंडर ने जोर देकर कहा कि डेन के पास भविष्य में ग्रैंड स्लैम जीत हासिल करने की क्षमता है।

विलेंडर ने यूरोस्पोर्ट से कहा, मैं निश्चित रूप से उनकी समस्या को सुलझाने के कौशल से बहुत प्रभावित हूं। जाहिर है, जब आप टूर्नामेंट के इस समय में पांच-सेट खेल रहे होते हैं, तो आप हमेशा थोड़ा चिंतित रहते हैं, विशेष रूप से चौथा सेट 6-1 से हारने पर।

# फॉरवर्ड लुइस डियाज की कोलंबियाई टीम में वापसी



**एजेंसी। बोगोटा**

लिवरपूल के फॉरवर्ड लुइस डियाज की इराक और जर्मनी के खिलाफ आगामी दोस्ताना मैचों के लिए कोलंबिया की टीम में वापसी हुई है। 26 वर्षीय डियाज को पिछले साल अक्टूबर में आर्सेनल के खिलाफ मैच के दौरान घुटने में चोट लग गई थी, तब से उन्होंने अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। यह मैच लिवरपूल 3-2 से हार गया था।

वह एवर्टन सेंटर-बैक येरी मीना के साथ 24-सदस्यीय टीम में शामिल हैं। मीना चोट के कारण जनवरी 2022 से राष्ट्रीय टीम से बाहर थे। हालांकि टीम में अनुभवी फारवर्ड रेडमेल फाल्काओ को जगह नहीं मिली है, जो पिछले एक साल से खराब फॉर्म और फिटनेस की समस्याओं से जूझ रहे हैं।

मुख्य कोच नेस्टर लोरेंजो ने टीम में अनकैप्ड मिडफील्डर ऑस्कर कोर्टेस और एंड्रेस सालजार को शामिल किया है, जिन्होंने अर्जेंटीना में इस साल के अंडर-20 विश्व कप में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया था। कोलंबिया 16 जून को वालेंसिया में इराक से और चार दिन बाद 20 जून को जेलसेनकिर्चेन में जर्मनी से खेलेगा।




## एशिया कप | श्रीलंका-अफगानिस्तान और बांग्लादेश ने 'हाइब्रिड मॉडल' किया खारिज

# एशिया कप से हट सकता है पाकिस्तान!




**एजेंसी। कराची**

श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के प्रस्तावित 'हाइब्रिड मॉडल' को खारिज करने के बाद मेजबान पाकिस्तान सितंबर में होने वाले एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट से हट सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख नजम सेठी द्वारा प्रस्तावित हाइब्रिड मॉडल के अनुसार पाकिस्तान को एशिया कप के तीन या चार मुकाबले स्वदेश में कराने थे जबकि भारत के मुकाबले तटस्थ स्थल पर खेले जा सकते थे। भारत के सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान का दौरा करने से इनकार करने के बाद यह विचार पेश किया गया था। हालांकि अब यह स्पष्ट हो गया है कि श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान सभी ने टूर्नामेंट को पाकिस्तान से बाहर आयोजित कराने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का समर्थन किया है।

मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, अब यह सिर्फ औपचारिकता रह गई है कि एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य वर्चुअल या सदस्यों की मौजूदगी में बैठक करें। उन्होंने कहा, लेकिन पीसीबी को अब पता है कि श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान एशिया कप के लिए उसके हाइब्रिड मॉडल के प्रस्ताव का समर्थन नहीं कर रहे। सूत्र ने कहा कि सेठी पहले ही अपनी क्रिकेट प्रबंधन समिति के सदस्यों और संबंधित सरकारी अधिकारियों के संपर्क में हैं जिससे कि स्वदेश में एशिया कप के मुकाबलों की मेजबानी का मौका नहीं मिलने की स्थिति में पाकिस्तान के रुख पर चर्चा कर सकें। सेठी ने बार-बार कहा है कि अगर टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान की जगह तटस्थ देश में होता है तो वह प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेगा और सूत्र ने कहा कि पीसीबी एशिया कप का बहिष्कार कर सकता है।

एसीसी के एक सूत्र ने कहा, पाकिस्तान के पास केवल दो विकल्प हैं। टूर्नामेंट को तटस्थ स्थान पर खेले या टूर्नामेंट से हट जाए। उन्होंने कहा, अगर पाकिस्तान नहीं खेलता है तब भी इसे एशिया कप कहा जाएगा लेकिन प्रसारणकर्ता पाकिस्तान की अनुपस्थिति में सौदे पर फिर से बातचीत करेगा।

श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और भारत सभी ने यह रुख अपनाया है कि पाकिस्तान और साथ ही किसी अन्य देश में एशिया कप की मेजबानी करना तार्किक या वित्तीय रूप से संभव नहीं है और इसे एक देश श्रीलंका में आयोजित किया जाना चाहिए क्योंकि भारत पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर सकता है। सूत्र ने यह भी कहा कि ऐसी संभावना है कि इस साल एशिया कप पूरी तरह से रद्द हो सकता है और भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान विश्व कप से पहले 50 ओवरों के प्रारूप में एक बहु टीम प्रतियोगिता खेल सकते हैं।

सूत्र ने कहा, इस बात की पूरी संभावना है कि इस साल एशिया कप का आयोजन नहीं हो पाएगा क्योंकि पाकिस्तान और भारत के मैचों के बिना प्रसारणकर्ता के उतनी राशि की पेशकश करने की संभावना नहीं है जितनी वे पाकिस्तान की मौजूदगी में एसीसी को दे रहे थे। सूत्र ने कहा कि भारत भी एशिया कप नहीं होने की स्थिति में उसी समय स्वदेश में चार या पांच देशों के टूर्नामेंट के आयोजन की तैयारी कर रहा है। श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के फैसले का इन बोर्ड के पीसीबी के साथ संबंधों पर क्या प्रभाव पड़ता है, यह देखा जाना बाकी है। पाकिस्तान ने श्रीलंका के दो टेस्ट के दौरे के दौरान वहां कुछ एकदिवसीय मैच खेलने के प्रस्ताव को पहले ही खारिज कर दिया है। श्रीलंका के एशिया कप के सभी मुकाबलों की मेजबानी की पेशकश करने के बाद पाकिस्तान ने यह कदम उठाया। सूत्र ने कहा कि हालिया घटनाक्रम पाकिस्तान को विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजने के लिए मजबूर कर सकता है।